



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 171
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper
गुरुवार | 04 अप्रैल, 2024

प्रबुद्धजन सम्मेलन में डॉक्टर्स, इंजीनियर, एडवोकेट, उद्यमी, व्यापारी समेत कई क्षेत्रों से जुड़े लोगों को किया संबोधित

# किसी को कोई संदेह नहीं, बीजेपी की होगी सुनिश्चित जीतः सीएम योगी

- मुख्यमंत्री ने आगरा के सूरसदन में प्रबुद्धजनों को किया संबोधित
- केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के लिए मुख्यमंत्री ने किया प्रचार
- इंडी गठबंधन के दलों को ढूंढने से भी नहीं मिल रहे प्रत्याशी: योगी आदित्याथ
- जो आवाज आगरा में सुनाई दे रही, वही आवाज पूरे देश में गूंज रही है: मुख्यमंत्री
- आगरा में विजय सुनिश्चित, ऐतिहासिक जीत के लिए जुट जाएं प्रबुद्धजन: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस। आगरा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को फतेहपुर सीकरी में अपनी रौ में थे। एक तरफ उन्होंने उत्तर प्रदेश के अपराधियों पर प्रहार किया तो दूसरी तरफ इंडी गठबंधन को भी खूब लताड़ा। सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल का जिक्र कर लोगों से ही फिर एक बार मोदी सरकार की हामी भरवाई तो विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस को प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी, सांसद व भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर के समर्थन में विशाल जनचौपाल को संबोधित किया। इसके बाद आगरा से प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल के समर्थन में सूरसदन में प्रबुद्धजन सम्मेलन रखा गया। यहां डॉक्टर्स, इंजीनियर, एडवोकेट, उद्यमी, व्यापारी समेत कई क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्ध लोगों को सीएम योगी ने संबोधित किया।



## माफिया में न हो डर तो गरीबों का जीना मुहाल कर देंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले अधिकांश क्षेत्रों में सूर्य अस्त होने के बाद थानों में भी ताले लग जाते थे। सामान्य नागरिकों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। अपराधी सोचते थे कि पिछली सरकारों की तरह ही यह सरकार भी रहेगी, लेकिन सरकार ने कहा कि हम जीरो टालरेंस की नीति पर चलेंगे। तुम अपराध बंद करो या कीमत चुकाने को तैयार रहो। ज्यादातर अपराधी जमानत तुड़वाकर जेल में चले गए। अब तो कह रहे हैं कि हमें जेल भी न भेजें। अब वहां भी जाने से डर रहे हैं। आप देख रहे होंगे, ज्यादातर अपराधी गली में तख्ती लगाकर घूम रहे हैं कि जिंदगी भर ठेला लगाकर पेट पाल लूंगा पर अब कुछ गलत काम नहीं करुंगा। बस एक बार जान बख्श दो। उन्होंने कहा कि कानून का डर माफिया व अपराधियों पर न हो तो यह गरीबों, व्यापारियों व सामान्य नागरिकों का जीना मुहाल कर देंगे। यूपी में हर दूसरे दिन दंगा होता था। कांग्रेस व सपा की दंगा-कर्फ्यू पॉलिसी को जिस प्रदेश ने झेला है, वहां अब दंगा-कर्फ्यू नहीं चलेगा। यह प्रदेश अब उपद्रव बर्दाश्त नहीं करेगा, बल्कि परंपरागत उत्सव के साथ जुड़ेगा। उत्सव प्रदेश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है।

## ‘यहां एयरपोर्ट बनाने की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी’

प्रबुद्धजन सम्मेलन में योगी ने कहा-आगरा में मेट्रो चली। सबसे स्पीड से आगरा में मेट्रो का काम पूरा हुआ। आगरा में एयरपोर्ट के निर्माण के बारे में किसने सोचा था। सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई हुई। सिविल टर्मिनल का निर्माण हो रहा है। यह नया भारत है, जो केवल संकल्प ही नहीं देता, बल्कि संकल्पना भी देता है। मोदी को उत्तर प्रदेश से 80 मनकों की माला पहनाएंगे। इसमें आगरा का भी नेतृत्व होगा।

## दल मिला रहे पर दिल नहीं मिल पा रहे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक ओर भाजपा के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन है तो दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो दल को मिलाना चाहते हैं, लेकिन उनके दिल नहीं मिल पा रहे हैं। इंडी गठबंधन में जो लोग हैं, उनकी स्थिति भी आप देख रहे होंगे। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने सभी सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए, लेकिन कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी, फिर भी वे गठबंधन का हिस्सा हैं। केरल में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं किया, लेकिन वे इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं। यही हाल महाराष्ट्र समेत अलग-अलग क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। इनको प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। कांग्रेस का प्रत्याशी सपा में और सपा का प्रत्याशी कांग्रेस में जा रहा है। तब किसी प्रकार जोड़तोड़ कर चुनावी अखाड़े में यह दांव आजमा रहे हैं। वहीं मतदाता पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा को आशीर्वाद देने के लिए आश्वस्त हैं।

## ‘परिवारवाद बनाम सबका साथ-सबका विकास’

प्रबुद्धजन सम्मेलन में योगी ने कहा-किसने सोचा था कि हर घर में शौचालय होगा। हर गरीब के पास घर होगा। 7 सालों में यूपी ने मोदी के मार्गदर्शन में विकास किया है। सुरक्षा की बात करते हैं तो यूपी की बात करते हैं। जब देश के अंदर इतनी बड़ी आबादी के लिए बुनियादी सुविधा हर तबके तक पहुंचाने की बात होती है, तो यूपी को एक लीड के रूप में देश में दिखता है। आज दो वर्गों में चुनाव है। एक परिवार वाले, दूसरे तुष्टिकरण वालों का। परिवारवाद बनाम सबका साथ-सबका विकास...भ्रष्टाचार बनाम जीरो टोलरेंस की नीति।

## ‘दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा’

प्रबुद्धजन सम्मेलन में योगी ने कहा- दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। आज भारतवासी दुनिया में कहीं भी जाकर गर्व से बोलता है कि मैं भारतवासी हूं। दुनिया पूछती है कि मोदी का भारत। विश्व योग दिवस पर 190 से अधिक देश जुड़ते हैं। कुंभ जैसे बड़े आयोजन यूनेस्को की सूची में आते हैं।

## हर तरफ यही आवाज, तीन लाख से लीड ले रहे एनडीए प्रत्याशी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 18वीं लोकसभा के परिणाम के बारे में जनता आश्वस्त है। हमारी तैयारी सिर्फ यही है कि हमारा प्रत्याशी कितने अधिक वोटों से लीड लेकर संसद में पहुंचता है। हर लोकसभा सीट पर यही प्रतिस्पर्धा है। मैं 25 लोकसभा सीटों पर प्रचार कर चुका हूं। सब यही कह रहे हैं कि हमारी बढ़त तीन लाख से प्रारंभ है, आगे जनता-जनार्दन का आशीर्वाद जहां तक मिल जाए, वहां तक हम लेकर जाएंगे। हम चुनाव जिताकर अपने प्रत्याशी को भेजेंगे। विकसित भारत के लिए हर किसी ने देश की बागडोर मोदी के हाथ में देने की ठानी है।

## चाहर ने किसानों के लिए समर्पित किया जीवन

- योगी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर पूरे देश में अन्नदाता किसानों के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अपना जीवन किसानों के लिए समर्पित किया है। सिर्फ यूपी ही नहीं, बल्कि देश के सभी राज्यों में जाकर वहां के किसानों की समस्या राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने रखते हैं और पीएम मोदी के नेतृत्व में उसके समाधान का मार्ग प्रशस्त कराने में भी योगदान देते हैं। सीएम ने राजकुमार चाहर जैसे जुझारू कार्यकर्ता को चुनाव जिताने का आह्वान किया।
- उन्होंने कहा कि यहां से मिले हर प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं। फतेहपुर सीकरी में आप फिर से कमल खिलाइए, विकास के लिए आपको ताकझांक नहीं करना पड़ेगा। सीएम ने कहा कि इस क्षेत्र का संबंध श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी से भी है। बटेश्वर में मैं कई बार आया हूं। अटल जी की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए वहां अनेक कार्य भी हुए हैं।
- जनचौपाल में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्या,कार्यक्रम अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, महापौर हेमलता दिवाकर, फतेहपुर सीकरी के सांसद व लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर, विधायक पक्षालिका सिंह, छोटेलाल वर्मा, भगवान सिंह कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष गिरिराज सिंह कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### बघेल बोले, लोकदल का खेंचू कमल खिलाएगा




प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा- उत्तर प्रदेश उस दौर से गुजरा है, जब बेटी-बहू घर में सुरक्षित नहीं थीं। गांव में भैंस सुरक्षित नहीं थी। एक व्यक्ति ने मुझसे कहा कि अब योगी की सरकार में भैंस बाहर रहती है, हम घर में रहते हैं। आज की सरकार में भैंस ही नहीं, उसका गोबर भी बरामद होता है। बाबा का बुलडोजर चलता है। लोकदल का खेंचू कमल खिलाएगा। लोकदल हमारी लोकसभा में महत्व रखता है। आगरा से भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल ने प्रबुद्धजन सम्मेलन में कहा- आगरा के कार्यकर्ताओं की तरफ से आश्वस्त करते हैं कि मोदी की माला में आगरा का भी एक फूल होगा। 400 पार का लक्ष्य देशवासी पूरा करेंगे। खप्पर में सोते लोगों को हर पीएम ने देखा, लेकिन हमारे पीएम मोदी ने उन्हें घर दिए, शौचालय दिए। पिछले 10 साल में भूख से एक भी मौत नहीं हुई है। 13 करोड़ गैस के सिलेंडर दिए। भाजपा को वोट क्यों दें? अगर ये सवाल तो सोचिए..भाजपा सरकार ने घर दिया, शौचालय दिए, सिलेंडर दिए, किसानों को किश्तें मिलीं, आयुष्मान कार्ड दिए, ठेले वालों को स्वनिधि का लाभ मिला।

# शामली में हादसा: टैंकर पलटने से चार लोगों की मौत, पांच गंभीर रूप से घायल



जन एक्सप्रेस। शामली

शामली जनपद में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि टैंकर पलटने से हुए हादसे में चारों लोगों की मौत हो हुई है। वहीं, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। बुधवार दोपहर को दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर एलम के निकट लिक्विड सीमेंट से भरा टैंकर खड़ा था। दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे टैंकर जैसे ही शामली की तरफ चला तो कुछ दूरी पर एलम बाईपास के निकट बाइक सवार मोनू (30) निवासी एलम को कुचल दिया। मोनू की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद चालक टैंकर को वहां से लेकर भाग निकला। करीब चार बजे वह कांधला बस स्टैंड के निकट बुढ़ाना मार्ग तिराहे पर पहुंचा तो अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया और घिसटता हुए पांच दुकानों को तोड़ते हुए डाक बंगले की दीवार को तोड़कर घुस गया। टैंकर पलटने से उसके नीचे कई लोग दब गए, जबकि कई चपेट में आकर घायल हो गए। सूचना मिलने पर एसपी अभिषेक, एएसपी संतोष कुमार सिंह, शामली व कैराना के एसडीएम व सीओ के अलावा कांधला, शामली, झिंझाना समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आठ जेसीबी व चार हाइड्रा की मदद से टैंकर को सीधा करने का प्रयास किया, लेकिन वह सीधा नहीं हो सका। कड़ी मशक्कत के बाद टैंकर को थोड़ा ऊपर उठाकर उसके नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला।

### पलटने के बाद दूर तक घिसटता चला गया टैंकर

कांधला क्षेत्र में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एलम बाईपास के पास बाइक सवार युवक को कुचल कर भाग रहा टैंकर कस्बा कांधला में बुढ़ाना तिराहे के निकट असंतुलित होकर पलट गया। टैंकर के नीचे दबने से चिकित्सक समेत तीन की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर कई जेसीबी व हाइड्रा से टैंकर के नीचे दबे तीनों शव को निकाला, लेकिन टैंकर पूरी तरह सीधा नहीं हो सका। टैंकर में लिक्विड सीमेंट भरा हुआ था।

### ये है मरने वालों में

वहीं, टैंकर के नीचे दबकर मरने वालों में कांधला के मोहल्ला शेखजादगान निवासी निजी चिकित्सक ओमवीर मलिक (55), विशाल निवासी मोहल्ला खैल विशाल और एक अज्ञात युवक है, जबकि घायलों के नाम फूल सिंह, दयाराम, उज्जवल, बलवीर व याकूब है, जिन्हें अस्पताल में ले जाया गया है। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा है और हाईवे पर वाहनों का आवागमन रोका गया है।

## बसपा ने 12 सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी, लखनऊ से सरवर मलिक को टिकट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी ने बुधवार को लखनऊ लोकसभा सीट सहित 12 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने लखनऊ से सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। गाजियाबाद से नंद किशोर पुंडीर, अलीगढ़ से हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय और मथुरा से सुरेश सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी तरह मैनपुरी सीट से गुलशन देव शाक्य, उन्नाव से अशोक कुमार पांडेय को प्रत्याशी बनाया गया है। मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को उम्मीदवार बनाया गया है। कन्नौज से इमरान, कौशाम्बी से शुभ नारायण, लालगंज से इंदू चौधरी और मिर्जापुर से मनीष त्रिपाठी को प्रत्याशी घोषित किया गया है।



## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई पूरी, हाईकोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। फिलहाल, फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। केजरीवाल ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की। इसके बाद हाईकोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को अपना जवाब पेश किया।

### केजरीवाल की ओर से सिंघवी ने रखा पक्ष

केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी अपना पक्ष रख रहे हैं। सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ पीएमएलए की धारा 50 के तहत कोई सामग्री नहीं है। ईडी ने पहला समन 30 अक्टूबर 2023 को भेजा गया है और 9वां समन 16 मार्च 2024 को भेजा गया। पहले और आखिरी समन के बीच छह महीने बीत गए। बिना किसी सबूत के केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। सिंघवी ने कहा कि यह केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार करने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है।

### वीडियो कांफ्रेंसिंग से पत्नी की केजरीवाल से हुई बात

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मंगलवार दोपहर 1:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग से पत्नी और परिवार के एक सदस्य से आधे घंटे तक बातचीत की। परिजनों ने उनकी तबीयत के बारे में जानकारी ली। केजरीवाल ने घर के अलावा दिल्ली के बारे में पूछा। परिवार के लोग केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित दिखे।

## सत्य साईं बिल्डर्स के ठिकानों पर आयकर छापा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

आयकर विभाग ने बुधवार को सत्य साईं बिल्डर्स के सात ठिकानों पर छापा मारा, जहां से टैक्स चोरी के अहम प्रमाण मिले हैं। बता दें कि बिल्डर्स के ठिकानों पर बीते दिनों जीएसटी ने भी छापा मारा था। सूत्रों के मुताबिक रीयल एस्टेट और सरकारी ठेकेदारी करने वाले सत्य साईं बिल्डर्स के संचालक रमेश गंगवार के बरेली में पांच और लखनऊ व काशीपुर के एक-एक ठिकानों पर छापा मारा गया है। राजधानी के गोमतीनगर विस्तार स्थित सरस्वती अपार्टमेंट में बिल्डर के ठिकाने पर ताला लगा मिला। इसी तरह काशीपुर में भी टीम को मकान बंद मिला है। दोनों जगहों पर आयकर विभाग के अधिकारी ताला खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं। रमेश गंगवार का कई ब्यूरोक्रेट्स के साथ करीबी संबंध भी बताया जा रहा है जिसकी पड़ताल आयकर विभाग कर रहा है।

**बात हजम नहीं हुई** लखनऊ के हवाई अड्डे पर शारजाह से आई एक फ्लाइट में 36 स्मगलर्स सवार होकर लखनऊ उतरे थे, उनके पास करीब चार करोड़ रुपये मूल्य का सोना था

# एयरपोर्ट की सुरक्षा का मजाक बनाकर 36 तस्कर फरार

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

- कस्टम विभाग के कर्मियों ने सभी 36 यात्रियों को मंगलवार को रंगेहाथों दबोच भी लिया था
- हिरासत में लिए जाने के कुछ घंटों के भीतर सभी 36 स्मगलर्स कस्टम की हिरासत से फरार हो गए
- सभी को एयरपोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा में रखा गया था, मामला खुला तो काफी देर बाद से लखनऊ पुलिस को जानकारी दी गई



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था का मखौल बनाने वाला एक मामला सामने आया है। एक ओर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश भर में आचार संहिता लगी हुई है लोगों को मानक से अधिक कैश लेकर चलने तक पर पाबंदी है। वहीं, 36 अंतरराष्ट्रीय तस्कर एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर फरार हो गए। आश्चर्य की बात है चाक चौबंद सिक्योरिटी वाले एयरपोर्ट से 36 तस्कर फरार हो गए और किसी को खबर नहीं हुई। सभी जिम्मेदार मामले पर चुप्पी साधे हैं। लखनऊ के हवाई अड्डे पर शारजाह से आई एक फ्लाइट में 36 स्मगलर्स सवार होकर लखनऊ उतरे थे और उनके पास करीब चार करोड़ रुपये मूल्य का सोना था। कस्टम विभाग के कर्मियों ने सभी 36 यात्रियों को मंगलवार को रंगेहाथों दबोच भी लिया था, लेकिन वो रहस्यमय हालात में एयरपोर्ट से फरार हो गए। हालांकि ये कहानी किसी के गले उतर नहीं रही है। कहा जा रहा है कि हिरासत में लिए जाने के कुछ घंटों के भीतर सभी 36 स्मगलर्स कस्टम की हिरासत से फरार हो गए। जबकि सभी को एयरपोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा में रखा गया था। मामला खुला तो काफी देर बाद से लखनऊ पुलिस को जानकारी दी गई, लेकिन एक भी तस्कर हत्थे नहीं चढ़ा।

### किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं हुई

इस गंभीर मामले में अभी तक डीआरआई या कस्टम विभाग ने चुप्पी साध रखी है। चूक के ऐसे गंभीर मामलों में सीबीआइ जांच और विजिलेंस इन्वेस्टिगेशन भी होता है लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं हुई है।

### सुराग तलाश रहीं सुरक्षा एजेंसियां

लखनऊ एयरपोर्ट पर इन सोने की तस्करों के पास से करीब चार करोड़ रुपये कीमत का सोना मिला था। सीआईएसएफ और डीआरआई सहित अधिकारी उनकी तलाश करने की बात कह रहे हैं। लेकिन सोने की तस्करी के संदेह में हिरासत में लिए गए 36 यात्री मंगलवार को चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों की हिरासत से कैसे भाग निकले, ये कोई बताने को तैयार नहीं है। लखनऊ पुलिस ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ मिलकर आरोपियों की बड़े पैमाने पर तलाश शुरू कर दी है। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सोना तस्करी में शामिल इन 36 लोगों को संदेह के आधार पर पर पकड़ा गया था. राजस्व खुफिया महानिदेशालय यानी डीआरआई के इनपुट पर शारजाह से आई फ्लाइट से इन यात्रियों को रोका गया था. इन यात्रियों के पास से भारी मात्रा में सिगरेट और कैश के साथ पेट में छिपाया गया सोना था. इन सभी 36 तस्करों ने पेट में लगभग 2 किलो सोना छिपाया था. दो दिन तक कस्टम की टीम में सभी 36 लोगों से पूछताछ करती रही. पूछताछ के बाद अचानक कहा गया सोना तस्करी में पकड़े गए सभी 36 लोग फरार हो गए. मंगलवार शाम एक यात्री की तबियत बिगड़ने के नाम पर सभी 36 आरोपी हो गए. मामला खुलने पर कस्टम की तरफ से लखनऊ के सरोजिनी नगर थाने में दी गई तहरीर दी गई. सोना तस्करी के शक मे पकड़े गए सभी आरोपी रामपुर टांडा के रहने वाले थे.

## आधार कार्ड बनाने व संशोधन के नाम पर पैसे का खेला जा रहा खेल

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** भारत संचार निगम के उपभोक्ता सेवा केन्द्र में आधार कार्ड बनाने व संसोधन के नाम पर खेल चल रहा है। लोगों से नियम नही बल्कि जरूरत के हिसाब रूपये लिए जा रहे हैं। नगर के मुन्ना फुलपावर चौराहा के पास स्थित डाकखाना में भारत संचार निगम का भी आफिस संचालित है। जहां पर धर्मेन्द्र कम्यूनिकेशन द्वारा उपभोक्ता सेवा केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। जिसमे आधार कार्ड बनाये जाने के साथ संसोधन और मोबाइल नम्बर जोडने के साथ बीएसएनएल की सिम भी बैंची जाती है। लेकिन सूत्रो की माने तो वहा सँसोधन के नाम पर 100 रूपये की जगह ढाई सौ और एक बीएसएनएल की सिम भी दी जा रही है। वुधवार को वैश्नवी, कृतिका आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए अपने पिता रमेश के साथ आई थी। लेकिन आधार कार्ड का काम कर रही कम्पनी के नुमाईन्दो के द्वारा उनसे प्रति आधार कार्ड 650 रूपये माँगे जा रहे थे और इतना ही नहीं उसके पुत्र के नये आधार बनाने के लिए भी 250 रूपये की मांग की है। जबकि इसकी कोई फीस नही लगती है। हालाकि यह तो महज बानगी है और उनका यह खेल वर्षो से चल रहा है।

# स्वीप कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को जागरूक कर मतदान करने के लिए करें प्रेरित: मण्डलायुक्त

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता तथा जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में बुधवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के कानून व्यवस्था तथा निर्वाचन व अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।
आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा ने कहा कि पोलिंग पार्टियों के रवाना स्थल पर दोनों विधानसभा के लिए अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित करें, जो सेक्टर तथा जोनल मजिस्ट्रेट रिजर्व ईवीएम मशीन मतदान के दिन रखेंगे, उसको अच्छी तरह से संभाल कर रखें। इस मतदान को त्योहार के रूप में मतदाता मनाएं। स्वीप के माध्यम से प्रत्येक गांव में प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही पहले मतदान फिर जलपान के स्लोगन लिखवाया जाए। मतदान के दिन बूथ के पास 200 मीटर के अंदर कोई भी राजनीतिक पंडाल आदि नहीं लगेंगे। बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर मतदाता पर्ची अवश्य बांटे ताकि जनपद में अधिक से अधिक मतदान हो सके। उन्होंने कहा कि 80 प्लस व दिव्यांग मतदाता जो बूथ पर नहीं आ सकते हैं, उनका मतदान पोस्टल बैलेट से कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को बहुत ही उत्साह के साथ हम आप सबको शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराना है। चित्रकूट भगवान श्रीराम को तपोस्थली है। यहां पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसको ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जो दिशा निर्देश तथा गाइडलाइन दी गई है, उसी के अनुसार निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष संपन्न कराना सबका दायित्व है।
उन्होंने जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक से कहा कि चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों को भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराए जाने की व्यवस्था की जाए। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान जो भारत निर्वाचन आयोग से दिशा निर्देश दिए गए हैं, उसकी जानकारी मतदान कार्मिकों को अच्छी तरह से दिया जाए ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न हो। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि गत चुनाव के अनुसार इस चुनाव में मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत से अधिक बढाना है। स्वीप के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कराकर अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करके मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जहां पर 55 प्रतिशत से कम गत चुनाव में मतदान हुआ है, उन क्षेत्रों पर घर-घर स्टीकर लगवा कर जागरूक किया जा रहा है। मण्डलायुक्त ने डीसी एनआरएलएम से कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लगाकर गांव स्तर पर आंगनबाडी, आशा, एएनएम की टीम बनाकर मतदाताओं को जागरूक करें, जिन बूथों पर मतदान अच्छा होगा, वहां के सभी कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने वाहनों की उपलब्धता, पुलिस व्यवस्था, कम्युनिकेशन प्लान, बरन्लेबुल बूथ, क्रिटिकल बूथ, 1950 सी-विजील एप, बूथों पर पेयजल, छाया, रैंप, शौचालय, फर्नीचर, बाउंड्री वॉल, प्रकाश व्यवस्था व आवागमन के रास्ते आदि की भी समीक्षा की।
पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर सभी थानों के अंतर्गत क्षेत्र में कार्यवाही कराई जाए। जिला आबकारी अधिकारी पुलिस अधिकारियों के साथ टीम बनाकर सघन अभियान चलाएं। सभी थानाध्यक्ष शस्त्र लाइसेंस शत प्रतिशत जमा कराए।
उन्होंने कहा कि वरन्लेबुल तथा क्रिटिकल बूथ जो है, वहां पर सुरक्षा की व्यवस्था अधिक कराई जा सके। साथ ही बॉर्डर बैठक भी किया जाए। जनपद में 20 मई को मतदान संपन्न होगा। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा दिशा निर्देश दिए जाते हैं, उनका अनुपालन सभी पुलिस अधिकारी कराए। पुलिस अधीक्षक से कहा कि सभी थानों के रजिस्टरों का अवलोकन अवश्य करें। बॉर्डर के बैरियर और अंतर्राज्यीय सीमा के अंतर्गत सघन जांच कराई जाए। साथ ही सभी बूथों का निरीक्षण भी करें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मण्डलायुक्त और पुलिस उप महानिरीक्षण ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने बुधवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की व्यवस्थाओं को देखते हुए राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट में बनाए गए मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मण्डलायुक्त तथा डीआईजी ने राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर पर स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाएं तथा मतगणना स्थल में पांडाल व्यवस्था, शौचालय, निर्वाचन सामग्री जमा करने की व्यवस्था, यातायात का मूवमेंट आदि विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए की अभी से ही मतगणना एवं स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव आदि मौजूद रहे।

### मैने नर्मदा के तटों पर प्राकृतिक सौंदर्य को देखा है इसे सहेज कर रखना होगा: जयप्रकाश द्विवेदी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** मैनें नर्मदा के तटों पर प्राकृतिक सौंदर्य को देखा है। इसे आने वाली पीड़ी के लिए सहेज कर रखना होगा। हमें जल, पहाड़ व वृक्षों को हर हाल में बचाना होगा। यह बात बुधवार को शहर के आफीसर कॉलोनी स्थित अपने आवास पर नर्मदा की परिक्रमा कर लौटे सेवा निवृत बैंक मैनेजर व सदर विधायक प्रतिनिधि जयप्रकाश द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा का पुराणों में खासा महत्व है। उन्होंने अपनी यात्रा 14 दिसंबर को खंडवा जिले के ओमकारेश्वर ज्यातिर्लिंग से शुरु की थी। इस दौरान वे करीब तीन हजार किलो मीटर पैदल चले। बताया कि उनकी यात्रा 31 मार्च को उसी ओंमकारेश्वर मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई जहां से शुर हुई थी। कहा कि सामान्यत: श्रद्धालु नर्मदा की परिक्रमा पैदल या वाहनों से करते हैं। कुछ लोग कठिन परिक्रमा का भी संकल्प लेते हैं। उन्होंने ने भी पिछले वर्ष नर्मदा की परिक्रमा का संकल्प लिया था। 65 वर्षीय श्री द्विवेदी ने बताया कि उन्होंने पहली बार परिक्रमा का संकल्प लिया था। पहले सोचा यह कठिन संकल्प कैसे पूरा होगा। लेकिन मां नर्मदा की कृपा से सब कुछ सहज ही हो गया। उन्होंने कहा कि नर्मदा की परिक्रमा के दौरान प्राक्रतिक सौंदर्य को बहुत ही नजदीक से देखा, हमें आगे की पीड़ी के लिए जल, पहाड़ व पेड़ों को हर हाल में सुरक्षित करना होगा। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष भाष्कर अवस्थी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता, रविन्द्र प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### भैंस चराने गए अधेड़ का रेलवे लाइन किनारे शव मिलने से मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के राहिया गांव के बाहर से निकली रेलवे लाइन किनारे अधेड़ का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के परिजनों द्वारा किसी अनहोनी होने की आशंका जताई जा रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राहिया निवासी महावीर पाल 52 वर्ष रोज की तरह मंगलवार को अपनी भैंस चराने गांव के बाहर गया हुआ था। देर शाम जब वह भैंस लेकर वापस नहीं लौटा तब परिजनों को उसकी चिन्ता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान रेलवे लाइन किनारे उसका शव देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिया। मृतक के पुत्र रविंद्र पाल और उसके भजीजे प्रमोद पाल ने अधेड़ के साथ अनहोनी होने की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल करने में लग गई है।

### नाले में गिरकर बाइक सवार शिक्षक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में मैकेनिक नगर में अनियंत्रित होकर बाइक नाले में गिर गई। जिससे बाइक पर सवार शिक्षक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एट थाना क्षेत्र के वर्ध गांव निवासी भारत सिंह 38 वर्ष रामपुरा क्षेत्र के छौना मानपुरा गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। जो परिवार सहित काफी समय से कोंच रोड स्थित मैकेनिक नगर में निवास कर रहे थे, और यहीं से स्कूल जाते थे। वह रोज की तरह मंगलवार को स्कूल से बाइक पर सवार होकर वापस घर आ रहे थे। तभी घर के समीप स्थित नाले में अचानकर गिर गए। नाले में गिरता देख मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने उन्हें मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उधर मौत की खबर मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया।

### गायब किशोरी के सकुशल वापस आने पर घर वालों व पुलिस ने ली राहत की सांस

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरदौली में रहने वाली 17 वर्षीय नाबालिग पिछले सप्ताह गायब हो गई थी। मंगलवार को गायब हुई लड़की के सकुशल वापस लौट आने पर पारिवारिक जनों व पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गायब हुई लड़की काफी दिनों से बीमार रहती थी। पिछले सप्ताह बिना बताये गायब हो गई थी। पुत्री के गायब होने पर पीड़ित पिता ने मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस प्रकरण की विवेचना ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह के द्वारा की जा रही थी। चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह के मुताबिक पारिवारिक जनों के साथ लड़की ने पुलिस के समक्ष प्रस्तुत हुई है।

### मण्डलायुक्त और पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया सड़क दुर्घटना का स्थलीय निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ बुधवार को प्रयागराज बांदा एनएच मार्ग पर विगत दिन हुए टैक्सी एवं डंफर की भिडंत से हुई सड़क दुर्घटना का स्थलीय निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त एवं डीआईजी ने सड़क दुर्घटना की जानकारी एवं दुर्घटना में हुई मृतकों के बारे में विस्तृत जानकारी करते हुए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं यातायात प्रभारी को सख्त निर्देश दिए कि ओवर लोड वाहनों व अधिक सवारी वाले वाहनों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाए, जो सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, उसमें पुलिस अधिकारियों के साथ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अभियान चलाकर भारी वाहनों, ओवर स्पीड वाहनों आदि के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बीते मंगलवार को जो दुर्घटना हुई है वह अत्यंत दुखद है।

# डीआईओएस के माध्यम से माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने शिक्षा निदेशक एवं सचिव को भेजा ज्ञापन

*** सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद के संवेदनहीन आदेश को होना चाहिए निरस्त: अजय शर्मा**

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**




उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के आवाहन पर जिलाध्यक्ष अनूप कुमार शुक्ला के नेतृत्व में बुधवार को जनपद के पदाधिकारियों ने सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद के पत्र के विरोध में शिक्षा निदेशक माध्यमिक एवं सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद को सम्बोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआई ओएस) संतोष कुमार मिश्रा को सौंपा।
प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव द्वारा किया गया आदेश संवेदनहीन है। इसको निरस्त होना चाहिए। इससे पूरे प्रदेश के शिक्षणेत्तर कर्मचारी आहत हैं। जिलाध्यक्ष अनूप कुमार शुक्ल ने बताया कि सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा एक तुगलकी फरमान जारी किया गया था। जिसमें उन्होंने जनपद के मूल्यांकन केन्द्र से मूल्यांकित हाई स्कूल व इण्टर की उत्तर पुस्तिकाओं को क्षेत्रीय कार्यालय तक ले जाने के लिए सिर्फ शिक्षणेत्तर कर्मचारी को ही कहा गया है। जबकि पूर्व में यह कार्य शिक्षक और शिक्षणेत्तर दोनों मिलकर करते थे। जिला मंत्री गंगा प्रसाद ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से शिक्षणेत्तर संघ ने अनुरोध किया है कि मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को क्षेत्रीय कार्यालय ले जाना एक प्रशासनिक कार्य हैं। इस कार्य में सुरक्षा एवं गोपनीयता की दृष्टिकोण से शिक्षणेत्तर से उच्च पद का अधिकारी होना चाहिए।
इस मौके पर यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एशोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजय कुमार, जिला मंत्री प्रदीप पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष ललक सिंह, संयोजक बाबूलाल वर्मा, मंडलीय पदाधिकारी राम गोपाल, लवकुश मिश्रा, राकेश कुमार, साधन बंधु, मान सिंह, अयोध्या प्रसाद, दशरथ सिंह, शिव कुमार मिश्रा, रामकेश, सुजीत, पुष्पेंद्र, रमेश, संजय, देव कुमार आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम पुलिस टीम द्वारा दो आरोपियों को 30 क्वार्टर देशी व 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मानिकुपर थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक मुकेश परिहार तथा आरक्षी भास्कर शुक्ला, गजेन्द्र सिंह द्वारा मो हसन उर्फ बक्कू निवासी महावीर नगर को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।
इसी प्रकार मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक गंगा चरण प्रजापति तथा मुख्य आरक्षी इकरार अहमद द्वारा गोरेलाल निवासी हन्ना विनैका को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## मंडी गेट पर खराब खड़ा ट्रक बन रहा दुर्घटना का कारण, व्यापारियों ने हटवाने की उठाई मांग




**जन एक्सप्रेस। कालपी**

विगत कई दिनो से मंडी गेट पर खडा खराब ट्रक दुर्घटना का कारण बन सकता है। क्षेत्र के किसानों व गल्ला व्यापारियों ने हटाए जाने की मांग की है।
विदित हो कि गत दिनों एसडीएम हेमन्त पटेल ने हाईवे पर वालू से भरा ओवरलोड ट्रक पकडा था। जिसे वह गल्ला मण्डी परिसर में पुलिस अभिरक्षा में खडा कराने लाए थे, लेकिन वह ट्रक मण्डी गेट पर ही खराब हो गया था और तब से वही खडा है। जिससे ट्रेक्टर ट्राली में अपनी उपज लेकर गल्ला मण्डी आने वाले किसानों को अन्दर आने जाने में भारी परेशानी हो रही है। गल्ला व्यापार मण्डल के अध्यक्ष गौतम सिंह यादव, रोशन पाल, बिन्नी वाजपेई, सुनील सिंह, माजिद अन्सारी ने एसडीएम कालपी से मण्डी के प्रवेश द्वार पर खडे ट्रक की वजह से दुर्घटना की आशँका जाहिर कर हटाये जाने की मांग की है। मण्डी सचिव आनन्द गुप्ता के मुताबिक उक्त ट्रक काफी खराब हो गया था। लेकिन पुलिस अभिरक्षा के वजह से उसमे काम नही हो पा रहा था, लेकिन ट्रक मालिक अब खनिज विभाग से उसे रिलीज कराकर ले आया है और मरम्मतीकरण का काम भी शुरू हो गया है और शीघ्र ही वह गेट से हट जाएगा।

## संगम एक्सप्रेस के लिए आज से पराया हुआ जंक्शन

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

प्रयागराज जंक्शन से ट्रेनों का दबाव कम करने के लिए रेलवे लगातार यहां से संचालित कई ट्रेनें सूबेदारगंज शिफ्ट कर रहा है। जंक्शन से चलने वाली पंडित दीन दयाल उपाध्याय मेमू, कानपुर मेमू, उधमपुर सुपरफास्ट, देहरादून एक्सप्रेस के बाद अब संगम एक्सप्रेस भी चार अप्रैल से सूबेदारगंज से ही चलेगी।
प्रयागराज जंक्शन से मेरठ सिटी जाने वाली संगम एक्सप्रेस का संचालन अब सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन से होगा। बुधवार तीन अप्रैल को प्रयागराज जंक्शन से यह आखिरी बार विदा हुई। अब बृहस्पतिवार से इसका आवागमन सूबेदारगंज स्टेशन से ही होगा। यहां प्लेटफॉर्म नंबर चार से चलाने की योजना है। प्रयागराज जंक्शन से ट्रेनों का दबाव कम करने के लिए रेलवे लगातार वहां से संचालित कई ट्रेनें सूबेदारगंज शिफ्ट कर रहा है। जंक्शन से चलने वाली पंडित दीन दयाल उपाध्याय मेमू, कानपुर मेमू, उधमपुर सुपरफास्ट, देहरादून एक्सप्रेस के बाद रेलवे अब संगम एक्सप्रेस भी चार अप्रैल से जंक्शन के बजाय सूबेदारगंज से ही चलेगी। फरवरी में ही अमर उजाला ने संगम एक्सप्रेस के सूबेदारगंज स्टेशन से संचालित होने की खबर प्रकाशित की थी। मार्च 24 में ही रेलवे ने भी इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी। अब बृहस्पतिवार चार अप्रैल से गाड़ी संख्या 14163 संगम एक्सप्रेस चार अप्रैल से शाम 5:50 बजे सूबेदारगंज से चलेगी।

## भाजपा उपाध्यक्ष हुए ठगी का शिकार

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिहौनी निवासी भाजपा उपाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि उन्हें बाइक की किस्त अप्रैल में जमा करनी थी। आरोप है कि विपिन गुप्ता ने फर्जी बजाज एडवाइजर बनकर बाइक किस्त के 4762 शीघ्र जमा कराने को कहा। देर करने पर किस्त जमा नहीं होगी। साथ ही कंपनी में आकर आधारकार्ड के साथ आना होगा, और 100 रूपये का स्टांप लगने की बात कही। जिस पर भाजपा उपाध्यक्ष ने क्यूआर कोड पर 4722 रूपये फोन पे से जमा करा दिए। बाद में जानकारी करने पर बजाज कंपनी द्वारा रुपये जमा न कराने की बात कही गई। जिस पर भाजपा उपाध्यक्ष दंग रह गया। उपाध्याय ने कोतवाली में तहरीर दे दी हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## डीएम ने मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग समिति कक्ष का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। उरई**




जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोकसभा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित कंट्रोल रूम व सूचना विभाग में मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग समिति कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे पूरी सतर्कता एवं गंभीरता पूर्वक किया जाए। जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग समिति के द्वारा प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉन मीडिया एवं सोशल मीडिया पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों पर नजर रखी जाए। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए गठित टीम सोशल मीडिया की सतत निगरानी करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भ्रामक, भड़काऊ एवं कोई असत्य घटना प्राप्त होती है तो तत्काल उसे उच्च अधिकारियों को संज्ञान में लाया जाए। मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि समिति की ओर से निरंतर समाचार पत्रों सोशल मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनलों पर पेड न्यूज और विज्ञापनों की सतत निगरानी की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित कर्मचारियों से सी विजिल ऐप पर आने वाली शिकायतों और निर्वाचन से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1950 पर आने वाली शिकायतों के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि निर्धारित समय के भीतर शिकायतों का निस्तारण भी किया जाए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## तेलंगाना एक्सप्रेस से गिरकर युवक की मौत, भाई के साथ जा रहा था हैदराबाद

**जन एक्सप्रेस। झांसी**

झांसी में एक युवक की तेलंगाना एक्सप्रेस से गिरकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक अपने चचेरे भाई के साथ हैदराबाद जा रहा था। इस दौरान वह हादसे का शिकार हो गया।
तेलंगाना एक्सप्रेस से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। वह अपने चचेरे भाइयों के साथ कानपुर से हैदराबाद जा रहा था। इसी बीच झांसी में हादसे का शिकार हो गया। शादी के कुछ समय बाद युवक की पत्नी ने दूसरी शादी कर ली थी, जिसके बाद से वह परेशान रहने लगा था।
जानकारी के अनुसार, कानपुर देहात के रसूलाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सिहुआ वीरा निवासी दीपू (29) रविवार को अपने चचेरे भाई मुनेश और विद्यासागर के साथ तेलंगाना एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच में सवार होकर हैदराबाद जा रहा था। बहनोई दिलीप कुमार ने बताया कि दीपू का दोस्त अनिल हैदराबाद में रहता है।
दीपू उससे मिलने और खेती के लिए पैसा लेने जा रहा था। चचेरे भाई विद्यासागर ने बताया कि ट्रेन के झांसी स्टेशन पहुंचने से पहले दीपू बाथरूम करने चला गया। इस बीच अचानक शोर होने लगा कि एक युवक ट्रेन से गिर गया। इसके बाद ट्रेन रुक गई। हम लोगों ने देखा तो दीपू कोच में नहीं था। ट्रेन से उतरकर तकरीबन आधा किलोमीटर पैदल चलने पर ट्रैक के पास दीपू का शव पड़ा हुआ था। उसके दोनों पैर कटे हुए थे। सूचना के बाद रेलवे की टीम मौके पर पहुंच गई। उन्होंने शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में पहुंचाया। रविवार को परिजन झांसी पहुंच गए। बता दें कि दीपू अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था।
उसकी चार बहनें रूपा, नीलम, सोनी और नीलू शादीशुदा हैं। बहन रूपा ने बताया कि पांच साल पहले दीपू की शादी हो गई थी, लेकिन एक साल बाद ही उसकी पत्नी छोड़कर चली गई और उसने दूसरी शादी कर ली थी। इसके बाद से दीपू उदास रहता था। दीपू के पिता गयाप्रसाद की दो साल पहले मौत हो गई थी। अब दीपू अपनी मां रामबेटी के साथ घर पर रहता था। दीपू की मौत की खबर सुनकर मां का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। वह बार-बार बेटे को याद कर बेसुध हो जा रही हैं।

# चित्रकूट के जंगलों से खत्म होने की कगार पर पीला पलाश

*** अब पीले पलाश की करनी पड़ सकती है तलाश**

**जन एक्सप्रेस। सचिन वन्दन**

**चित्रकूट।** जिले के जगंल में यूं तो केसरिया पलाश के पेड़ बहुतायतता में मौजूद हैं, लेकिन पीले पलाश के पेड़ बेहद कम नज़र आते हैं। पीला पलाश दुर्लभ हो गया है। कहीं लुप्त न हो जाए इसलिए संरक्षण मिलना जरूरी है।
चित्रकूट के जंगलों से पीला पलाश (टेसू) लगभग खत्म हो चुका है। यदाकदा ही जंगलों मे पीला टेसू देखने को मिलता है। दुर्लभ किस्म के पीले फूलो के पलाश के पेड़ो को संरक्षण की दरकार हैं।
अगर समय रहते वन विभाग द्वारा इसका संरक्षण नहीं किया गया तो इसकी प्रजाति पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। जबकि चित्रकूट के जंगलों मे लाल टेसू बहुतायत मात्रा मे पाया जाता है। जब कोई पीला पलाश का पेड़ नजर आता हैं, इसे दुर्लभ माना जाता है। पलाश के पेड़ को छूल, परसा, ढाक, टेसू, किंशुक, केसू आदि नामों से भी जाना जाता है। जिसके फूल बहुत ही आकर्षक होते हैं। लाल टेसू को जंगल की आग भी कहा जाता है।

### पलाश की पत्तियां भी होती है उपयोगी

पलाश के पेड़ की पत्तियों को वैवाहिक कार्यक्रम में मंडपाच्छादन के लिए और मेहमानों को भोजन कराने के लिए दोना पत्तल के रूप मे बहुत किया जाता था। ग्रामीण क्षेत्र में इसके फूलों के गहने बच्चों को बहुत भाते हैं।



वनस्पति शास्त्र के प्रोफेसर का मानना है कि पेड़, पौधों में फूलों का रंग आनुवांशिक विविधता की वजह से बदलता है। पौधों में फूलों का रंग वर्णकों की वजह से होता है। यह हर प्रजाति में विविधता को दर्शाता है।

### वन विभाग द्वारा इसका वृक्षारोपण नहीं कराया जाता

प्रत्येक वर्ष वन विभाग द्वारा बड़े एरिए मे वृक्षारोपण कराया जाता है। लेकिन एसे विलुप्त प्रजाति के औषधिय गुणों से भरपूर पौधों के संरक्षण के दिशा मे बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अगर समय रहते पीले टेसू के संरक्षण को लेकर जिम्मेदारों द्वारा प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो बचेकुचे पीले पलाश को पूरी तरह से खत्म होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

### तराई क्षेत्र मे यदाकदा नजर आता पीला टेशू

रानीपुर टाइगर रिजर्व से सटे मध्य प्रदेश क्षेत्र के मझगवां वनपरिक्षेत्र के जंगलों मे पीला टेसू विरला ही दिखता है। बुंदेलखंड के चित्रकूट के जंगलों से अधिक मझगवां के जंगल मे पीला टेसू दिखता है। जिसे संरक्षण की दरकार है। अगर इसका संरक्षण नहीं किया गया तो जल्द ही खत्म हो सकता है। पलाश उत्तर प्रदेश और झारखण्ड का राज्य पुष्प है और इसको भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक टिकट पर पब्लिश कर सम्मानित किया जा चुका है। प्राचीन काल से ही होली के रंग इसके फूलो से तैयार किए जाते रहे हैं। एक लता पलाश भी होता है। लता पलाश दो प्रकार का होता है। एक तो लाल पुष्पों वाला और दूसरा पीला पुष्पों वाला। लाल फूलों वाले पलाश का वैज्ञानिक नाम ब्यूटिया मोनोस्पर्मा है। पीला पुष्पों वाले लता पलाश को औषधीय दृष्टिकोण से अधिक उपयोगी माना जाता है। पीला फूलों वाले लता पलाश का वैज्ञानिक नाम ब्यूटिया पार्वीफ्लोरा है। जबकि लाल फूलों वाले को ब्यूटिया सुपर्बा कहा जाता है। मान्यता के अनुसार कहा जाता है कि पीले पुष्पों वाले पलाश का उपयोग औषधियों के रूप में भी किया जाता है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाये रहने के आसार हैं किंतु वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 36.0 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 22.4 (+4.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 41 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर- पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# रेप का मुकदमा दर्ज कराने वाली अभिनेत्री खुद संदेह के घेरे में





### नजीराबाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर जुटी जांच में


जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** शहर के थाना नजीराबाद क्षेत्र में रहने वाली एक युवती (अभिनेत्री)के द्वारा प्रदेश की राजधानी लखनऊ के एक एंटरटेनमेंट कंपनी के मालिक समेत चार अन्य लोगों के विरुद्ध रेप करने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना नजीराबाद में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। लेकिन रेप जैसा गंभीर आरोप लगाने वाली युवती भी संदेह के घेरे में है। कारण यह है कि युवती ने जिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के मालिक पर मुकदमा दर्ज कराया है उससे उसने करोड़ों रुपए भी वसूले हैं। जिसके संबंध में राजधानी लखनऊ के पी जी आई थाने में युवती और उसके एक साथी के विरुद्ध पहले से मुकदमा दर्ज होकर विवेचना जारी है।

रेप का मुकदमा दर्ज कराने वाली पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर लिखा है कि बीते वर्ष साजिश के तहत उसके घर तीन चार लोग वीडियो एल्बम में कार्य करने का प्रस्ताव लेकर आए और यह वादा किया कि पीड़िता को एल्बम में किसी बड़े स्टार के साथ लांच करेंगे और एल्बम में जो भी आय होगी उसमें से 50% पीड़िता को दिया जाएगा। आरोप है कि श्रेया एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के मालिक जिनका नाम हेमंत राय है उनकी बातों में पीड़िता आ गई और कार्य करने के लिए तैयार हो गई। पीड़िता के आरोपों को माने तो हेमंत कुमार राय उससे मिलने जुलने उसके घर आने जाने लगे एवं अभिनय के सम्बन्ध में सूटिंग आदि की तैयारी करने लगे। कई बार पीड़िता उसके साथ मुंबई सूटिंग के लिए भी गई बीती 09 सितंबर 2023 को होटल ताज पैलेस में रुककर हेमंत कुमार राय ने होटल के कमरे में कोल्ड ड्रिंक में नशे की गोली मिलाकर पीड़िता को पिला दिया और रेप कर नग्न फोटो और वीडियो बना लिया और इसके बाद उसे ब्लैकमेल करके जबरन उसका रेप करते रहे। आरोप यह भी है कि कई लोगों के सामने पेश कर हेमंत कुमार राय ने उसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर थाना नजीराबाद में रेप समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा हेमंत राय और उसके साथ साथ पी.महेश, विशाल सरोज, राजेश सिंह जमील अहमद के विरुद्ध दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच में जुट गई है।

### पीड़िता और संजय सिंह नाम के शख्स के विरुद्ध पहले से दर्ज है लखनऊ में जालसाजी का मुकदमा

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेप पीड़िता और उसके एक साथी संजय सिंह पर करोड़ों रुपए हड़प लेने और जालसाजी षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए, श्रेया प्रोडक्शन के मालिक व रेप के आरोपी हेमंत कुमार राय ने पुलिस कमिश्नर को इस संबंध में लिखित में शिकायत दी थी जिसकी जांच



एसीपी कैंट पंकज कुमार के द्वारा की गई और रिपोर्ट 20 फ़रवरी 2024 को डीसीपी पूर्वी को मुकदमा लिखे जाने की संस्तुति करते हुए भेजी गई। जिसके बाद 6 मार्च 2024 को थाना पीजीआई में रेप पीड़िता और उसके साथी संजय सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 120, भी 406, और 506 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया।

### संजय सिंह ने करवाई थी पीड़िता की हेमंत राय से मुलाकात

हेमंत कुमार राय ने पीजीआई थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में दर्शाया है कि युवती की मुलाकात संजय सिंह ने कराई थी। इसके बाद युवती ने आने-जाने के लिए उससे गाड़ी की बात कही तो वरना गाड़ी उसे दिला दी गई। और इसके साथ ही युवती ने जब खुद का घर न होने की बात कही और उधार पैसे मांगे तो उसे फ्लैट भी एक करोड़ 53 लाख 40 हज़ार का उसे दिला दिया गया था। हेमंत कुमार राय ने दर्ज कराए गए मुकदमे में यह भी दर्शाया है कि जब उसे प्रतीत हुआ कि संजय सिंह और युवती साथ मिलकर षड्यंत्र रच कर उसका पैसा हड़प रहे हैं तो उसने सख्ती दिखाई और अपना पैसा वापस मांगा तो युवती और संजय सिंह ने उसे फर्जी मुकदमों में फंसाने की उसे धमकी तक दे डाली थी। अब अभिनेत्री जो खुद को रेप पीड़िता का रही है उसकी तहरीर पर हेमंत कुमार राय समेत अन्य के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, समय आने पर पुलिस की कार्रवाई किस पर भारी पड़ेगी यह तो वक्त ही तय करेगा। लेकिन खुद को रेप पीड़िता कहने वाली युवती अभिनेत्री संदेह के घेरे में है और लोगों को यह लग रहा है कि यह सारा खेल पेशबंदी का है फिलहाल अंतिम निर्णय पुलिस जांच में निकाल करके आना है।


### हेमंत ने 9 सितंबर को किया रेप तो उसके बाद क्यों ली गाड़ी और बंगला

पीड़िता ने थाना नजीराबाद में जो मुकदमा दर्ज कराया है उसमें दी गई तहरीर में स्पष्ट रूप से लिखा है कि हेमंत कुमार राय ने उसके साथ होटल ताज में 9 सितंबर 2023 को रेप की घटना को अंजाम दिया था। ऐसे में पीड़ीता मुकदमा भी लिखा सकती थी। लेकिन उसी के बाद पीड़िता ने वरना गाड़ी 20 सितंबर 2023 को हेमंत कुमार राय के पैसे से ली और एक करोड़ 53 लाख 40 हजार का फ्लैट भी 18 दिसंबर 2023 को हेमंत कुमार राय के पैसे से लिया है। इस संबंध में हेमंत कुमार राय ने जितना भी ट्रांजैक्शन आरटीजीएस के माध्यम से किया है वह चर्चा का केंद्र है।

### करोड़ों रुपए वापस देने के लिए रेप पीड़िता ने किया था आरोपी संग एग्रीमेंट

मिली जानकारी के अनुसार जिस युवती ने खुद को रेप पीड़िता दर्शाते हुए थाना नजीराबाद में हेमंत कुमार राय समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है उसके द्वारा हेमंत कुमार राय को करोड़ों रुपए वापस करने के संबंध में एग्रीमेंट भी किया गया है।

# आधा दर्जन दबंगों के खिलाफ छेड़छाड़ और लूट का मुकदमा दर्ज





जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र में नाली के विवाद में दो पक्षों में कहा सुनी हो गई जिसके बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की जमकर लाठी डंडों से पिटाई कर दी जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा लिख जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पक्ष की एक महिला ने बताया कि मोहल्ले के निवासी शिवबहादुर से उनका नाली को लेकर काफी समय से विवाद है। जिसको लेकर शिवबहादुर और उनके पुत्र हमेशात गाली गलौज कर परेशान करते हैं। मंगलवार को उनके बहन के बेटे और उनके बेटे को बहाने से फोन कर अपनी ज्वेलर्स की दुकान पर बुलाया जहां सोनू दिवाकर, शिवबहादुर, बृजेंद्र यादव, विकास यादव, राज राठौर जो घात लाकर बैठे थे। मौका पाकर सभी ने लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला कर लहुलुहान कर दिया। मोबाइल और पर्स भी लूट लिया। सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को फोन कर दोनो घायलो को अस्पताल में भेजा। पीड़ित ने पुलिस से लिखित शिकायत की है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों पर लूट और छेड़छाड़ की



गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखा है। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# एक सरकारी विद्यालय ऐसा जो दे रहा है कॉन्वेंट को टक्कर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शिक्षा क्षेत्र चौबेपुर में एक विद्यालय ऐसा भी है जहां के बच्चे प्रतिदिन कुछ ना कुछ नया सीखते रहते हैं यह स्कूल है प्राथमिक विद्यालय बंसथी प्रथम यह सब संभव हो पा रहा है विद्यालय में कार्यरत शिक्षक राजन लाल के समर्पण के कारण है इनके द्वारा विद्यालय में बच्चों को बेहतर एवं मनोरंजक शिक्षण के लिए नए-नए नवाचार किये जा रहे हैं। यही नहीं इन्होंने अपने व्यक्तिगत खर्चे से तमाम संसाधन बच्चों के लिए उपलब्ध कराए हैं इसी क्रम में अपने स्कूल के सेवक क्षेत्र के गांव में दीवारों,खम्भों



आदि पर शैक्षिक सामग्री को पेंट करवा रहे हैं जिससे बच्चे जब गांव में हो तब भी उन्हें स्कूल जैसा माहौल मिले ऐसा कहना है बंसथी के ग्राम प्रधान श्री धनीराम कुशवाहा का।

उन्होंने बताया कि विद्यालय का शैक्षिक स्तर, नामांकन,उपस्थिति एवं ठहराव के लिए राजन लाल नए-नए प्रयोग करते रहते हैं। इन्होंने दीवारों पर निपुण लक्ष्य-एक अंकीय जोड़-घटाना हासिल वाले जोड़-घटाना, गुणा,भाग के सवाल कविताएं तथा बिना मात्रा एवं मात्रा वाले शब्द लिख कर अपने विद्यालय में नामांकन के लिए आकर्षित कर रहे हैं। अपने विद्यालय के बच्चों को स्वयं के खर्चे से ड्रेस, स्वेटर, आई कार्ड, टाई बेल्ट एवं बैग आदि भी देते हैं। बच्चों के प्रति उनके इस समर्पण के लिए अभिभावक, ग्रामवासी व बच्चे उनकी प्रशंसा कर रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ट्रेन की छत पर लेट कर आने वाले युवक को जीआरपी ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। शहर के कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर बुधवार/मंगलवार की रात एक बजे हमसफर एक्सप्रेस पहुंची तो अधिकारियों की नींद उड़ गई। कारण यह था कि ट्रेन की छत पर एक युवक के लेटे होने की सूचना मिलते ही रेलवे का पूरा अमला प्लेटफार्म पर पहुंच गया। । ट्रेन के ऊपर से 25000 वोल्ट की लाइन जाती है। यदि युवक खड़ा हो जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। आनन फानन में लाइन बंद कर उसे नीचे उतारा गया। नीचे उतारा गया युवक पांच घंटे तक दिल्ली से कानपुर तक नान स्टॉप ट्रेन की छत पर लेटा रहा। सबसे बड़ी बात दिल्ली से कानपुर तक किसी ने उसे देखा तक नहीं। इस दौरान ट्रेन करीब 45 मिनट तक प्लेटफार्म पर खड़ी रही। आनंद विहार टर्मिनल से हमसफर एक्सप्रेस 12572 सोमवार रात आठ बजे दिल्ली से चलकर कानपुर रात 12-53 बजे प्लेटफार्म नंबर नौ पर आई। यह गोरखपुर तक जाती है। वहां यात्रियों ने इंजन से पांचवें कोच बी-11 की छत पर एक युवक को लेटे हुआ देखा। यात्रियों ने शोर मचाया तो रेलवे के अधिकारी, आरपीएफ और जीआरपी का स्टाफ मौके पर पहुंचा। अधिकारियों द्वारा काफी मशक्कत करने के बाद युवक को सकुशल निचे उतारा गया। वही युवक की पहचान फतेहपुर निवासी दिलीप कुमार के रूप में हुई है।जिसे जीआरपी ने आरपीएफ के हवाले कर दिया।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। शहर में बुधवार को कचहरी में उस वक़्त भगदड़ मच गई जब शताब्दी गेट पर मौजूद अधिवक्ता राजीव बाजपाई के चैंबर की छत पर मकड़जाल की तरह फैले तार आपस मे शॉर्ट सर्किट कर गिर गए जिस कारण वहां मौजूद सूखे पत्तों व तारों ने आग पकड़ ली। आग लगते ही वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया। अधिवक्ता राजीव बाजपाई के अनुसार पूरे कचहरी परिसर में विद्युतीकरण नहीं है जिस कारण ऐसा हादसे होना आम है। इसके बाबत उन्होंने बार अध्यक्ष और महामंत्री से भी बात की तो पता लगा कि केस्को जीएम से कई बार इस विषय पर बात की जा चुकी है लेकिन केस्को कानपुर अधिवक्ताओं और वादकारियों की जान जोखिम में डाल रहा है। फिलहाल फायर ब्रिगेड के माध्यम से आग पर काबू पा लिया गया है किसी भी प्रकार की कोई जान हानि की खबर नही है।



### कम्पनी द्वारा 11 छात्र-छात्राओं का किया गया चयन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालयए के प्लेसमेन्ट सेल के माध्यम से 20 मार्च को हुए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का परिणाम कंपनी द्वारा 3 अप्रैल को घोषित किया गया। जिसमें कम्पनी द्वारा 11 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। प्रभारी प्लेसमेन्ट सेल डॉ.प्रभात द्विवेदी ने बताया कि इस प्लेसमेन्ट ड्राइव में आरएसपीएल कम्पनी (सोडा ऐस प्लांट गुजरात के लिए) विश्वविद्यालय कैम्पस के बी.टेक.केमिकल, मैकेनिकल एवं एम.एस.सी.केमिस्ट्री के अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का लिखित व मौखिक साक्षात्कार लिया गया। इस प्लेसमेन्ट ड्राइव में आरएसपीएल कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के बाद बी.टेक.केमिकल के कुल 3 छात्र-छात्राओं वैभव जायसवाल, सुधांशु श्रीवास्तव, प्रिंस गोस्वामी व बी.टेक. मैकेनिकल के कुल 4 छात्र अर्पित वर्मा, अमन यादव, अखिलेश कुमार, अवनीश पाल तथा एम.एस.सी.केमिस्ट्री के कुल 4 धीरज सिंह, दिव्यांशु सिंह, शुभम शुक्ला, शिवम सिंह का 2.4 लाख के सालाना पैकेज पर चयन किया गया। कुलपति ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का क्रियान्वयन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर सौरभ गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉ.वृष्टि मित्रा, रश्मि दुबे, विनय कुमार सचान आदि ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



# कंपूवासी अब झकरकटी तालाब में ले सकेंगे वोटिंग का मजा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

झकरकटी तालाब के दिन जल्द ही संवरने वाले हैं। दर्शक यहां पर वोटिंग के मजा लेने के साथ ही सुबह - शाम शुद्ध हवा में टहल भी सकेंगे। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को झकरकटी बस अड्डा स्थित तालाब का निरीक्षण किया। अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट आरके सिंह ने बताया कि झील के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में सभी औपरिकतायें पूरी कर ली गयी हैं, इस कार्य की लागत चार करोड़ है। तालाब के सुंदरीकरण के लिये गुरुवार से यहां अतिक्रमण को हटाया जायेगा। अधिकारियों ने बताया कि फर्म राम इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिया गया है। तालाब के सुंदरीकरण के लिये गुरुवार से यहां अतिक्रमण को हटाया जाएगा। जिसके बाद सुंदरीकरण का काम शुरू हो जायेगा।



तालाब के सौन्दर्यीकरण में चारों पिचिंग का कार्य, तालाब के किनारे-किनारे पाथवे, तालाब में बोटिंग का कार्य, बैठने के लिये आधुनिक सीटिंग एरिया, लाइटिंग, कैफेटेरिया, तालाब के चारों ओर गार्डनिंग का कार्य किया जाएगा।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने निर्देश दिए कि तालाब के सुंदरीकरण का कार्य को प्रत्येक दशा में निर्धारित समय-सीमा पर काम पूरा कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान उद्यान अधीक्षक डॉ. वीके सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

# शोध कार्य के लिए समझौता एम ओ यू पर किए गए हस्ताक्षर



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं केंद्रीय कृषि वानिकी अनुसंधान संस्थान झांसी के बीच शोध कार्य के लिए समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गये।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने बताया कि समझौता के अंतर्गत विश्वविद्यालय कानपुर के शोधार्थी कृषि वानिकी के विभिन्न विषयों पर केंद्रीय कृषि वानिकी अनुसंधान संस्थान झांसी में शोधकार्य कर सकेंगे तथा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में दोनों एक दूसरे को वैज्ञानिक व तकनीकी सहयोग प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय व संस्थान संयुक्त रूप से वैज्ञानिक ज्ञान सूचना जैसे शोध प्रकाशनों में संयुक्त रूप से एक दूसरे को सहयोग करेंगे। विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ.पी.के. सिंह ने बताया कि कृषि वानिकी भूमिगत जल के स्तर को बढ़ावा बढ़ाने में सहायक होता है। उन्होंने बताया कि कृषि वानिकी कृषकों को आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करने के साथ प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, सूखा आदि के प्रभावों को इसके माध्यम से कम किया जा सकता है तथा फसल के क्षतिग्रस्त होने पर वैकल्पिक स्रोत के तौर पर वानिकी का विकल्प किसानो के पास रहता है।

उन्होंने बताया कि निश्चित तौर पर दोनों संस्थान मिलकर कृषि वानिकी पर शोध कर नए आयाम स्थापित करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि वानिकी अनुसंधान संस्थान झांसी के निदेशक डॉ. ए. अरुणाचलम, अधिष्ठाता कृषि वानिकी महाविद्यालय डॉ. मुनीश कुमार और डा. एस के विश्वास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बजरंगियों ने पकड़ा प्रतिबंधित मांस, पुलिस जॉच में जुटी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के थाना मूलगंज क्षेत्र में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब रोटी वाली गली में बजरंग दल के लोगों ने प्रतिबंध पशुओं का मांस ले जाते हुए कुछ लोगों पकड़ा और थाना मूलगंज पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रतिबंधित पशु का मांस अपने कब्जे में कर जांच में जुट गई है। डीसीपी पूर्वी एस.के सिंह ने बताया की बजरंग दल के लोगो ने सूचना दी थी।जिस पर पुलिस ने आधा दर्जन पशुओं की खाल और मांस बरामद किया है।जिसमे कुछ नान अरेस्टिंग और कुछ पशुओं के मांस को जांच के लिए भेजा गया है।छानबीन की जा रही है साथ ही आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।जिससे वो दोबारा ऐसा काम ना करे। बजरंग दल के नेता कृष्णा तिवारी ने बताया की मौके से प्रतिबंधित पशु के अवशेष बरामद हुए थे जिसको पुलिस के हवाले कर कार्यवाही के लिए बोला गया है।

# पुलिस कमिश्नर से मिले व्यापारी नेता, बोले जांच दल से बचाएं



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने आचार संहिता के दौरान नगदी की जांच से कानपुर में व्यापार प्रभावित होने के कारण जांच पर रोक लगाने के संबंध में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से उनके कार्यालय में मिलकर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान सभी व्यापारियों ने एक सुर में कहा कि व्यापारियों द्वारा व्यापार का पैसा के आवागमन की जांच ना की जाए। इस दौरान पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार का कहना था कि आचार संहिता के समय चुनाव आयोग के नियम के अनुसार चेकिंग की जा रही है और जो भी व्यापारी अपना व्यापार का पैसा ले जाते हैं उनको उस पैसे के लेनदेन के कागज और बैंक पासबुक साथ में रखनी चाहिए और जिससे एफ एस टी टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दिखाएं जिससे उनका पैसा तुरंत सीज ना करके रिलीज कर दिया जाएगा। व्यापारी नेता गुरुजिन्दर सिंह का कहना था कि वर्तमान में चुनाव आयोग के निर्देश पर एफएसटी टीम जगह-जगह व्यापारियों की चेकिंग कर रही है जिससे व्यापारी और कारोबारी के अंदर डर बना हुआ है वह बाजारों में कारोबार नहीं कर पा रहे हैं जिससे वर्तमान समय में 50 त्न व्यापार खत्म की ओर है।

जिसके लिए आज पुलिस कमिश्नर से निवेदन करने आए थे कि एफएस टीम जो भी कैश लाने ले जाने की जांच कर रही है वह बाजारों में ना करके शहर के सीमाओं पर जांच करें और अगर कोई भी राजनीतिक दल कैश का आवागमन कर रहा है तो उस पर कार्रवाई की जाए। पुलिस कमिश्नर ने व्यापारियों की बात को संज्ञान में लेते हुए उचित आश्वासन दिया है कि जिलाधिकारी से बात कर जो भी संभव मदद हो सकेगी वह करेंगे।

# जैन मन्दिर में स्मार्ट क्लास का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कानपुर श्री दिगम्बर जैन विद्यालय बादशाहीनाका, कानपुर में कल स्मार्ट क्लास का शुभारम्भ श्री दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर कानपुर के अध्यक्ष हेम जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डा. अनिल कुमार जैन चांदूवाड़, मंत्री सौरभ जैन, संजय जैन, भूपेन्द्र जैन सहित प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा सिंह, शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



### झोपड़ियों में लगी आग से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। शहर में बुधवार को जाजमऊ थाना क्षेत्र के वाजिदपुर स्थित एक टेनरी की बाउंड्री से लगी हुई कुछ झोपड़ियों में आग लग गई। आग लगने का कारण पास ही में पड़े कूड़े को जलाना बताया गया रहा है ।लोगों का कहना है कि किसी ने सूखे कूड़े में आग लगाई थी जो पास ही में सूख रहे चमड़े ने पकड़ ली जिससे आस पास स्थित झोपड़ियां भी आग की जद में आ गयी।

फिलहाल किसी भी प्रकार की जनहानि की कोई खबर नहीं है आग से हुए नुकसान का अभी तक कोई आकलन नहीं हो सका है पुलिस के अनुसार जैसे ही किसी शिकायतकर्ता द्वारा किसी प्रकार की कोई तहरीर दी जाएगी तब नुकसान का आकलन कर आगे की कार्रवाई भी की जाएगी।

# राजीव गांधी पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट में 'ऊर्जा संक्रमण सुस्थिर पथ' विषय पर कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस अमेठी में बुधवार को ऊर्जा संक्रमण सुस्थिर पथ विषय पर कार्यशाला एवं ऊर्जा संक्रमण के युग में हाइड्रोकार्बन क्षेत्र, उद्योग अकादमिक पैनल चर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के पेट्रोलियम इंजीनियरिंग व भूभौतिकी अभियांत्रिकी विभाग व गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम केन्द्र द्वारा भारत सरकार के विज्ञान व इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड के सहयोग से किया गया है।इस अवसर पर उपस्थित उद्योग व अकादमिक जगत के विशेषज्ञों, विभिन्न संस्थानों आये छात्र-छात्राओं, संस्थान के प्राध्यापकों एवं छात्रों का स्वागत करते हुए संस्थान के निदेशक अखौरी सुधीर कुमार सिन्हा ने कहा कि आज के कार्यशाला का विषय बहुत ही सामयिक है। क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2021में ब्रिटेन में संपन्न कॉप 26 में कहा कि भारत वर्ष 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम होगा। प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जैव ऊर्जा से नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में संक्रमण की दिशा में यह कार्यशाला हम सभी का मार्गदर्शन करेगा।इसके माध्यम से हम लोग उद्योग एवं अकादमिक जगत में उर्जा संक्रमण के क्षेत्र में हो रहे शोध कार्यों से अवगत होंगे।साथ ही हमें अपनी आगे के शोध की दिशा निर्धारित करने में भी सहायता मिलेगी। एसएनपी ग्लोबल के शोध व विश्लेषण अनुभाग के निदेशक कलोल साहा ने ऊर्जा संक्रमण-विलय व अधिग्रहण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। आईआईटी चेन्नई के वरिष्ठ आचार्य प्रो.जी.सुरेश कुमार ने वैश्विक ऊर्जा संक्रमण के युग में तेल व गैस उद्योग की भूमिका विषय पर विचार रखे। ऑयल मैक्स एनर्जी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. रबी बस्तिया ने कोयला से हरित भविष्य तेल व गैस के साथ ऊर्जा संक्रमण का मार्ग प्रशस्तीकरण विषय पर अपने विचार रखे और कहा कि हमारे सामूहिक प्रयासों से ही भारत को एक नेट जीरो देश के रूप में विकसित किया जा सकता है।इसके लिए गहन शोध के साथ वैश्विक निवेश एवं प्रौद्योगिकी नवोन्मेष के क्षेत्र में कार्य किये जाने की आवश्यकता होगी।



कार्यक्रम का समन्वय अधिष्ठाता प्रो.आलोक कुमार सिंह,विभागाध्यक्ष प्रो.सतीश कुमार सिन्हा एवं सह-प्राध्यापक डॉ. शिवांजलि शर्मा ने किया।कार्यक्रम के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को फिपी छात्र चैप्टर के12वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन, हाइड्रोकार्बन उद्योग की नेट जीरो लक्ष्य की दिशा में कदम विषय पर किया गया है। जिसमें फिपी के महानिदेशक गुरमीत सिंह, अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट के जॉर्डन स्ट्राइकर, बीपीसीएल के कार्यकारी निदेशक एन.चंद्रशेखर, आईओसीएल के कार्यकारी निदेशक राजेश सिंह सहित कई विशेषज्ञ भाग लेंगे और अपना विचार रखेंगे।

## गले में खराश के साथ बढ़ गए सांस के रोगी

**जन एक्सप्रेस/बस्ती।** जिला अस्पताल में गले में खराश वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बदले मौसम की चपेट में आए मरीज बुखार के साथ सांस की तकलीफसे परेशान हैं। गंभीर रोगियों को भर्ती किया जा रहा है। आईसीयू फुल हो चुका है। पिछले कई दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिला है। रात में ठंडा महसूस होता है। जबकि दिन में तेज धूप के साथ गर्मी से लोग परेशान हैं। इससे वायरल फीवर, उल्टी-दस्त और गले में इंफेक्शन आदि की समस्या बढ़ गई है। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. अंकित चतुर्वेदी के कक्ष में मंगलवार को मरीजों की भीड़ थी। उन्होंने बताया कि बदले मौसम के कारण वायरल फीवर, सांस रोगी और उल्टी-दस्त से परेशान मरीज ज्यादा आ रहे हैं। गंभीर मरीज को भर्ती किया जा रहा है। शेष को दवा देकर घर भेज दिया जा रहा है। मेडिकल वार्ड में भी सभी बेड फुल दिखे। अधिकतर मरीज पेट में दर्द लिए परेशान थे। बच्चों में भी बुखार की समस्या बढ़ गई है। मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रजत पांडेय ने कहा कि मौसम में उतार-चढ़ाव वायरल संक्रमण के अनुकूल मौसम होता है। इससे बचने की जरूरत होती है। इस मौसम में एसी व कूलर का प्रयोग खतरनाक साबित हो सकता है।

# एएनएम स्टूडेंट से गैंगरेप: वीडियो भी बनाया, धमकाकर 35 हजार रुपए ऐंठे, कई बार किया शोषण

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

बस्ती में एएनएम स्टूडेंट से गैंगरेप किया गया। इतना ही नहीं आरोपियों ने रेप का वीडियो भी बना लिया। पीड़िता को धमकाया कि कहीं मुंह खोलोगी तो वीडियो वायरल कर देंगे, जान से मार देंगे। वीडियो के जरिए पीड़िता को ब्लैकमेल कर कई बार उसका शारीरिक शोषण किया, उससे 35 हजार रुपए भी ऐंठे। पीड़िता ने जब बाद में मिलने से मना कर दिया, रुपए देना बंद कर दिया तो आरोपियों ने पिता को वीडियो दिखाकर रुपए मांगे। मना करने पर वीडियो वायरल कर दिया। इसके बाद पीड़िता थाने गई। उसका आरोप है कि पुलिस पहले तो टरकाती रही। बाद में आरोपियों का हल्की धाराओं में चालान कर मामला निपटा दिया। इस कारण उसने कोर्ट में न्याय की गुहार लगाई। 21 मार्च, 2024 को कोर्ट ने थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद अब लालगंज पुलिस ने रेप सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। आरोपी अभी खुलेआम घूम रहे हैं। हमारे परिवार को धमका रहे हैं। मामला लालगंज थाना क्षेत्र का है। यहां की रहने वाली पीड़िता जिले के एक कॉलेज से एएनएम की पढ़ाई कर रही है। पीड़िता ने बताया कि वह 12 नवम्बर, 2023 को अपनी बड़ी बहन के साथ खेत देखकर वापस घर जा रही थी। इतने में गांव के चार युवक लवकुश, मुलायम, लल्ला और मनोज आ गए। वे उसे गन्ने के खेत में खींच ले गए। गाली देते हुए गिरा दिया। इसके बाद उसके साथ चारों युवकों ने रेप किया। मेरी बड़ी बहन को भी धमकाया। कहा, किसी से कुछ बोली तो जान से मार देंगे। आरोपियों ने मोबाइल से मेरा अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की बात कह ब्लैकमेल करने लगे। कई बार अलग-अलग जगह बुलाकर मेरे साथ रेप किया। आरोपियों ने वीडियो वायरल करने का डर दिखाकर मुझसे 35 हजार रुपए भी ले लिए। लेकिन उन्होंने वीडियो डिलीट नहीं किया। इसके बाद भी वो मुझे धमकाते रहे। आखिरी बार जब उन्होंने मुझे मिलने के लिए बुलाया तो मैं नहीं गई। मैंने पुलिस में शिकायत भी की, लेकिन पुलिस ने बस शांति भंग में चालान करके छोड़ दिया। एसपी से भी न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने थाना पुलिस को कार्रवाई का आदेश दिया, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। हम थाने में घंटों बैठे रहते थे। हमें टरकाकर वहां से भेज दिया जाता था। पीड़िता ने बताया, 4 मार्च को रेप के आरोपियों ने 20 हजार रुपए उसके पिता से मांगे। उनका कहना था कि रुपए ले आओ, वीडियो डीलिट कर दूंगा। धमकाया कि अगर रुपए लेकर नहीं दोगे तो तुम्हारी बेटी का वीडियो वायरल कर दूंगा। उनकी इस बात पर मेरे पिता डर गए। उन्हें लगा कि अगर वीडियो वायरल हो गया तो बेटी की बदनामी होगी। मेरे पिता ने उनसे मिन्नत की वो वीडियो डीलीट कर दें, वो किसी से कुछ नहीं बताएंगे, लेकिन आरोपी नहीं माने। आरोपियों को लगा कि रुपए नहीं मिलेंगे तो वीडियो वायरल कर दिया। मेरे गांव के लोगों ने वीडियो देख लिया। मेरी बहुत बदनामी हुई। पिता ने बताया, ''चार महीने पुराना मामला है। हमें पता नहीं चला। मेरी बेटी ने भी मुझे नहीं बताया। चार मार्च को आरोपियों ने मुझे घटना का वीडियो दिखाया। मुझसे पैसे मांगे। हमें जान से मारने की धमकी दी। जब मैंने इंकार कर दिया पैसे देने से उन्होंने कहा कि हम वीडियो वायरल कर दे रहे हैं।

# पूर्व राज्य मंत्री छोटे लाल यादव का निधन, बाराबंकी में थे सपा के स्तंभ

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

कई बार के विधायक और राज्य मंत्री रह चुके छोटे लाल यादव का आज निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से बीमार थे और लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान पूर्व राज्य मंत्री छोटेलाल यादव का निधन हो गया। वहीं छोटे लाल यादव की मौत की खबर से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर फैल गई। आपको बता दें कि छोटे लाल यादव जिले में सपा के पुराने नेता थे और वह पूर्व मुख्यमंत्री मुलाम सिंह यादव के भी काफी करीबी थे। लेकिन कुछ दिनों पूर्व ही वह समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। पूर्व राज्य मंत्री की मौत से लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। छोटेलाल यादव बाराबंकी जिले में देवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालपुर के रहने वाले थे। बाराबंकी जिले की सदर विधानसभा सीट से वह कई बार विधायक रहे और मुलाम के करीबी होने के नाते सपा सरकार में उन्होंने राज्य मंत्री पद भी संभाला। तकरीबन एक हफ्ते पहले उनकी तबीयत अचानक काफी बिगड़ी, जिसके चलते परिजनों ने उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था। लेकिन हालत में कोई खास सुधार नहीं हुआ और उनका निधन हो गया। छोटेलाल यादव के पार्थिव शरीर का उनके पैतृक गांव गोपालपुर में पूरे सम्मान के साथ में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# संगठन ने मनाया होली मिलन समारोह, एक दूसरे को दी शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

पत्रकार सुरक्षा संगठन के पत्रकारों ने अयोध्या के एक निजी स्थान पर एकत्रित होकर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया इस मौके पर सैकड़ों महिलाओ सहित पुरुष पत्रकारो ने भी एक दूसरे को होली की बधाई दी इस मौके पर भारतीय पत्रकार सुरक्षा कवच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरिक्ष महाराज व राष्ट्रीय संरक्षक चंद्र धर द्विवेदी व प्रदेश अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने सभी पत्रकारों पर पुष्प वर्षा करते हुए होली कि हार्दिक बधाई दी और सभी के सुख दुख में साथ खड़े रहने का वादा किया।

वहीं महिला प्रदेश अध्यक्ष मिताली रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार संगीता श्रीवास्तव नीलम सिंह समाजसेवी एवम वरिष्ठ पत्रकार अर्चना तिवारी ने भी सभी आये हुए पत्रकारो को होली की बधाई दी। संगठन के पदाधिकारी आदित्य कुमार वैश्य नीलेश कुमार विश्वकर्मा, उमेश यादव, दाता दीन यादव, आर डी तिवारी, शक्ति ठाकुर, स्कन्द दास, पंचम मौर्या, दिलीप तिवारी, प्रमोद कुमार साहू, दशरथ यादव आदि पत्रकारो ने पत्रकारों को होली की बधाई दी और हर सुख दुख में साथ देने की बात कही कार्यक्रम के अंत मे जिलाध्यक्ष राम प्रसाद तिवारी ने आये हुए सभी पत्रकारो एवम देशवासियो को होली की बधाई दी और सीनियर पत्रकारों से मांग की अपने जूनियर पत्रकारो को पत्रकार समझ कर छोटे भाई का दर्जा दे वही उन भ्रष्ट कथित लोगो को जो अपने आप को पत्रकार बताते हुए दूसरे अखबार के पत्रकारो को अकारण लज्जित एवम बेइज्जत करने की बात करते है अपनी आदत सुधारने की बात कही राम प्रसाद तिवारी ने बताया कि कोई अखबार छोटा या बड़ा नही होता है सर्कुलेशन कम हो सकता है सर्कुलेशन के आधार पर हम किसी को छोटा बड़ा पत्रकार नही कह सकते सभी पत्रकार एक दूसरे का सम्मान एवम सहयोग करे नही तो सभी एक एक करके भ्रष्ट प्रशासन एवम भ्रष्ट लोगों का निवाला बन जायेंगे। वहीं संगठन के अन्य पत्रकारों ने भी जो किसी कारण बस नही पहुँच पाए थे फोन पर एक दूसरे को होली की बधाई दी।



# बाराबंकी में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

जिले में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। बाराबंकी के आवास विकास मोहल्ले में पार्टी के प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय की अध्यक्षता में प्रत्याशी राजरानी रावत के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। चुनाव कार्यालय के उद्घाटन से पहले मंत्रोच्चार, हवन, पूजन हुआ इसके बाद प्रदेश महामंत्री संजय राय ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी 80 सीटों पर भाजपा अपने गठबंधन के साथ मजबूती से लड़ रही है। बाराबंकी और उत्तर प्रदेश में गठबंधन कोई चुनौती नहीं है। भाजपा ने बाराबंकी लोकसभा सीट से जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को उम्मीदवार बनाया है। मंगलवार को बाराबंकी के आवास विकास मोहल्ले में प्रत्याशी राजरानी रावत द्वारा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्रत्याशी राजरानी रावत, खाद एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा एवं अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद प्रेसवार्ता की। इस दौरान संजय राय ने कहा कि बाराबंकी और उत्तर प्रदेश में गठबंधन कोई चुनौती नहीं है। उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा अपने गठबंधन के साथ मजबूती से लड़ रही है। इसके दो उदाहरण है, कांग्रेस अभी तक रायबरेली और अमेठी, दो सीटों पर अपने प्रत्याशी नहीं दे पाई है।

# केन्द्र और प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रही है: सांसद लल्लू सिंह

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

सांसद लल्लू सिंह ने सिविल लाइन स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार जीरो टालरेंस की नीति पर भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रही है। भ्रष्टाचार को लेकर सरकार ने कड़े कदम उठाये है। इसमें शामिल हर व्यक्ति पर कार्रवाई हो रही है। परन्तु कुछ नेता है जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के सबूतों की बड़ी सूची होने के बाद भी वह घमंड के साथ अपने गुनाह को लेकर गुमराह करने वाले तर्क दे रहे है। लेकिन जनता गुमराह होने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दावा करती है कि केजरीवाल के समर्थन में रैली हुई। लेकिन कांग्रेस कहती है कि यह किसी व्यक्ति के समर्थन में रैली नहीं बल्कि गठबंधन की रैली है। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी दिल्ली में एक साथ है। लेकिन पंजाब में अलग है। बिहार में आरजेडी ने अपने उम्मीदवार पहले खड़े कर दिये। कर्नाटक में उद्धव ठाकरे ने भी अपने उम्मीदवार पहले घोषित कर दिया। यह दर्शाता है कि जहां आपस में वैचारिक मतभेद है। वहां केवल गुमराह करने वाली बातें हो रही है।




उन्होंने कहा कि भष्टाचार में लिप्त लोग एक जैसी गतिविधि कर रहे है। हर दिन नया झूठ बोलते है। देश के प्रधानमंत्री को अपशब्द कहते है। हिन्दू धर्म का विरोध करते है। घोटाले सामने आने पर जब जांच एजेन्सियां नोटिस देती है। तो पहले तो उसे इग्नोर करते है। कार्रवाई होती है तो कोर्ट जाते है। कोर्ट अगर फटकार लगाती है तो विक्टम कार्ड खेलने के साथ देश के लोकतंत्र पर खतरा बताते हुए जनता को गुमराह करने का प्रयास करते है। यह सब वह लोग कर रहे है जो बंगाल संदेशखाली की घटना पर चुप है। देश को तोड़ने की बात कहने वालों पर एक्शन के बजाए उन्हें लोकसभा टिकट देते है। धार्मिक ग्रंथो का अपमान करते है। पहले झूठे आरोप लगाते है। बाद में उससे माफी मांगते है। आज जेल में बंद भ्रष्टाचारी नेताओं को जमानत तक नहीं मिल रही है। सत्येन्द्र जैन, मनीष सिसोदिया को कोर्ट ने जमानत नहीं दी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उपर आजादी के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों की लम्बी सूची है। इसके शीर्ष नेतृत्व तक घोटाले में जेल से बेल तक चल रहे है। सपा के भ्रष्टाचार के बारे में सभी जानते है। इनके परिवारवाद से कभी उत्तर प्रदेश की जनता पीड़ित थी। सपा ने अपने शासन काल के दौरान भ्रष्टाचारियों व माफियाओं को संरक्षण प्रदान किया था। उन्होंने कहा कि रामनगरी आने वाले तीर्थयात्रियों की अपेक्षाओं को पूरा किया जा रहा है।

विकास के माध्यम से सरकार ने अयोध्या में पर्यटन सुविधाओं का अभूतपूर्व विकास किया है। विकास की इस गौरवगाथा से देश के विभिन्न क्षेत्रों से रामनगरी आने वाले तीर्थयात्री अवगत हो रहे है तथा वापस लौटने के बाद अपने क्षेत्र के लोगो को बता रहे है। अयोध्या के विकास से पूरे देश में उत्साह है। यहां सर्वांगीण विकास की अवधारणा को धरातल पर उतारा गया है।

## एसपी की सख्ती से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/गोण्डा।** कटरा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह में दूसरी दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आई है। अभी एक सप्ताह के भीतर मासूम के साथ हुए दुष्कर्म का मामला ठंडा नहीं हुआ था कि थाना क्षेत्र में दुष्कर्म की दूसरी घटना सामने आई है। सूत्रों की माने तो यह मामला एक माह पुराना है। पीड़ित महिला ने जिसकी शिकायत स्थानीय थाने में की थी। थाने की पुलिस ने दुष्कर्म जैसी वारदात में जबरन सुलह लगवाकर वापस भेज दिया था। महिला ने मामले की पूरी जानकारी पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल को दी तो उन्होंने तुरंत कटरा बाजार थाने को मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले को गंभीरता से लेने के बाद कटरा बाजार की पुलिस हरकत में आई और आनन फानन में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर अपनी पीठ थपथपा ली है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# पुलिस ने टॉवर की बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता को एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर ने बताया कि जनपद की महाराजगंज पुलिस व एंटी थेफ्ट सेल को मिली सफलता, मोबाइल टावर से बैटरी चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, मोबाइल टावर से चोरी हुई 25 बैटरी बरामद, चोरी में प्रयुक्त टाटा विंटरा लो वाहन भी बरामद, एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद, महाराजगंज पुलिस ने ऐमी घाट कुमिहा तिराहे के पास से किया गिरफ्तार, जनपद के थाना महाराजगंज, थाना तारुन और थाना पूराकलंदर क्षेत्र के मोबाइल टावर से हुई थी बैटरी चोरी, चोरी का दर्ज हुआ था मुकदमा, गिरफ्तार चोर गोविंदा चौरसिया निवासी रामपुर भगन थाना तारुन, रूप सावन उर्फ पिंटू राणा निवासी हरियापुर थरिया कला गिरोह में शामिल रहे।

## पूरी नहीं हो पाई जिरह आज फिर होगी सुनवाई

**जन एक्सप्रेस/बस्ती।** साध्वियों का यौन शोषण करने के मामले में पीड़िता की गवाही पर जिरह हुई। हालांकि, कार्रवाई पूरी न होने पर लगातार तीसरे दिन बुधवार को भी जिरह जारी रखने का आदेश दिया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश विजय कुमार कटियार की अदालत में छत्तीसगढ़ की पीड़िता ने सच्चिदानंद और उसके आश्रमों की गतिविधियों के बारे में कई सवाल पूछे गए। बाबा के साथ रहने वाले अन्य आरोपियों, सहयोगी साध्वियों, सेल्हरा आश्रम की भूमि के संबंध में भी जिरह की गई।

बता दें कि साध्वियों के यौन शोषण व सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी कथित बाबा सच्चिदानंद पर दर्ज मामलों की चार फाइलों में आरोपतय किया जा चुका है। इससे मामले में पीड़िताओं का 12 मार्च की तारीख से बयान कराया जा रहा है। 19 और 20 मार्च को गवाही व जिरह के बाद एक अप्रैल की तारीख दी गई थी। सोमवार को भी अगले दिन मंगलवार की तारीख दी गई थी।

# रेलवे रैक से बाहर नहीं जाएगा गेहूं, प्रशासन ने लगाई रोक

**जन एक्सप्रेस । गोण्डा**

सरकारी केंद्रों पर गेहूं की खरीदारी नहीं हो पा रही है। इसको लेकर प्रशासन गंभीर हो गया है। जिलाधिकारी ने जिले से गेहूं बाहर भेजने पर अस्थाई रूप से रोक से लगा दी है। डीएम ने मंडल रेल प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे को भेजे पत्र में कहा है कि कंपनी व व्यापारियों द्वारा रेल रैक के माध्यम से गेहूं भेजा जा रहा है।

गेहूं खरीद को देखते हुए गेहूं के इंडेंट पर अस्थाई रोक लगा दी जाए ताकि मूल्य समर्थन योजना का लाभ किसानों को मिले तथा सरकारी केंद्रों पर खरीदारी हो सके। जनपद में बीते 1 मार्च से गेहूं खरीद सत्र 2024 -25 से शुरुआत हो चुकी है। किसानों से गेहूं खरीदने के लिए ब्लॉक व तहसील स्तर पर 112 करें केंद्र भी बनाए गए हैं। एक महीना बीतने के बाद बड़ी मुश्किल से चार तरह केंद्रो पर 60 कुंतल गेहूं की खरीद की जा सकी है। मूल्य समर्थन योजना के तहत खरीद ना होने से शासन प्रशासन टेंशन में है। अफसरों का दावा है कि अभी फसल तैयार नहीं है इसलिए खरीदारी नहीं हो पा रही है, जबकि शासन खरीद हर हाल में करने के लिए निर्देश दे रहा है। मूल्य समर्थन योजना के तहत 2275 रुपए प्रति कुंतल के भाव से किसानों से गेहूं खरीद जाना है। लेकिन किसान क्रय केंद्र पर नहीं आ रहे हैं। शासन की ओर से गेहूं खरीदने के लिए लगातार अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है। लेकिन खरीद नहीं हो पा रही है। अफसरों के काफी मंथन के बाद यह सामने आया कि जिले के मंडी व्यापारी किसानों के घर पहुंच कर गेहूं खरीद रहे हैं।

# वैदिक ज्ञान आज भी प्रासंगिक है: राम चन्द्र यादव

**जन एक्सप्रेस । रुदौली-अयोध्या**

संस्कार,सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर की जाने वाली बहस से निकलने वाले सार से बदलाव की शुरुआत होती है।वैदिक ज्ञान आज भी प्रासंगिक है।

शांति निकेतन संस्कृत महाविद्यालय सुदामापुरी में आयोजित सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार एवम विद्वत सम्मेलन में विधायक राम चंद्र यादव ने कही। सनातन धर्म का प्रचार प्रसार पर गोष्ठी के आयोजन पर बल दिया। कहा कि संस्कृत भाषा के पुस्तकों का देश आज अन्य भाषाओं के साथ विदेशी भाषा में अनुवाद होने से सनातन संस्कृति को दुनिया समझ रही। श्री कृष्णानंद हिंदी संस्कृत महाविद्यालय रुदौली के पूर्व प्राचार्य जय राम पांडे ने संस्कृत भाषा को आमजन की भाषा बनाए जाने की दिशा में काम किए जाने पर बल दिया। विद्यालय के पूर्व प्राचार्य गिरजा शंकर पांडे ने कहा की अखंड भारत की बोलचाल की भाषा संकृत को अंग्रेजो के विदेशी आक्रांताओं ने मिटाने की हर संभव कोशिश की है।आज के समय में वैदिक संस्कृति और संस्कृत को सर्व जन के बीच लोकप्रिय बनाए जाने के लिए कार्यशाला आयोजित किए जाने की बात कही। शांति निकेतन संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार एवं विद्वत सम्मेलन में 24 बटूको का यज्ञोपवीत संस्कार वैदिक रीति रिवाज के साथ आचार्य रविकांत मिश्र ने कराया। विधायक राम चंद्र यादव ने यज्ञोपवीत संस्कार के उपरांत बटुको को सम्मानित किया। इस मौके पर प्राचार्य कन्हैया लाल मिश्र, मास्टर अरविंद रावत, विकास मिश्र, रजनीश मिश्र, बब्बन शुक्लाआदि मौजूद रहे।



## शौच को निकली महिला को लेकर भागा ट्रक चालक, पति ने लगाया गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस/गोण्डा।** शौच के लिए घर से निकली महिला को ट्रक ड्राइवर अपने साथियों के साथ भगा ले गया। घटना की सूचना थाने पर दी है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने बताया कि मंगलवार को उसकी पत्नी शौच के लिए पंचायत भवन की तरफगई थी। वहां पहले से ही अकरम अली निवासी लंबा खेड़ा पोस्ट बूधनपुर बिजनौर अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ पहले से मौजूद था। उक्त लोगों ने जबरदस्ती उनकी पत्नी को ट्रक में बैठा लिया। उसकी पत्नी शोर मचाती रही। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने मोटरसाइकिल से ट्रक का पीछा किया। लेकिन ट्रक ड्राइवर अपने साथियों के साथ उसकी पत्नी को लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना यूपी 112 को दी गई। पुलिस ट्रक को थाने ले आई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## बुलेट सवार तीन युवकों को ट्रक ने रौंदा एक की मौत-दो गंभीर, मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस/गोण्डा।** छपिया थाना क्षेत्र के मसकनवा-बभनान मार्ग पर दीननगर गुमटी के पास गन्ने से लदा ट्रक चालक ने बुलेट सवार तीन युवकों को रौंद दिया। इसमें बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए |बुधवार सुबह छपिया थाना क्षेत्र के गांव अगया माफी टैरवा निवासी विजय कुमार वर्मा(23) पुत्र मायाराम वर्मा अपने मित्र अरविन्द (21) पुत्र धनी व अभिषेक सोनी (20) पुत्र दिनेश कुमार सोनी के साथ मसकनवा बाजार जा रहे थे। मसकनवा की तरफसे गन्ना लाद कर बभनान मिल जा रहे ट्रक चालक ने मसकनवा बभनान मार्ग पर दीननगर गांव के पास बाइक सवार युवकों को रौद दिया, जिससे मौके पर ही विजय कुमार वर्मा की मौत हो गई।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 19°C |
| कानपुर | 34°C | 19°C |
| देहरादून | 28°C | 16°C |
| नई दिल्ली | 33°C | 19°C |

# कांग्रेस की सूची: मुकेश धनगर होंगे मथुरा से उम्मीदवार सीतापुर में बदला प्रत्याशी, नकुल दुबे का नाम वापस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कांग्रेस मथुरा लोकसभा क्षेत्र से मुकेश धनगर को उम्मीदवार बनाया है, जबकि सीतापुर से नकुल दुबे का टिकट काट कर राकेश राठौर पर दांव लगाया गया है। रायबरेली और अमेठी को लेकर संशय बरकरार है। कांग्रेस को गठबंधन के तहत 17 सीटें मिली हैं, जिसमें 14 की घोषणा हो चुकी है। बुधवार को मथुरा से मुकेश धनगर को उम्मीदवार घोषित किया गया है। वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और प्रदेश महासचिव भी हैं। छात्र संगठन और युवा कांग्रेस में भी विभिन्न पदों पर रहे हैं। मथुरा में धनगर समाज में गहरी पैठ है। उनका नाम पहले भी पार्टी की प्रस्तावित सूची में था। लेकिन बाद में मुक्केबाज विजेंदर सिंह को उतारने की चर्चा शुरू हुई, लेकिन ऐन मौके पर कांग्रेस ने उनके नाम पर मुहर नहीं लगाई। इसी बीच वह भाजपा में चले गए।



### पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक तीन-तीन

उम्मीदवारों की घोषणा होने के बाद कांग्रेस को आलोचना का शिकार होना पड़ा था। क्योंकि राहुल गांधी लगातार पिछड़ों की भागीदारी और जातीय जनगणना को अपनी प्राथमिकता बता रहे थे, जबकि टिकट में यह हिस्सेदारी नहीं दिख रही थी। ऐसे में शीर्ष नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश के प्रत्याशियों की स्थिति की समीक्षा की। बुधवार को घोषित दोनों उम्मीदवार पिछड़ी जाति के हैं। अब तक घोषित 14 उम्मीदवारों में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक तीन-तीन हैं। अल्पसंख्यकों में दो मुस्लिम और एक जैन हैं। बाकी बची तीन सीटों में इलाहाबाद से उज्जवल रमण सिंह का नाम तय माना जा रहा है।

### सीतापुर का टिकट बदला, राकेश राठौर होंगे उम्मीदवार

सीतापुर से कांग्रेस ने पूर्व मंत्री नकुल दुबे के उम्मीदवार घोषित किया था। वह पहले भी बसपा के टिकट पर सीतापुर से चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन स्थानीय विरोध की वजह से कांग्रेस को टिकट बदलना पड़ा। बुधवार को नकुल दुबे के स्थान पर पूर्व विधायक राकेश राठौर की घोषणा की गई है। वह भाजपा के टिकट पर विधायक बने थे, लेकिन पिछड़ों की अनदेखी का आरोप लगाकर विधानसभा चुनाव 2022 से पहले इस्तीफा दे दिया था। कुछ वक्त सपा में रहे और फिर कांग्रेस में आ गए।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, परिवार में मचा कोहराम

**घर से झगड़ा कर गुस्से में निकला था युवक, शव से कुछ दूरी पर शराब व पानी की बोतल पड़ी मिली**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र अन्तर्गत चांदपुर खानीपुर गांव के निकट रेलवे ट्रैक पर सुबह 7 बजे एक युवक का शव देखकर हाइवे पर निकल रहें राहगीरों ने इटौंजा पुलिस को सूचना दी। बता दें कि सूचना पाकर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर युवक की शिनाख्त कर घटना स्थल की जांच-पड़ताल की, जीआरपी विभाग के दरोगा व सिपाही भी घटना स्थल पर मौके पर पहुंचे। आपको बताते चलें कि इटौंजा थाना क्षेत्र के लासा गांव के युवक अर्जुन पुत्र रामाकांत उम्र 25 वर्ष का शव इटौंजा पुलिस को बुधवार सुबह रेलवे ट्रैक की पटरी के पड़ा मिला और कुछ ही दुरी पर एक शराब व पानी की बोतल बड़ी मिलीं। वहीं पुलिस का कहना है कि लखनऊ से आने वाली पैसेंजर ट्रेन से कटकर से युवक की मृत्यु हो गईं। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि चांदपुर खानीपुर गांव के निकट लासा गांव का निवासी अर्जुन उम्र 25 वर्ष रेलवे लाइन को पार कर रहा था उसी समय लखनऊ से सीतापुर जाने वाली ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसकी मृत्यु हो गईं। वहीं हल्का दरोगा व सिपाही ने पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं लासा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि कल शाम को अर्जुन परिवार जनों से झगड़ा करके निकाला था सुबह उसका शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला।

# स्वामी प्रसाद बोले: इंडिया गठबंधन में हो रही मेरी उपेक्षा मिलनी चाहिए थी पल्लवी पटेल और चंद्रशेखर को टिकट





जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद ने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल दल गठबंधन की मजबूती को लेकर गंभीर नहीं हैं। अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल और आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर तो एक-एक सीट ही मांग रहे थे। गठबंधन हित में इसे माना जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, इंडिया मेरी लगातार उपेक्षा कर रहा है, इसके बावजूद मैं गठबंधन को मजबूत देखना चाहता हूं। क्योंकि, यह समय की आवश्यकता है। हमें मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए। मालूम हो कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने खुद अपनी पार्टी से कुशीनगर सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है।

### बेटी के रोने पर उठाए सवाल

स्वामी प्रसाद मौर्य ने बरेली में अपनी बेटी संघमित्रा मौर्य के मंच पर रोने पर सवाल उठाया है। उन्होंने इसे ओछी हरकत बताते हुए कहा, राजनीति में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। जब भी संघमित्रा से मुलाकात होगी, तो इस बारे में बात करेंगे। उन्होंने इंडिया में शामिल दलों पर गठबंधन की मजबूती के लिए काम नहीं करने का भी आरोप लगाया। संघमित्रा मौर्य बदायूं से भाजपा की सांसद है, लेकिन इस बार पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया है। स्वामी प्रसाद ने मीडिया से बातचीत में कहा, राजनीति में रोना व्यक्ति की कमजोरी होती है। हम इसके पक्षधर नहीं हैं। यह नेता की छोटी सोच का परिचायक होता है। राजनेता को विचारों के साथ मैदान में ताल ठोकनी चाहिए।संघमित्रा के भविष्य को लेकर पूछे गए सवाल पर स्वामी प्रसाद ने कहा, अभी संघमित्रा भाजपा में हैं, उनका दिमाग दुरुस्त हो, तब इस बारे में बात करेंगे।

# गर्मी बढ़ते ही प्रदेश में शुरू हुई बिजली कटौती

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रदेश में बिजली की मांग दिनोंदिन बढ़ने लगी है। ऐसे में दो से ढाई घंटे की कटौती शुरू कर दी गई है। अभी तक सभी इलाके में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही थी। प्रदेश में गर्मी तेज होते ही बिजली की मांग 20 हजार मेगावाट से अधिक हो गई है। ऐसे में तहसील मुख्यालय में ढाई घंटे तक कटौती शुरू कर दी गई है। इस संबंध में सभी विद्युत वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को भी निर्देश दिए गए हैं। नए शिड्यूल के तहत तहसील मुख्यालय पर प्रतिदिन 6.10 बजे से 7.10 बजे तक और शाम 4.30 बजे से छह बजे तक कटौती की जाएगी। इसी तरह नगर पंचायतों में सुबह छह बजे से 7.30 बजे तक और शाम 4.15 बजे से 5.15 बजे तक कटौती की जाएगी। ताज ट्रिपोजियम क्षेत्र में आने वाले तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाएगी।

### कितने घंटे होनी है बिजली आपूर्ति

ग्रामीण क्षेत्र 18 घंटे, नगर पंचायत 21.30 घंटे, तहसील मुख्यालय 21.30 घंटे, जिला, मंडल एवं महानगर मुख्यालय 24 घंटे, बुंदेलखंड 20 घंटे।

# इंडी गठबंधन के पास न नेता, न नीति और न नीयत: भूपेंद्र

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने किया एनडीए प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी बुधवार को बागपत के बड़ौत में पहुंचे। उन्होंने एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यालय के शुभारंभ हवन यज्ञ में आहुति देकर किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत राज्यमंत्री केपी मलिक, बीजेपी विधायक योगेश धामा, रालोद विधायक डॉ. अजय तोमर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।उन्होंने कहा कि यूपी में न तो विपक्षी इंडी गठबंधन के पास नेता बचे हैं, न नीति है और न पारदर्शी तरीके से काम करने की नीयत है। सपा मुखिया को अपने घोषित प्रत्याशियों पर भी भरोसा नहीं है। दो-दो तीन-तीन बार उम्मीदवार बदल रहे हैं। कांग्रेस के पास अपनी परंपरागत कही जाने वाली सीट पर तो उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि अब तो चाचा भी लड़ने से इनकार कर चुके हैं। फिर भी बदायूँ में परिवार ही बरकरार रहेगा। कार्यकर्ता तो जवानी कुर्बान करने के लिए ही बना है। उसके लिए इनके पास केवल और केवल ठेंगा ही है। एक तरफ़ अखिलेश यादव पीडीए का नारा दे रहे हैं। इस नारे का असली फुल फार्म परिवार डवलपमेंट अथारिटी है। अखिलेश को अपने परिवार के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है।श्री चौधरी ने कहा की पूरा कार्यालय हमारी गतिविधियों का राजनीतिक दृष्टि से केंद्र है और हमने राष्ट्रीय लोकदल व भाजपा के सब कार्यकर्ताओं को मिलाकर चुनाव तक 26 तारीख तक हमें क्या-क्या काम करने हैं हम लोगों ने उसकी पूरी तैयारी कर ली है।उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में हुए 10 साल के काम का लेखा लेकर राष्ट्रीय लोकदल व भाजपा का गठबंधन एनडीए के सभी कार्यकर्ता जनता के बीच जाएँगे और प्रधानमंत्री का जो संकल्प है अबकी बार 400 पार उसे पूरा करेंगे। बागपत लोकसभा में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होना है, जिसको लेकर भाजपा और आरएलडी कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हैं।

# लोकसभा चुनाव: कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहती बीजेपी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**सीएम आज जायेंगे मथुरा और गोरखपुर तो बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बुलन्दशहर और अलीगढ़**

बीजेपी लोकसभा चुनाव में कोई कोर कसर बाकी नही रखना चाहती है। हर मतदाता तक सीधे संपर्क में विश्वास रखती है। पार्टी संगठन के छोटे बड़े पदाधिकारियों ने जहाँ दौरे शुरू किये हैं, वही सीएम से लेकर विधायक तक,पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष तक दिन रात एक किये हैं। असज ही देश के रक्षामंत्री और गृहमंत्री यूपी आये थे। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री ,केंद्रीय मंत्री और सांसद विधायक जुटे हैं। एक एक दिन में मुख्यमंत्री कई कई जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 04 अप्रैल को मथुरा और गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:30 बजे मथुरा के सेठ बीएन पोद्दार इंका मथुरा में भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी की नामांकन सभा में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:20 बजे गोरखपुर में गोरखपुर बांस गांव और संतकबीरनगर लोकसभा की बैठक में मार्गदर्शन करेंगे।दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी कल 04 अप्रैल को बुलन्दशहर और अलीगढ़ के प्रवास पर रहेंगे।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी दोपहर 12:45 बजे दीवान रेजिडेंसी अनूपशहर बुलन्दशहर और सायं 04 बजे ग्राम बिसारा बरौली अलीगढ़ में आयोजित बैठकों में उपस्थित रहकर मार्गदर्शन करेंगे। वही प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक 04 अप्रैल को मऊ के प्रवास पर रहेंगे।श्री पाठक सुबह 11:45 बजे एस.आर प्लाजा भुजौटी, मऊ में आयोजित घोषी लोकसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे। इसके अलावा केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा 04 अप्रैल को पीलीभीत में लोकसभा चुनाव में प्रचार हेतु प्रवास पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उधर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह 04 अप्रैल को मथुरा व मेरठ के प्रवास पर रहेंगे। स्वतंत्र देव सिंह मथुरा में सुबह 12 बजे भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के नामांकन के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। श्री सिंह शाम 06 बजे मेरठ में लोकसभा संचालन समिति की बैठक में उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह 04 अप्रैल को रामपुर के प्रवास पर रहेंगे। धर्मपाल सिंह बानी बैंक्वेट हॉल, रामपुर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर 4 अप्रैल को हापुड़ के प्रवास पर रहेंगे।श्री राठौर गोशाला पक्का बाग, हापुड़ में आयोजित मेरठ लोकसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को दोपहर 3:30 बजे सम्बोधित करेंगे।

# पूर्व डीजीपी बोले, मुख्तार को सपा ने दिया संरक्षण, पोटा के मुकदमे में भी बचाया, कांग्रेस-बसपा पर भी लगाए आरोप





जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राज्यसभा सांसद एवं पूर्व डीजीपी बृजलाल ने कहा कि माफिया मुख्तार अंसारी को समाजवादी पार्टी की सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त था। पोटा के मुकदमे में तत्कालीन मुलायम सिंह यादव की सरकार ने उसके खिलाफ पोटा का मुकदमा चलाने की अनुमति नहीं दी थी। उन्होंने कांग्रेस और बसपा पर भी हमला बोलते हुए कहा कि पंजाब की कांग्रेस सरकार ने मुख्तार को बचाने का भरकस प्रयास किया। वहीं बसपा के जिस दलित प्रत्याशी की हत्या मुख्तार ने कराई थी, उसे बाद में बसपा ने मऊ सीट से विधानसभा भेजा था। उन्होंने कहा कि मुख्तार की मौत से पूर्वी उप्र में अपराध और राजनीति की कॉकटेल का भी खात्मा हुआ है। सांसद बृजलाल के मुताबिक कृष्णानंद राय वर्ष 2002 में गाजीपुर की मोहम्मदाबाद सीट से भाजपा विधायक बने थे, जिसे अफजाल अंसारी और मुख्तार अपनी बपौती मानते थे। वह कृष्णानंद राय की हत्या करने की साजिश रचने लगे। मुख्तार के गनर रहे मुन्नर यादव ने जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय रायफल्स में तैनात अपने भांजे बाबूलाल से लाइट मशीन गन का इंतजाम करने को कहा। बाबूलाल सेना की लाइट मशीन गन और कारतूस लेकर भाग आया, लेकिन वाराणसी एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और इस केस में मुख्तार पर भी पोटा लगाया। उस दौरान मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे, जो मुख्तार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार थे। डिप्टी एसपी को इतना प्रताड़ित किया गया कि उसने इस्तीफा दे दिया। उसे वाराणसी कचहरी में हमला करने के फर्जी आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। इस मुकदमे में मुन्नर और बाबूलाल को 10-10 साल की सजा हुई, लेकिन मुख्तार के विरुद्ध पोटा में मुकदमा चलाने का अनुमति सपा सरकार ने नहीं दी। इसी तरह कृष्णानंद राय की हत्या का मुकदमा भी छूट गया कई गवाहों की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गयी, जबकि अन्य ने गवाही नहीं दी। सपा सरकार में मुख्तार को खुला संरक्षण मिलता रहा।

### मुस्लिम वोट बैंक का ध्रुवीकरण कराना चाहती थी कांग्रेस

उन्होंने कहा कि मुख्तार को कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पंजाब जेल में रखा गया, ताकि 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण कांग्रेस के पक्ष में किया जा सके। इसके जरिए कांग्रेस पूर्वी उप्र के मुस्लिमों को संदेश देना चाहती थी कि वह मुख्तार को बचा रही है। मुख्तार पर पंजाब में दर्ज वसूली के झूठे मुकदमे में पुलिस ने 90 दिन तक चार्जशीट नहीं लगाई। वहीं मुख्तार ने भी कभी जमानत नहीं मांगी। यूपी में चल रहे मुकदमों में प्रोडक्शन वारंट लेकर उसे बांदा जेल लाने की कोशिश हुई, लेकिन हर बार पंजाब सरकार टालमटोल करती रही। पंजाब के जेल मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने 13 मार्च 2021 को लखनऊ आकर मुख्तार के परिवार से मुलाकात भी की थी। तत्पश्चात यूपी सरकार को सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मुख्तार को 27 महीने बाद वापस बांदा जेल लाया जा सका। पंजाब सरकार ने मुख्तार को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में नामी वकील खड़े किये, जिन पर करीब 60 लाख खर्च हुए।

### टिकट पाने के लिए बसपा प्रत्याशी की हत्या की

बृजलाल ने कहा कि मुख्तार का राजनीतिक सफर बसपा के दलित प्रत्याशी की हत्या से शुरु हुआ था। वर्ष 1993 के विधानसभा चुनाव में कांशीराम और मुलायम सिंह यादव ने गठबंधन किया था। मुख्तार गाजीपुर सदर से बसपा का टिकट चाहता था, लेकिन कांशीराम ने अपने सहयोगी विश्वनाथ राम मुनीब को टिकट दे दिया। गाजीपुर में 20 नवंबर 1993 को मतदान से पहले रात को जब विश्वनाथ राम मुनीब बसपा कार्यालय से निकले, तो उनकी हत्या मुख्तार ने अपने गुर्गों से करवा दी। तत्पश्चात वर्ष 1994 में उपचुनाव हुआ, जिसमें मुख्तार कम्युनिस्ट पार्टी की तरफ से लड़ा, लेकिन बसपा प्रत्याशी राजबहादुर से हार गया। बाद में मुख्तार मऊ विधानसभा से बसपा के टिकट पर पहली बार विधायक बना।

# पीएम मोदी पर जनता फ़िदा है: केशव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को बुलन्दशहर में पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार भोला सिंह के नामांकन में प्रतिभाग किया। शहर के राजेबाबू पार्क में हुई नामांकन सभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जोड़ी यूपी में काम करने वाली नहीं है। 2017 में इन दोनों लड़कों की जोड़ी देख चुके हैं। जो तब भी फेल हुए थे और अब भी फेल होंगे।उन्होंने कहा कि भोला सिंह ने बीजेपी गठबंधन से नामांकन दाखिल किया है और बुलन्दशहर में इंडी गठबंधन की जमानत ज़ब्त करा देंगे क्योंकि इनके पास जनता का साथ और समर्थन दोनों है। सपा समाप्तवादी पार्टी बन गई है, कांग्रेस को उम्मीदवार भी उतारे नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नेता ज़मीन पर कहीं दिख नहीं रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता और नेता हर परिस्थिति में जनता के बीच खड़े रहे हैं। पीएम मोदी पर जनता फ़िदा है और फिर उन्हें जन आशीर्वाद मिलने वाला है।

# यूपी में फ्लॉप शो साबित होगा इंडी गठबंधन: ब्रजेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरे देश में मोदी की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन फ्लॉप शो साबित होगा। श्री पाठक ने कहा समाजवादी पार्टी को प्रत्याशी ढूढें नही मिल रहे हैं। हार का डर इस कदर हावी है कि वे बार-बार प्रत्याशी बदल रहे हैं। जो प्रत्याशी घोषित करते हैं वे लड़ने से मना कर देते हैं। उन्होंने कहा प्रदेश में विपक्ष को जीरो सीटें मिलेंगी। आज उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के साथ जुड़ करके भाजपा को अपना समर्थन और आशीर्वाद दे रही है। प्रदेश की सभी 80 सीटों पर राजग गठबंधन को विजय मिलेगी। श्री पाठक ने बुधवार को गौतमबुद्धनगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों मे हुए गरीब कल्याण के कार्यों और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीत का परिणाम है कि आज राजग गठबंधन के सभी प्रत्याशियों को समाज के सभी वर्गों का भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश मे कोई भी दल भाजपा गठबंधन का मुकाबला नही कर पा रहा है। श्री पाठक ने कहा विपक्ष हताश और निराश है।

# लोकसभा चुनाव में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की होगी अहम भूमिका

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने कहा कि लोकसभा 2024 के चुनाव में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की भूमिका अहम होने जा रही है। संयुक्त परिषद के पदाधिकारी मतदाता जागरण अभियान के माध्यम से प्रदेश के कर्मचारियों से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़े हुए संगठन, विभिन्न फील्ड वर्कर्स एसोसिएशन, प्रदेश की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से सीधे संपर्क में है। प्रदेश में कार्यरत ढाई लाख से अधिक आशा बहुएं प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत के घर घर में घुसी हुई हैं।आशा बहू और ग्रामीण जनता, विशेष कर महिलाओं के साथ उनका कंफूसिया रिश्ता है। आशा बहुएं प्रजापत तंत्र में अपनी भूमिका के माध्यमसे चुनाव को कोई भी मोड़ दे पाने में सक्षम है। खाद्य रसद विभाग के कर्मचारी राशन वितरण के माध्यमसे प्रदेश के 80 लाख से भी अधिक गरीब परिवारों से सीधे जुड़े हुए हैं।

# प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध मदिरा,नकदी आदि की जब्ती संबंधी निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध मदिरा, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 02 अप्रैल, 2024 तक कुल 106.45 करोड़ रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये, इसमें 1,896 लाख रुपये से अधिक नकद धनराशि, 3689.18 लाख रुपये कीमत की 777703.30 लीटर शराब, 4168.82 लाख रुपये कीमत की 6849530.13 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 0.43 लाख रुपये के मुफ्त उपहार एवं 112.96 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 02 अप्रैल, 2024 को कुल 193.18 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 28.94 लाख रुपये नकद धनराशि, 111.57 लाख रुपये कीमत की 32275.42 लीटर शराब, 52.18 लाख रुपये कीमत की 1135920.09 ग्राम ड्रग एवं 0.49 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।02 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद गौतमबुद्ध नगर की जेवर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 25.32 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1101300 ग्राम ड्रग तथा जनपद मथुरा की मांट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 70.13 लाख रुपये कीमत की 16399 लीटर शराब पकड़ी गयी।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### पीएचडी की बदलेगी अब सूरत-सीरत

**भारत दुनिया में सबसे तेजी बढ़ते अनुसंधान देशों में से एक है। क्यूएस रिसर्च वर्ल्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक 2017-2022 के बीच भारत के अनुसंधान उत्पादन में लगभग 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वैश्विक औसत के दो गुने से भी अधिक है, जबकि वैश्विक औसत 22 प्रतिशत है। इसमें भारत के 66 विश्वविद्यालयों को शुमार किया गया था। चीन, अमेरिका और यूके के बाद दुनिया में भारत का रिसर्च चौथे पायदान पर है। क्यूएस के मुताबिक भारत ने 2017-2022 के बीच 1.3 मिलियन अकादमिक पेपर्स तैयार किए हैं।**

*पीएचडी करने की ख्वाहिश रखने वाले युवाओं के लिए यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन-यूजीसी से बड़ी खबर आ रही है। या यूं कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए, पीएचडी की चाह रखने वाले के लिए यूजीसी ने अब नई संजीवनी से लबरेज नायाब तोहफा दिया है। 2024-25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए अब केवल एक राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा- नेट देनी होगी। यह नई शिक्षा नीति-2020 का अहम हिस्सा है। उच्च शिक्षा के शीर्ष संस्थान के इस कदम से देशभर में कई प्रवेश परीक्षाओं की अब जरूरत नहीं रहेगी। नेट परीक्षा प्रावधानों की समीक्षा के लिए नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। यूजीसी की हाल ही में हुई 578वीं बैठक के दौरान इस बड़े बदलाव को हरी झंडी दे दी गई। यूजीसी ने इसे जून से ही क्रियान्वित करने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है, एनईपी-2020 को लागू करने की सिफारिशों के संग केन्द्र सरकार ने गैरजरूरी बताते हुए एम.फिल. की विदाई कर दी थी। यूजीसी के इस फैसले के बाद देशभर में अब किसी भी सरकारी या प्राइवेट यूनिवर्सिटी में एमफिल की डिग्री नहीं दी जा रही है। नेट परीक्षा अब तक मुख्य रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप- जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर्स की नियुक्तियों की पात्रता तय करने के लिए होती रही है। अब इसका दायरा बढ़ा दिया गया है। ऑल ओवर इंडिया पीएचडी में प्रवेश के लिए नेट परीक्षा ही पात्रता होगी। पीएचडी में एडमिशन के लिए रिजल्ट उम्मीदवार के प्राप्त अंकों के साथ परसेंटाइल में जारी किया जाएगा। बताते चलें, अभी तक पीएचडी रेग्यूलेशन एक्ट-2022 के तहत जेआरएफ पास स्टुडेंट्स को ही इंटरव्यू बेस पर पीएचडी में एडमिशन मिलता रहा है। यूजीसी की ओर से नए परिवर्तन की गाइडलाइन्स का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। नए नियमों के मुताबिक जून, 2024 से यूजीसी नेट योग्य उम्मीदवारों की पात्रता तीन श्रेणियों में होगी। एक- जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के संग-संग पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र होंगे। दो- जो आवेदक जेआरएफ के बिना पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र हैं, लेकिन सहायक प्रोफेसर नियुक्ति चाहते हैं। तीन- वे पूरी तरह से पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के हकदार होंगे। नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के लिए दो और तीन श्रेणी में नेट स्कोर का वेटेज 70 प्रतिशत होगा, जबकि 30 प्रतिशत वेटेज इंटरव्यू के जरिए दिया जाएगा। यह इंटरव्यू आवेदक उम्मीदवार की चयनित यूनिवर्सिटी के अंतर्गत होगा। यह प्रमाणपत्र एक वर्ष के लिए वैध रहेगा। यदि आवेदक ने इस समयावधि में प्रवेश नहीं लिया तो इसके लिए वह अयोग्य हो जाएगा। ऐसे में अभ्यर्थी को पुनः नेट परीक्षा देनी होगी। जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान में जय अनुसंधान का जुड़ाव यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शोध के प्रति समर्पण दर्शाता है, हमारी केन्द्र सरकार वैश्विक रैंकिंग को लेकर कितनी संजीदा है। 2021-22 में पांच साल के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन- एनआरएफ का बजट 50 हजार करोड़ आवंटित हो चुका है। उम्मीद है, शोध के क्षेत्र में तरक्की की नई राहें निकलेंगी। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है, छात्रों को रिसर्च और इनोवेशन को जीने का तरीका बनाना होगा। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के फाइनल में शिरकत कर रहे छात्रों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा था, समाज में नवाचार को अब अधिक स्वीकृति मिल रही है। जय अनुसंधान का जिक्र करते हुए बोले, स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के प्रतिभागी इसके ध्वजवाहक हैं। जाने-माने शिक्षाविद प्रो. यशपाल का मानना रहा है, जिन शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान और उसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता है, न तो शिक्षा का भला कर पाती हैं और न ही समाज का।*

## एक्सप्रेस आलेख

**इंडिया गठबंधन की चोटी से लेकर प्रांत स्तर पर, समाज स्तर पर तेजस्वी और खरे नेतृत्व का नितान्त अभाव है। यह सोच का दिवालियापन ही है कि दिखते हुए भ्रष्टाचार के बावजूद उसका विरोध नहीं करके, ऐसे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिये लोकतंत्र बचाओ रैली का आयोजन हो रहे हैं। राजनीतिक भ्रष्टाचार एक कड़वी सच्चाई है, लेकिन वह भी उतना सच है कि इस मामले में कोई भी दल दूध का धुला नहीं है। राजनीति के हमाम में सब नंगे हैं। विपक्षी दल कुछ भी दावा करें, सच्चाई यह है कि राजनीतिक भ्रष्टाचार की समस्या का समाधान उनके पास भी नहीं है। राजनीति में काले धन का इस्तेमाल होता रहा है और कोई भी यह दावे के साथ कहने की स्थिति में नहीं कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा।**

# इंडिया की लोकतंत्र बचाओ महारैली के बेसुरे स्वर



ललित गर्ग

**प्रधानमंत्री ने मेरठ में चुनावी महासंग्राम की शुरुआत करते हुए कहा कि अगर विपक्षी नेता पाक-साफ़ हैं तो सुप्रीम कोर्ट उन्हें छोड़ क्यों नहीं रहा है? कुछ तो गड़बड़ होगी ही। कुल मिलाकर बयानों का तीखापन यहाँ-वहाँ आने लगा है। लोकसभा चुनाव के प्रचार में धार आ गई है। यह धार दिन ब दिन और पैनी होती जाएगी।**

दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया की लोकतंत्र बचाओं महारैली में जुटे 28 दलों के नेता आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कोई प्रभावी संदेश देने में नाकाम रहे हैं। भले ही चुनाव के ठीक पहले विपक्षी दलों ने इसके जरिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने में कामयाबी हासिल की हो। लेकिन यह एकजुटता भ्रष्ट नेताओं को बचाने की एक मुहिम ही बनकर सामने आयी है। इसमें स्पष्ट रूप से केन्द्र सरकार की भ्रष्टाचार पर गई कार्रवाई की बौखलाहट झलक रही थी। इस रैली में सभी दलों के नेताओं ने देश विकास के मुद्दों, सिद्धान्तों एवं नैतिक तकाजे की बजाय मोटे तौर पर सत्ता पक्ष की भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसी के इर्दगिर्द ही अपनी बातें रखीं। लोकतंत्र बचाओ रैली से उपजे विचारों ने किन्हीं पवित्र उद्देश्यों के बजाय सत्ता हासिल करने की लालसा को ही उजागर किया, यह निराश करने वाली रैली किसी बड़े बदलाव की वाहक बनती हुई नजर नहीं आयी। इस रैली में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शानदार जीत की संभावना से बौखलाए नेताओं की खींच ही ज्यादा सामने आयी है। यही कारण है कि रैली में जो मुद्दा जोरशोर से उठा, वह यह रहा कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गई तो लोकतंत्र भी खत्म हो जाएगा और संविधान भी। यह समझना कठिन है कि कोई दल लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करता है तो उससे लोकतंत्र और संविधान कैसे खत्म हो जाएगा। आम जनता के मतों से जीत हासिल करने वाला दल किस तरह से लोकतंत्र को ध्वस्त करने वाला हो सकता है। विपक्षी एकता का यह महाकुंभ मोदी को कोसने की बजाय किन्हीं ठोस मुद्दों के सहारे कोई प्रभावशाली विमर्श खड़ा करने की कोशिश करता तो वह आम जनता को आकर्षित करता और यही स्वस्थ राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक होता। लेकिन ऐसा न होना समूचे देश के विपक्षी दलों की नाकामी, उद्देश्यहीनता एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का द्योतक हैं। इस रैली में अनेक मुद्दे उठे, जिनमें प्रमुख रहा केंद्रीय एजेंसियों का कथित दुरुपयोग और राजनीतिक भ्रष्टाचार। प्रियंका गांधी ने इस रैली में सरकार के सामने पाँच माँगें रखीं। इनमें प्रमुख दो हैं जिनमें चुनाव आयोग से माँग की गई है कि विपक्षी नेताओं पर छापों की कार्रवाई रोकी जाए। दूसरी और महत्वपूर्ण माँग ये है कि गिरफ्तार



**भारत के कैनवास पर शांति, प्रेम, ईमानदारी, विकास और सह-अस्तित्व के रंगों की जरूरत है, पर आज इंडिया गठबंधन इन रंगों को भरने की पात्रता खोकर नायकविहीन है। रंगमंच पर नायक अभिनय करता है, राजनीतिक मंच पर नायक के चरित्र को जीना पड़ता है।**

हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। इस रिहाई की माँग के पीछे कांग्रेस का उद्देश्य बचे-खुचे संगठनों या पार्टियों को इंडिया गठबंधन से जोड़े रखना है। नीतीश कुमार और ममता बनर्जी जैसे मज़बूत खम्भे पहले ही उखड़ चुके हैं इसलिए जो कुछ बचा है उसे कांग्रेस समेटे रखना चाहती है, यही उसकी विवशता है। वैसे, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के आपसी अंतर्विरोध की छाया भी इस रैली दिखी। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि विरोध किसी खास व्यक्ति से जुड़ा नहीं बल्कि मौजूदा सरकार की तानाशाही के खिलाफ केंद्रित है। जबकि इस रैली का मकसद आम आदमी पार्टी की तरफ से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करना बताया गया। यहां आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच के अन्तर्विरोध को सहज ही समझा जा सकता है। यह रैली भले ही अठाइस दलों का जमावड़ा बनी, इसे विपक्षी दलों की एकजुटता का प्रदर्शन भी कहा गया है। लेकिन जबसे इंडिया गठबंधन बना है, तब से उसमें टूट एवं बिखराव के स्वर सुनाई दे रहे हैं। विचारभेद के साथ मनभेद भी सामने आये हैं। महाराष्ट्र से लेकर बिहार तक तमाम राज्यों में टिकट बंटवारे के सवाल पर इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों की आपसी खटपट की खबरें भी आ रही थीं। भले ही ये विवाद गिनी-चुनी सीटों को लेकर थे, लेकिन संदेश स्पष्ट था कि चुनाव सिर पर आने के बाद भी इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एकजुट नहीं हो पा रहे। रामलीला मैदान की रैली के जरिए इन दलों ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि मोदी विरोध एवं भाजपा को सत्ता से दूर करने के मुद्दों पर वे एक स्वर में बोल सकते हैं और लगातार बोलते भी रहे हैं, फिर उसके लिये इस महारैली की क्या जरूरत? निश्चित ही एकजुटता के ये स्वर बेसूरे, असहज एवं बनावटी है, इंडिया गठबंधन के राजनैतिक क्षितिज पर जो वरिष्ठ राजनेता हैं उनकी आवाज व किरदार भारतीय जीवन को प्रभावित नहीं कर रहा है। इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों की केन्द्र एवं प्रांतों की सरकारों के शासन-काल में तो अपराध, भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिकता के जबड़े फैलाए, आतंकवाद, प्रांतवाद, जातिवाद की जीभ निकाले, मगरमच्छ सब कुछ निगलता रहा है। सब अपनी जातियों और ग्रुपों को मजबूत करते रहे हैं देश को नहीं। प्रथम पंक्ति का नेता ही नहीं है जिसे मोदी के मुकाबले में खड़ा किया जा सके। भारत के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी। दो तरह के नेता होते हैं- एक वे जो कुछ करना चाहते हैं, दूसरे वे जो कुछ होना चाहते हैं। असली नेता को सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर, प्रासंगिक और अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनानी होती है। संयुक्त रूप से कार्य करें तो आज भी वे भारत को विकास की नई ऊंचाइयां दे सकते हैं। लेकिन उन्होंने सहचिन्तन को शायद कमजोरी मान रखा है। नेतृत्व के नीचे शून्य तो सदैव खतरनाक होता ही है पर यहां तो ऊपर-नीचे शून्य ही शून्य है।

## एक्सप्रेस कविता

*मैं चाहता हूं पृथ्वी बची रहे और बची रहे मिट्टी आग*
*नदिया चिड़िया झरने पहाड़ हरे हरे पेड़ रोटी चावल*
*मक्का बाजरा समंदर पुस्तकें मनुष्य के लिए जी बची*
*रहे पृथ्वी भी मनुष्य के लिए बचा रहे मनुष्य मनुष्य*
*के लिए बची रहे स्त्री की कोख नन्हीं बच्चियों*
*के लिए जो आने वालीकई पीढ़ियों को बचा सके*



*मनुष्य के लिए*
*पृथ्वी के लिए,*
*और बची रहे*
*मानवता नन्ही*
*बच्चियों चिड़ियों*
*फूल पत्तियों और*
*कलियों के लिए।*

**संजीव ठाकुर**

## एक्सप्रेस ज्ञान

*अगर एक हारा हुआ इंसान हारने के बाद भी मुस्करा दे तो जीतने वाला भी जीत की खुशी खो देता है ये है मुस्कान की ताकत*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | दशमी 16:14 तक |
| नक्षत्र: | श्रवण 20:11 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | सिद्ध, 13:15 |
| सूर्योदय: | 06:08 |
| सूर्यास्त: | 18:39 |
| चंद्रमा: | मकर राशि में |
| राहुकाल: | 13:58-15:32 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | चैत्र |
| शुभ मुहूर्त: | 12:00-12:48 |

## जन एक्सप्रेस

### छोड़ रहे सब बाण !

*वादे और दावे का ।*
*छोड़ रहे सब बाण ।।*
*चल रहीं जो खबरें ।*
*हैं उसका प्रमाण ।।*
*अपने अपने पाले में ।*
*है करने का काल ।।*
*एक दूसरे से शुरू ।*
*है अभी सवाल ।।*
*हम ही हैं शुभचिंतक ।*
*याद है दिलाया ।।*
*रखना थोड़ा धैर्य ।*
*है उनका सफाया ।।*
*चालू है प्रचार ।*
*है यही निचोड़ ।।*
*ना जब तक परिणाम ।*
*हम ही हैं बेजोड़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मिश्रीकंद खाने से सेहत को मिलते हैं 5 फायदे



**मिश्रीकंद** आलू की तरह दिखने वाला एक फल है। इसका स्वाद खाने में थोड़ा सा फीका और मीठा होता है। पुराने दौर में लोग भरपूर मात्रा में मिश्रीकंद को खाना पसंद करते थे। लेकिन फैंसी फूड आइटम के जमाने में मिश्रीकंद फल कहीं खो सा गया है। विशेषतौर पर बसंत पंचमी की पूजा में मिश्रीकंद फल का इस्तेमाल जरूर किया जाता था। मिश्रीकंद में प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन सी, फोलेट, आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। मिश्रीकंद का सेवन करने से पाचन संबंधी समस्याओं से लेकर इम्यून सिस्टम तक को स्ट्रांग बनाने में मदद मिलती है। मिश्रीकंद को डाइट में किस तरह शामिल करना चाहिए और इसे खाने से सेहत को क्या फायदे मिलते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटिशियन पूजा सिंह का कहना है कि मिश्रीकंद में हाई फाइबर पाया जाता है। फाइबर का सेवन करने से पाचन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है। फाइबर आंतों में गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देता है और कब्ज को रोकने में मदद करता है। मिश्रीकंद का नियमित सेवन करने से गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि जो लोग डाइटिंग के जरिए वजन घटाने की प्लानिंग करते हैं, मिश्रीकंद उनके लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। लगभग 100 ग्राम मिश्रीकंद में 90 से 95 मिलीग्राम फाइबर होता है। फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करवाता है। जिसकी वजह से भूख को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। जिन लोगों को छोटे-छोटे मील्स खाने की आदत होती है, उनके लिए मिश्रीकंद काफी फायदेमंद होता है। ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने में भी मिश्रीकंद काफी फायदेमंद होता है। मिश्रीकंद में ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिसका अर्थ है कि इसका सेवन करने पर ब्लड शुगर पर किसी तरह का प्रभाव नहीं पड़ता है। डाइटिशियन का कहना है कि डाइट में संतुलित मात्रा में मिश्रीकंद को शामिल करने से शरीर में ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित करने और इंसुलिन स्पाइक के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। मिश्रीकंद का सेवन करने से कैंसर के खतरे को कम करने में मदद मिलती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट विटामिन सी और ई, सेलेनियम और बीटा-कैरोटीन होता है। यह पोषक तत्व शरीर में कैंसर सेल्स को बढ़ाने से रोकते हैं। साथ ही शरीर में नई कोशिकाओं के निर्माण में भी मदद करते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# नक्सलवाद पर मध्य प्रदेश की मोहन सरकार का ठोस प्रहार



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**कहना होगा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के सख्त निर्देश अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति एवं पुलिस के नक्सल समापन के अभियान का ही यह असर है कि राज्य में नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं या फिर भाग रहे हैं। जिन्हें लग रहा है कि वे बचेंगे नहीं।**

**देश** में लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में मध्य प्रदेश की मोहन सरकार शांति से मतदान सम्पन्न हों, इसके लिए अपने अथक प्रयास करती हुए नजर आ रही है, जिसमें कि छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र राज्यों से लगे सीमावर्ती जिलों में नक्सली गतिविधि पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए कठोर कार्रवाई शुरू है। इसी का यह परिणाम है कि मध्य प्रदेश में या तो नक्सली मारे जा रहे हैं या फिर उन्हें राज्य छोड़कर भागना पड़ रहा है। ताजा घटनाक्रम 29 लाख की इनामी महिला नक्सली डीवीसीएम सजन्ति उर्फ क्रांति जोकि डिस्ट्रिक्ट कमांडेट थी का मारा जाना है, इसके साथ ही एक 14 लाख का इनामी नक्सली रघु उर्फ शेरसिंह भी मारा गया है। रघु पर तीन राज्यों की पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा था। इससे पहले मध्य प्रदेश पुलिस की हॉकफोर्स को एक और बड़ी सफलता मिली थी। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत चकरवाहा जंगल क्षेत्र में सर्चिंग कर रही कोबरा 207 और हॉकफोर्स की संयुक्त टीम की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें कोबरा 207 और हॉकफोर्स द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई से नक्सली घने जंगल में भाग गए थे । इस मुठभेड़ में कुछ नक्सली बुरी तरह से घायल हुए थे। जो सामान कोबरा 207 और हॉकफोर्स की संयुक्त टीम के हाथ लगा, सूचनाओं के

**प्रदेश की भाजपा सरकार को श्रेय दिया जाना चाहिए कि भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प पत्र पर पूरी तरह अमल करती हुई दिखाई दे रही है। नक्सलवाद का खात्मा करना उसके संकल्प पत्र का ही एक प्रमुख कार्य है । वहीं, मध्य प्रदेश में बनी नई मोहन सरकार भी यह संदेश पहले दिन से ही देने में सफल हुई है कि अपराधियों के लिए उसके पास कोई जगह नहीं, जो गलत है उसे दण्ड मिलेगा।**

नजरिए से फोर्स के लिए वह बहुत काम का साबित हुआ है। इसी प्रकार से डॉ. मोहन यादव की भाजपा सरकार के गठन के वक्त भी एक बड़ी कार्रवाई नक्सलियों पर की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान भी नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाने में फोर्स को सफलता मिली थी। मध्य प्रदेश पुलिस की हॉकफोर्स ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 14 लाख रुपये के इनामी नक्सली मड़काम हिड़मा उर्फ चैतु (32) को मार गिराया था। हिड़मा, एमएमसी (मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन की जीआरबी (गोंदिया, राजनांदगांव, बालाघाट) डिविजन के एसजेडसीएम (स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर) राजेश उर्फ दामा का विश्वस्त सहयोगी था। हिड़मा पूर्व में माओवादियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी की चेतना नाट्य मंच तथा प्लाटून का सदस्य रहा है। वह पुलिस बल पर हमले की विभिन्न घटनाओं में शामिल रहा है। नक्सली हिड़मा का भाई सीतु मड़काम उर्फ सीतु मुचाकी माओवादियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी के अंतर्गत सक्रिय प्लाटून नंबर 13 का डिप्टी कमांडर है।माओवाद के विस्तार के लिए इसे दो वर्ष पूर्व एमएमसी जोन में भेजे जाने की सूचनाएं आत्मसमर्पित नक्सलियों से पूछताछ के परिणाम स्वरूप सामने आई थीं। आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सल उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियानों की स्थानीय आम नागरिकों के सहयोग से बड़ी सफलता मिल रही है। इसी का परिणाम रहा जो पिछले वर्ष 2023 में तीन बड़ी कार्रवाइयां पूरी तरह से सफल रहीं। इन कार्रवाइयों में हॉकफोर्स ने दो महिला नक्सलियों सहित चार हार्डकोर नक्सलियों को धराशायी किया जा सका था । इन सभी नक्सलियों पर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संयुक्त रूप से 14-14 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इससे पहले अप्रैल में हुई कदला मुठभेड़ में महिला नक्सली सरिता तथा सुनीता, कुंदुल-कोद्दापार जंगल क्षेत्र में सितंबर में हुई नक्सली कमलू को भी धराशायी किया जा चुका है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश पुलिस ने जबलपुर शहर से नार्थ बस्तर तथा आरकेबी डिविजन की मास संगठन का प्रभारी एसजेडसीएम अशोक रेड्डी उर्फ बलदेव को उसकी पत्नी एसीएम रेमती के साथ गिरफ्तार करने में भी सफलता हासिल की है। मध्य प्रदेश में पछले कुछ सालों के दौरान मुठभेड़ के दौरान 17 हार्डकोर नक्सली मारे गए हैं । इनमें नौ महिला नक्सली भी शामिल हैं। मारे गए नक्सलियों पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सरकार द्वारा संयुक्त रूप से कई करोड़ रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। राज्य पुलिस ने नक्सलियों के विरुद्ध जो आक्रामक रणनीति अपनाई गई तथा सूचना आधारित अभियानों द्वारा टांडा दलम तथा दर्रेकसा दलम के नक्सलियों को धराशायी करना जारी रखा है, उससे इस वक्त नक्सलवाद की कमर टूटना जारी है। कहना होगा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के सख्त निर्देश अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति एवं पुलिस के नक्सल समापन के अभियान का ही यह असर है कि राज्य में नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं या फिर भाग रहे हैं । जिन्हें लग रहा है कि वे बचेंगे नहीं, ऐसे कई नक्सली आगे से आकर पुलिस के समक्ष इन दिनों आत्मसमर्पण कर रहे हैं। ट्राइ जंक्शन क्षेत्र में नक्सलियों की कमर तोड़ दी गई है। मध्यप्रदेश पुलिस के लगातार प्रयासों और अभियानों से नक्सली बैकफुट पर हैं।

# गर्दन में चाइनीज मांझा फंसने से अधेड़ गंभीर रूप से जख्मी, सीएचसी में भर्ती

जन एक्सप्रेस । हरदोई



शाहाबाद में प्रतिबंधित चाइनीज मजे से घायल होने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। शाम 6 बजे हरदोई से दवा लेकर लौट रहे एक अधेड़ बाइक सवार की गर्दन में मांझा फंस गया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी हालत में 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम जमालपुर निवासी लेखराज 50 वर्ष पुत्र बड़कौनू हरदोई से दवा लेकर बाइक से वापस लौट रहे थे। लेखराज के साथ उनका पुत्र भी था। वह जैसे ही महुआ टोला चुंगी पर पहुंचे। उनकी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया और जिससे उनके मुंह पर गंभीर चोटे आई और लहू लुहान हो गए। खून ज्यादा निकलने के कारण लेखराज बेसुध हो गए। उन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। सुबह तकरीबन 10ः00 बजे के वक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट शिवम कश्यप चाइनीस मांझा का शिकार हुए और गंभीर रूप से जख्मी हुए। कोतवाली पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र भी फार्मासिस्ट द्वारा दिया गया। आपको बता दें क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाने के लिए मांझा विक्रेताओं को कोतवाली में बुलाकर प्रतिबंधित मांझे की बिक्री न करने की चेतावनी दी थी, लेकिन क्षेत्राधिकारी की चेतावनी का मांझा विक्रेताओं पर कोई असर नहीं पड़ा। धड़ल्ले से चाइनीस मांझा बेचा जा रहा है बड़ी संख्या में प्रतिदिन महिलाएं, पुरुष और बच्चे घायल हो रहे हैं। लेकिन पुलिस टस से मस नहीं हो रही है। आखिर वजह क्या है?

# बुजुर्गों के शुभाशीष, सुख समृद्धि व शांति का मूल हैं: आचार्य सुशील बलूनी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



खंभारखेड़ा बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभार खेड़ा में चल रहे पांच दें दिन स्थापत्य एवं वास्तु ज्ञान यज्ञ के मौके पर बोलते हुए आचार्य सुशील बलूनी ने कहा कि परिवार के सभी सदस्य प्रतिदिन प्रातः काल उठने के साथ ही वृद्ध माता-पिता, दादा-दादी तथा अपने से बड़ों के चरण स्पर्श करते हुए नमन करना चाहिए। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलने से सुख -शांति का वातावरण बना रहता है। संतसंग में जाने से पुण्य की प्राप्ति तथा ज्ञान चक्षु खुलते है।साथ ही भगवान श्रीराम की लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए आचार्य जी ने कहा कि भगवान श्रीराम के चरित्र का अनुसरण प्रत्येक व्यक्ति को अवश्य करना चाहिए। कर्म पर निष्ठा में ही किसी भी फल की प्राप्ति छुपी होती है।आचार्य जी ने वास्तु शास्त्र की नियमों का विस्तार से उल्लेख करते हुए चौंसठ पद वास्तु विन्यास को विस्तार से समझाया। साथ ही घर के कोणों और दिशाओं में किन ग्रहों व देवों का वास है तथा वहाँ किन कक्षों को रखें इस पर प्रकाश डाला गया। ब्रह्म स्थान-स्थान स्वामी-पृथ्वी के नाभिक तथा मनुष्य के नाभिक का संतुलन बनाने की विधि पर आचार्य सुशील जी ने विस्तार से व्याख्या की।भोजन-श्वसन-जल पीने व निद्रा की आयुर्वेदिक शैली पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कथा श्रवण करने निकटवर्ती ग्रामों से जानता जनार्दन की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा, यूनिट हेड अवधेश गुप्ता, पावर के यूनिट हेड धर्मेंद्र सिंह,सी बी सिंह,डा अनिल त्रिपाठी, राजेश दूबे,क्षेत्रीय किसान मिथलेश सिंह, किशोरी लाल, पुतान सिंह,वजीर सिंह,अतउलएश सिंह, विश्व नाथ सिंह उपस्थित रहे। गुरुवार को श्री स्थापत्य एवं वास्तु ज्ञान यज्ञ कथा का समापन होगा।एवं यज्ञ की पूर्णाहुति शुक्रवार को होगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### प्लाईवुड फैक्टरी के चौकीदार की संदिग्ध हालात में मौत

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। ईसानगर स्थित प्लाईवुड फैक्टरी में चौकीदार का काम करने वाले बदलू गौतम निवासी मोहम्मदापुर की मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उनके शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। मृतक के बेटे प्रमोद ने हत्या का आरोप लगाया है। बताया कि उसके पिता चार-पांच साल से चौकीदारी कर रहे थे। रात में किसी ने उनकी हत्या कर दी। शरीर पर चोट के निशान हैं। खमरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूसेपुर गांव के पास का मामला है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### सनशाइन हॉस्पिटल चेन मालिक प्रख्यात डॉक्टर कौशल वर्मा भाजपा में शामिल

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। लखीमपुर सीतापुर और पीलीभीत में डॉ सोशल के नाम से प्रख्यात आर्थोपेडिक सर्जन कौशल वर्मा ने क्षेत्र के तमाम गणमान्य समर्थकों ब्रजेंद्र वर्मा प्रधान शीतलपुर ग्रंट,विकास वर्मा लंदनपुर ग्रंट,मंजीत पटेल, सुशील कुमार,अनिल वर्मा, सुशील पाण्डे,एडवोकेट आनंद अर्कवंशी, एड.अनुज सिंह पूर्व छात्रसंघ



अध्यक्ष,समाजसेवी ओम बहादुर सिंह,अजीत वर्मा आदि के साथ शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय लखनऊ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे। डॉ कौशल वर्मा क्षेत्र के लोगों के बीच अपने सामाजिक कार्यों के चलते काफी लोकप्रिय हैं। हाल ही में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने उनसे हॉस्पिटल में उनसे मुलाकात की थी। तभी से क्षेत्रीय लोगों के बीच ये अटकलें लगाई जा रही थीं। कौशल वर्मा ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी और योगी आदित्यनाथ की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उनकी ख्वाहिश है कि वे राजनीति में भी भाजपा सरकार को कुछ अपना योगदान दे सकें।

### ओवर लोड वाहनों से आये दिन होते हैं हादसे बेकसूर लोगों की जाती हैं जान

जन एक्सप्रेस/अमीरनगर खीरी। अमीरनगर कस्बा से हो कर गुजरते हैं ओवरलोड वाहन आखिर किसकी छत्र छाया है ओवर लोड वाहनों पर जो धड़ले से हो कर गुजरते हैं जब कोई हादसा हो जाता है तब दो चार दिन के लिए खाना पूर्ति के लिए चालान कर देते है अमीरनगर कस्बा से दो किलोमीटर दूर स्थित कुम्भी चीनी मिल मिल से आते जाते हैं ओवरलोड ट्रक चाहे गन्ना वाला ट्रक हो या फिर बैगास भरा कुछ दिन पहले कठिन नदी के पास ओवरलोड वाहन स्विफ्ट डिजायर के ऊपर पलट



गया था उस गाड़ी में चार लोग सवार थे बहुत ही मुश्किल से उन चार लोगों को गाड़ी से बाहर निकल गया था कल दिनांक 1/4/2024 कुंभी इंडियन बैंक के पास ओवरलोड ट्रक गन्ना तुलवाकर अपने घर वापस जा रहा था तभी ओवरलोड ट्रक उस ट्रैक्टर ट्राली के ऊपर पलट गया ट्रैक्टर सवार कूद कर अपनी जान बचाई आये दिन ऐसे हद से होते रहते हैं आखिर प्रशासन ओवरलोड वाहनों पर क्यों नहीं कर रहा है करवाई।

### अतिक्रमित भूमि की नीलामी सदर तहसील में 27 अप्रैल को: एसडीएम सदर

जन एक्सप्रेस/हरदोई। उप जिलाधिकारी सदर ने अवगत कराया है कि ग्राम अहिरोरी परगना गोपामऊ में राशिद अहमद मंसूरी पुत्र रईस अहमद अंसारी द्वारा अतिक्रमित की गयी भूमि की नीलामी सदर तहसील में 27 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 02 बजे की जायेगी। उन्होने कहा है कि उक्त भूमि लेने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि पर नीलामी में भाग ले सकते है।

### विधवा ने पिटाई कर घर से निकालने का आरोप लगाया

जन एक्सप्रेस/हरदोई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेझा निवासी महिला ने परिवार वालों पर मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के ग्राम बेझा निवासी निशा पत्नी स्वर्गीय महेश चंद ने बताया पति के देहांत के बाद वह मेहनत मजदूरी कर पेट पाल रही है। उसकी सास नन्ही पत्नी रामदयाल, देवर ब्रजेश,जेठ रघुराई और जेठानी रश्मी आदि मकान, खेत आदि में कब्जे की नियत से उसे हिस्सा नहीं दे रहे हैं।हिस्सा मांगने पर गाली गलौज करते हैं। मंगलवार को शाम को विपक्षियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया,और दोबारा घर में घुसने पर जान से मार डालने की धमकी दी है।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है।पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर रही है।

### स्वीप मतदाता जागरुकता अभियान के तहत नेहरू युवा केंद्र द्वारा लोगों को किया गया जागरुक




जन एक्सप्रेस/हरदोई। नेहरू युवा केंद्र हरदोई के स्वयंसेवकों द्वारा तहसील सवायजपुर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में सवायजपुर की उपजिलाधिकारी डॉ अरुणिमा श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित नागरिकों को मतदान की शपथ दिलाई गई । नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रतनदीप पांडेय, चांदनी कुशवाहा और स्वाति मिश्रा द्वारा तहसील पर उपस्थित लोगों से पर्सन टू पर्सन कॉन्टैक्ट कर उन्हे मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया और मतदाता जागरुकता संबंधी प्रचार साहित्य का वितरण भी किया गया । जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि स्वीप मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र , हरदोई द्वारा पूरे जनपद में कार्यक्रम कराए जा रहे हैं , रैली , नुक्कड़ नाटक , घर - घर जागरुकता अभियान के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरुक और प्रेरित किया जा रहा है ।

# स्वयं मतदान करें व अन्य लोगों में शत प्रतिशत मतदान की अलख जगाएं: डीएम

✻ रैली में सामाजिक क्लबों के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया: डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई




लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज पुलिस लाइन से दो पहिया वाहनों की विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली प्रस्थान स्थल पर एल दिव्यांग मतदाता मनीष पांडे ने सभी प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। रैली को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
रैली का नेतृत्व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने किया। रैली में नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर सहित सभी प्रमुख अधिकारियों की मौजूद रहे। रैली पुलिस लाइन से प्रारम्भ होकर जिन्दपीर चौराहा, रेलवे पुलिस चौकी के सामने से सरकुलर रोड से लखनऊ चुंगी से बिलग्राम चुंगी से साण्डी चुंगी से बावन चुंगी से नुमाईश चौराहा, बड़ा चौराहा, सिनेमा चौराहा, सोल्जर बोर्ड चौराहा से डीएम चौराहा से कैनाल रोड एवं कोयलबाग कालानी की गली नम्बर चार से होते हुए पुलिस लाइन परिसर पर समाप्त हुई। समापन अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी लोग स्वयं मतदान करें व अन्य लोगों में मध्य शत प्रतिशत मतदान की अलख जगाएं। रैली में जनपद के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा जनपद के विभिन्न सामाजिक क्लबों के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

# माधौगंज में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । हरदोई

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में आज उच्च प्राथमिक विद्यालय माधोगंज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार माधौगंज देशराज भारती, नायब तहसीलदार मल्लावां यशवंत सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी माधौगंज गिरजेश कटियार सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर अर्धसैनिक बल ने किया फ्लैग मार्च

जन एक्सप्रेस । हरदोई



आगामी लोकसभा चुनाव स्वतंत्र व निष्पक्ष सम्पन्न कराए जाने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयारियों में जुटा हुआ है।लोगो को भयमुक्त होकर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक कर रहा है।साथ ही भयमुक्त वातावरण में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए बुधवार को अरवल थाना क्षेत्र में नायब तहसीलदार राजेश कुमार के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने अर्ध सैनिक बल के साथ क्षेत्र के श्रीमऊ,चौंसार,नंदना,बेड़ीजोर,दहेलिया सहित कई गांवो में फ्लैगमार्च कर लोगो को शांति व सुरक्षा के साथ मतदान में बढ़चढ़ कर भागीदारी करने का संदेश दिया।थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया कि लोकतंत्र के इस पर्व पर लोग भयमुक्त होकर अधिक से अधिक मतदान करे उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व सुरक्षा के साथ मतदान को लेकर अरवल पुलिस व अर्धसैनिक बल ने मजिस्ट्रेट की अगुआई में पैदल मार्च कर लोगो को भयमुक्त होकर मतदान में भाग लेने का भरोसा दिया।

# वार्षिकोत्सव समारोह में पुरस्कार पाकर खुशी से चहके मेधावी

जन एक्सप्रेस । बहराइच

विकास खण्ड जरवल के आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय तप्पेसिपाह में वार्षिकोत्सव, अंकपत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों समेत वार्षिक परीक्षा में सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे मेधावी छात्र, छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बीईओ अरविंद बहादुर सिंह व विशिष्ट अतिथि वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वार्षिकोत्सव में छात्रों द्वारा विज्ञान आधारित लघु नाटिका पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा छात्रों ने नये सत्र में स्कूल में दाखिले हेतु नामांकन आधारित स्कूल चलो एकांकी, अंग्रेजी कविता पर सामूहिक प्रस्तुति व समूह नृत्य आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी के द्वारा 1000 रूपये नगद पुरस्कार तथा परीक्षा के मेधावी छात्रों को स्टेशनरी, पेन व गिफ्ट आदि देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षक सुरेश सरोज ने किया। समारोह में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आसिफ अली, जूनियर संघ अध्यक्ष उबैदुर्रहमान, टीचर सेल्फ केयर टीम ब्लॉक संयोजक खलीकुज्मा, एआरपी अब्दुल मोमिन, वन दरोगा शीतला प्रसाद, ग्राम प्रधान उमेश गुप्ता, पूर्व प्रधान रमेश निषाद आदि ने बच्चों को इसी लगन से आगे पढ़ाई जारी रखने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर आयोजक प्रधानाध्यापिका रीता सिंह, शिक्षिका शमसा कमर, ममता यादव, पूर्णिमा, गरिमा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नींद में खलल पड़ी तो कोतवाली के मुंशी ने होमगार्ड को भगाया, जवानों ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । बहराइच

कोतवाली नगर में तैनात एक होमगार्ड ने सुबह ड्यूटी पूरी कर हस्ताक्षर बनाने के लिए मुंशी से रजिस्टर की मांग की तो नींद में खलल पडने पर मुंशी नाराज हो गया। उसने देर से आने की बात कहते हुए भगा दिया। साथ ही रपट करने की धमकी दी। इससे नाराज होमगार्ड जवानों ने बुधवार को एसपी कार्यालय में प्रदर्शन कर शिकायती पत्र सौंपा, एसपी ने जांच के निर्देश दिए हैं। कोतवाली नगर में सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव की तैनाती है। उनकी ड्यूटी प्रतिदिन रात नौ से सुबह पांच बजे तक लगाई जाती है। होमगार्ड जवान का कहना है कि बिना शास्त्र के वह पूरी रात ड्यूटी करता है इसके लिए रजिस्टर में हस्ताक्षर बनाना पड़ता है। होमगार्ड जवान सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि 2 मार्च को वह ड्यूटी कर सुबह 5रू00 बजे हस्ताक्षर बनाने के लिए कोतवाली पहुंचा तो रात्र ड्यूटी के मुंशी ओंकार सिंह सो रहे थे रजिस्टर की मांग करने पर मुंशी नाराज हो गए और कहने लगे कि अभी हम सोए हैं और तुम लोग सोने में परेशान कर देते हो। यहां से जो नहीं तो रिपोर्ट लिखकर सबका पैसा काट दूंगा। होमगार्ड जवान ने घर दूर होने और अन्य समस्या बताई तो मुंशी और भड़क गया। होमगार्ड जवानों ने कोतवाली में सूचना दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर बुधवार को होमगार्ड जवान शंकर जिला अध्यक्ष की अगुवाई में कंपनी कमांडर राजकुमार सिंह, शोभाराम चौरसिया महामंत्री, मीडिया प्रभारी रमाकांत श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत मिश्रा की अगुवाई में सभी ने पुलिस अधीक्षक और डीएम कार्यालय में सांकेतिक धरना दिया। उधर जिला कमांडेंट होमगार्ड ने पत्र लिखकर पुलिस अधीक्षक से जांच करवाने की मांग की है। एसपी ने जांच के बाद कार्यवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान होमगार्ड जवान गंगा प्रसाद दुबे, सर्वेश पाठक, बेचू लाल यादव, हरिशंकर राय समेत अन्य मौजूद रहे।

# मानक विहीन सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में बन रहे सड़कों में मानकों की जमकर अनदेखी की जा रही है। विभागीय अधिकारी जब शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं तो मजबूरी में ग्रामीण सड़क पर उतर हैं। इसके बाद भी अधिकारियों के ऊपर कोई असर नहीं पड़ रहा है। बलहा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लगदिहा के मजरा लोधनपुरवा में डामर रोड बन रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से साढ़े चार किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिस पर सरकार की ओर से 32 लाख रूपये का बजट जारी किया गया है। लेकिन सड़क निर्माण में ठेकेदार और अधिकारियों की ओर से मानकों की जमकर अनदेखी की जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण बिना पत्थर और बजरी के करवाया जा रहा है। जिससे एक तरफ सड़क बन रहा है तो दूसरी तरफ उजड़ रही है। इससे नाराज लोगों ने बुधवार को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी का कहना है कि शिकायत के बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं। सभी ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता और जिलाधिकारी द्वारा इसकी जांच करवाई जाए। दोषियों के विरुद्ध कार्यवाई की जाए। इस दौरान सुरेश कुमार, संजय कुमार, राजेश कुमार विजय कुमार, राम चंद्र, चुन्नू लाल और अजय कुमार समेत अन्य मौजूद रहे। इस मामले में अवर अभियंता आशीष सिंह से बात करने के लिए उनके मोबाइल पर फोन लगाया गया तो उनका मोबाइल नंबर नाट रीचबल बताता रहा।

# डीएम ने आठ लोगों का शस्त्र लाइसेंस किया निरस्त

जन एक्सप्रेस । बहराइच

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन हर कार्रवाई करने में लगा हुआ है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने आठ लोगों के लाइसेंस को निरस्त कर दिया है। इससे अन्य लाइसेंस धारी में हडकंप मच गया है। जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी चल रही है। लोकसभा चुनाव में कोई अप्रिय घटना न हों, इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की ओर से सभी कदम उठाए जा रहे हैं। अब जिला निर्वाचन अधिकारी ने शस्त्र लाइसेंसधारी के विरुद्ध चाबुक चलाया है। उन्होंने बताया कि आठ लोगों के लाइसेंस को निरस्त किया गया है। इनमें कुछ लोगों पर केस दर्ज है तो कुछ के खिलाफ पुलिस की ओर से गलत रिपोर्ट आई है। ऐसे में सुरक्षा को देखते हुए सभी आठ लोगों के लाइसेंस निरस्त कर दिया है।

# दीवार में केबिल लगाने का पड़ोसी ने किया विरोध, मारपीट में महिला की मौत

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जनपद के ग्राम पंचायत एरिया निवासी एक महिला अपने दीवार से केबल का तार खिंचवा रही थी। आप है कि इसी दौरान पड़ोसी ने तार खींचे जाने का विरोध करते हुए मारपीट शुरू कर दी, जिससे महिला की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत एरिया निवासी कलमावती उर्फ राम कुमारी (55) पत्नी सांवली मंगलवार शाम को बिजली के खंभे से अपने मकान तक तार खिंचवा रही थी। महिला अपने मकान के दीवाल से होकर तार निकलवा रही थी। तभी पड़ोसी राहुल और उसके परिवार के लोगों ने महिला को अपने ही दीवार से उसके तरफ तार न खींचे जाने से मना किया। इस पर महिला ने अपने मकान में तार खींचे जाने की बात कहते हुए विरोध को गलत बताया। आरोप है कि राहुल और अन्य ने इसी मामले को लेकर महिला की पिटाई कर दी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। थानाध्यक्ष संतोष सरोज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बाइक सवार युवक की हादसे में मौत

जन एक्सप्रेस । बहराइच

नानपारा कोतवाली क्षेत्र के जगरामपुरवा गांव निवासी एक युवक अपने भाई को श्रावस्ती में छोड़कर वापस बाइक से रात में अपने घर आ रहा था। चीनी मिल के पास बाइक सवार हादसे का शिकार हो गया। जिला अस्पताल में रात एक बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिले के कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम जगरामपुरवा निवासी रामनरेश वर्मा पुत्र मेवालाल का भाई श्रावस्ती में स्थित एक कॉलेज में मेडिकल की पढ़ाई करता है। जिस पर रामनरेश अपने भाई को मंगलवार को बाइक से श्रावस्ती छोड़ने गया था।

# बहन की हत्या कर शव घर में दफनाया, ऊपर से करा दिया फर्श, आरोपी भाई गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के सनईया धन सिंह में एक युवक ने अपनी सगी बहन की हत्या कर दी। इसके बाद उसके शव को घर में ही गड्ढा खोदकर दफना दिया। आरोपी ने शव को गड्ढे में दबाने के बाद ऊपर से फर्श करवा दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो आरोपी भाई की निशानदेही पर बुधवार को शव बरामद कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक 21 मार्च से सुभाषनगर क्षेत्र के सनईया निवासी रानी लापता थी। उसकी शादी उत्तराखंड के रुद्रपुर में अलिकेश के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि रानी 15 मार्च को अपने मायके आई थी। मायके में उसकी हत्या कर दी गई। उसके भाई लखन ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो मृतका का दूसरा भाई रामू शक दायरे में आ गया। पुलिस के सख्ती से पूछताछ करने पर रामू टूट गया। उसने हत्या की बात कबूल की। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी रामू नशे का आदी है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थिति में छह माह की बच्ची की मौत, गले पर निशान, हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

शाहजहांपुर के सिंधौली थाना क्षेत्र में गांव उल्लिया निवासी शिवम कुमार की छह माह की बेटी निहारिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह अपनी ननिहाल में थी। उसके गले में निशान मिलने पर पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। खेतीबड़ी करने वाले शिवम पाल की शादी करीब दो साल पहले बंडा थाना क्षेत्र के सिंगापुर निवासी राजबेटी के साथ विवाह हुआ था। वह होली से पहले अपनी छह महीने की बेटी को लेकर 21 मार्च को अपने मायके आई थी। इस बीच उसने पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच और बयान के लिए शिवम को मंगलवार को थाने बुलाया था। इस बीच उसके साले ने निहारिका की मौत की सूचना शिवम को दी। सूचना पर शिवम व उनके परिवार के अन्य लोग पहुंचे तो बेटी के गले में निशान देखकर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी राकेश मौर्य ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान राम के फ्लैक्स बोर्ड लगे वाहन से हो रहा कूड़े का उठान, जिम्मेदार अनजान

जन एक्सप्रेस । बहराइच

नगर पंचायत रिसिया में एक तरफ भगवान श्री राम और दूसरी तरफ मुख्यमंत्री के फोटो लगे फ्लैक्स बोर्ड से ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा कूड़ा उठान करवाया जा रहा है। इसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो बोर्ड को हटवा दिया गया है।जिले के नगर पंचायत रिसिया में आए दिन विवाद होता रहता है। सेवानिवृत्त बाबू दूसरे जिले में सेंटर छोरी से टेंडर छपवा रहा है तो वही आज भी ड्यूटी के लिए आता है। अब एक नया मामला सामने आया है। नगर पंचायत के कूड़ा वाहन में कूड़ा उठान करवाया जा रहा है। लेकिन वाहन के अगले हिस्से में छत पर भगवान राम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोस्टर लगे फ्लैक्स बोर्ड को भी लगा दिया गया। इसकी जानकारी होते ही बहु संख्यक समाज के लोगों में नाराजगी फैल गई। सभी ने वीडियो और फोटो बनाकर वायरल करते हुए इसे नगर पंचायत प्रशासन की संवेदन हीनता बताया। इस मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष पति रामू लाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि किसी के मन को ठेस पहुंचाने का कोई मामला नहीं था। बल्कि एक स्थान पर रखे बोर्ड को लाया गया था।

# अमित शाह ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र: बोले- गुजरात मॉडल अपनाना होगा

* विरोधी दलों को जोड़ने के लिए कहा

**जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद**




लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुरादाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि बूथों को जीतने के लिए गुजरात मॉडल अपनाना होगा। छह अप्रैल को स्थापना दिवस पर पन्ना प्रमुखों के साथ सभी नेता जुड़ेंगे। साथ ही विरोधी दलों के कार्यकर्ताओं को जोड़ने पर भी जोर दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हर बूथ को जीतने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को गुजरात मॉडल अपनाना होगा। विरोधी दलों के कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ेंगे। हर बूथ को जीतने के लिए 300 परिवारों से संपर्क कर प्रधानमंत्री की चिट्ठी सौंपेंगे। चार-चार बार संपर्क कर मतदान कराने का कार्य कराएंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेम वंडरलैंड पुल के नजदीक स्थित होटल में मेरठ, सहारनपुर और ब्रज मंडल के 17 लोकसभा क्षेत्र की कोर कमेटी से जुड़े नेताओं के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उत्तर प्रदेश का संगठन मजबूत है लेकिन लोकसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा नेताओं को बूथ को मजबूत करना होगा। छह दिसंबर को पार्टी का स्थापना दिवस है। इस दिन पार्टी के सभी नेता अपने-अपने बूथ पर जाएंगे। पन्ना प्रमुखों के साथ बैठकर चाय पिएंगे। प्रत्येक परिवारों से मिलने के लिए रणनीति अपनाएंगे। एक पन्ने में 60 मतदाता होते हैं। हर बूथ के 20 पन्नों से जुड़े 300 परिवारों से चुनाव के पहले चार बार संपर्क करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चिट्ठी घर-घर पहुंचाएंगे। इस कार्य में ब्लॉक प्रमुख, बीडीसी सहित अन्य जनप्रतिनिधि जिम्मेदारी लेंगे। इसकी मानीटरिंग प्रदेश स्तर से की जाएगी। माइक्रो मैनेजमेंट के तहत वोट डलवाना होगा। यदि बूथ जीते तो लोकसभा अवश्य जीतेंगे। उन्होंने गुजरात मॉडल की जानकारी दी।

बताया कि यह मॉडल भाजपा के लिए बेहतरीन उदाहरण है। विरोधी दलों के कार्यकर्ताओं को मतदान के दिन तक जोड़ने का अभियान जारी रखना होगा। इससे बूथ मजबूत होगा और मतदाताओं की संख्या भी बढ़ेगी। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री एवं पश्चिमी यूपी के प्रभारी सुभाष यदुवंश ने किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, सांसद रमेश बिधूड़ी, प्रदेश के महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, कपिलदेव अग्रवाल, मंत्री गुलाब देवी, जसवंत सैनी मंच पर मौजूद रहे।

**स्टीकर लगाने पर पुलिस कर रही परेशान**

केंद्रीय गृह मंत्री से स्थानीय नेताओं ने शिकायत करते हुए कहा कि जब वे अपनी गाड़ी पर स्टीकर लगाते हैं तो पुलिस चालान करने की धमकी देती है। इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्री ने प्रदेश अध्यक्ष को पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखने के निर्देश दिए। बताया कि प्राइवेट वाहन पर झंडा लगाना और स्टीकर लगाना आचार संहिता के खिलाफ नहीं है। दूसरे लोगों के वाहन पर जबरदस्ती स्टीकर लगाना उचित नहीं है।

**17 लोकसभा क्षेत्र के लोग हुए शामिल**

केंद्रीय गृह मंत्री की बैठक में मुरादाबाद, रामपुर, नगीना, बिजनौर, सहारनपुर, बुलंदशहर, कैराना, मुजफ्फरनगर, मेरठ, अमरोहा, बागपत, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा सहित 17 लोकसभा क्षेत्र की कोर कमेटी के लोग शामिल हुए। इसमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी कांत बाजपेई, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त एवं सतपाल सैनी, लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता, जिलाध्यक्ष आकाश पाल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह, सांसद सतपाल सिंह, मंत्री संदीप सिंह, असीम अरुण, लक्ष्मी नारायण चौधरी, बृजेश सिंह, सोमेंद्र तोमर, केपी मलिक, राजेंद्र अग्रवाल, तेजवीर, सुनीता दयाल आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## गाजियाबाद के एक कार शोरूम में लगी आग, पूरे इलाके में मचा हड़कंप, दमकलकर्मियों ने पाया काबू



**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र के साइट चार में कार शोरूम ई ऑफिस में सुबह 5-30 बजे करीब आग लग गई। सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल टीम के साथ चार गाडियां लेकर मौके पर पहुंचे। वर्कशॉप में आग फैलती देखकर टीम ने तीन तरफ से एक साथ आग बुझाने का काम शुरू किया। वहां करीब 20 से 25 गाडियां खड़ी होने से बड़ी घटना होने की आशंका पर अधिकारियों के होश उड़ गए। टीम ने कर्मचारियों की मदद से गाड़ियों को दूर हटवाकर करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल का कहना है कि वैशाली स्टेशन से चार गाडियां मौके पर पहुंची थीं। आग लगने के दौरान धुएं से दिक्कत हो रही थी लेकिन टीम ने ब्रीथ एनालाइजर किट की मदद से कीमती गाडियां बचाकर आग पर काबू पा लिया। इसमें कोई जनहानि नहीं है।

## सत्ता का संग्राम: बुलंदशहर में नेताओं के बीच जमकर बहस, पक्ष बोला- विकास पर बात होगी, विपक्ष ने गिनाई समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**




बुलंदशहर में अमर उजाला के चुनावी रथ ÷सत्ता का संग्राम÷ के तहत राजनेताओं से चर्चा हुई। बुलंदशहर के सेंट मोमिना स्कूल में अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेताओं ने अमर उजाला के मंच पर खुलकर अपनी बात रखी।

अमर उजाला के चुनावी रथ ÷सत्ता का संग्राम÷ में बुलंदशहर जिले में राजनीतिक दलों के अलग-अलग नेताओं से बातचीत की और स्थानीय मुद्दों की नब्ज को टटोला। पक्ष और विपक्ष दोनों ने ही अपनी-अपनी राय रखी। यह कार्यक्रम बुलंदशहर के सेंट मोमिना स्कूल में आयोजित हुआ।

बुलंदशहर में चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने मुद्दे रखे। सत्ता पक्ष ने कहा कि वह जनता के बीच विकास का मुद्दा लेकर जाएगा। लेकिन वहीं दूसरी तरफ विपक्ष ने कहा कि हम शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दों को लेकर जाएंगे। सबसे पहले बुलंदशहर से भाजपा प्रत्याशी भोला सिंह ने कहा कि 10 साल में हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम किया। गरीब लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाया और क्षेत्र का विकास किया है। भाजपा विकास को लेकर आगे बढ़ रही है। हमारा मुद्दा विकास का मुद्दा है। दस साल से वही चल रहा है और आगे भी वही चलता रहेगा। सपा नेता ने चर्चा के दौरान कहा कि मेरा सबसे पहला सवाल सांसद जी से ही है। हमारा गांव उनकी ही लोकसभा क्षेत्र में है। सपा सरकार में गर्ल्स कॉलेज बना, लेंटर पड़ गया। लेकिन अब काम बंद है। अस्पताल बना दिया, उपकरण लेकर आ गए, लेकिन अभी तक अस्पताल चालू नहीं हुआ। ये इनकी उपलब्धि है। आज तक गर्ल्स कॉलेज शुरू नहीं हुआ ये इनकी उपलब्धि है। भाईचारा अपना अलग है। हीरे पर जीएसटी तीन फीसदी और किताबों पर जीएसटी 18 फीसदी है। ये जीएसटी खत्म होनी चाहिए। युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए। उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ रही है। शिक्षा महंगी हो गई है। इन मुद्दों को लेकर लोगों के बीच जाएंगे।

## गाजियाबाद में दिल दहलाने वाला घटना: मां ने तीन साल की बच्ची को जहर देखकर की खुदकुशी



**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के मुरादनगर से एक दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां के गांव रेवड़ी में एक ही परिवार के तीन लोगों ने की आत्महत्या। पहले महिला निशा ने अपनी दो साल की बेटी शालू को जहर दिया और फिर खुद खाया लिया। पत्नी को बेहोशी की हालात में देखकर पति अंकुर ने खुद को आग लगा दी। तीनों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, पति अंकुर को जलता देख आसपास के लोगों ने किसी तरह आग बुझाकर उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और फिर मेरठ के सुभारती अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद निशा व शालू को मोदीनगर के जीवन अस्पताल में भर्ती कराया, वहां पर उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना तीनों का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। बुधवार को किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## एएमयू में सर सैयद व्याख्यानमाला के तहत दो व्याख्यान आयोजित

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

27 मार्च को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैयद अहमद खान की पुण्य तिथि के अवसर पर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के उन्नत अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत दो व्याख्यान आयोजित किये गए।

पहले दिन 'कला और वास्तुकला विरासत सिद्धांतः ज्ञान मीमांसा और परिप्रेक्ष्य' विषय पर व्याख्यान देते हुए इग्नू के पूर्व कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सर सैयद ने अपनी विद्वता के माध्यम से 1857 के विद्रोह के बाद, विशेषकर जब उन्होंने राजनीतिक उथल-पुथल से त्रस्त समय में लिखना प्रारम्भ किया, समाज में बहुलवाद और समावेशिता को बढ़ावा देने की कोशिश की, जो उनकी दूरदर्शिता, ज्ञान और तर्क का प्रतीक था। एक इतिहासकार और पुरातत्वविद् के रूप में उनकी भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है क्योंकि उनकी पुस्तक आसार-उस-सनादीद दिल्ली के स्मारकों पर सबसे आधिकारिक कार्यों में से एक है।प्रोफेसर श्रीवास्तव ने भारत में विभिन्न समुदायों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व बनाए रखने के लिए सर सैयद की खोज के बारे में विस्तार से बात की और उनकी पुस्तक आसार-उस-सनादीद के आलोक में एक इतिहासकार और पुरातत्वविद् के रूप में उनकी भूमिका पर चर्चा की।

प्रोफेसर श्रीवास्तव ने 'डिजिटल युग में इतिहास का शिक्षण और अनुसंधान' विषय पर अपने दूसरे व्याख्यान में कहा कि डिजिटल शिक्षण ने ज्ञान का लोकतंत्रीकरण किया है और समाज के हर वर्ग तक पहुंच प्रदान की है। शिक्षक-छात्र का संबंध पारंपरिक रूप से सूचना देने वाले और प्राप्तकर्ता तक सिमट कर रह गया है। हालाँकि, शिक्षण सूचना के प्रसारण से परे होना चाहिए और छात्रों के बीच आलोचनात्मक कौतुहल को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

अपने अध्यक्षीय भाषण में, विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर हसन इमाम ने प्राथमिक स्रोतों के माध्यम से सर सैयद के बारे में अधिक जानने के महत्व पर प्रकाश डाला और लाहौर में अनारकली अभिलेखागार पर अपने शोध के दौरान सर सैयद के बारे में मिले कई संदर्भ प्रस्तुत किये। उन्होंने डिजिटल लर्निंग के महत्व पर जोर दिया जो भारत सरकार की नई शिक्षा नीति को बढ़ावा देता है।इससे पूर्व, मेहमानों का स्वागत करते हुए, व्याख्यान श्रृंखला के संयोजक, प्रोफेसर परवेज नजीर ने औपचारिक रूप से अतिथि वक्ता का परिचय दिया और उनकी अग्रणी पुस्तक आसार-उस-सनादीद के माध्यम से सर सैयद की विद्वता को समझने में व्याख्यान के महत्व पर चर्चा की, जिसका अन्य कई भाषाओं में अनुवाद किया गया है, जिसमें महान इतिहासकार गार्सिन डी तासी का फ्रांसीसी अनुवाद भी शामिल है।प्रोफेसर श्रीवास्तव के दूसरे व्याख्यान से पूर्व डॉ. नजरूल बारी ने परिचयात्मक टिप्पणी दी और डिजिटल युग में छात्र-शिक्षक संबंधों की बदलती गतिशीलता के कारण 21वीं सदी में विषय के महत्व पर प्रकाश डाला।

## दो रिमोट सेंसिंग छात्रों ने गेट उत्तीर्ण किया

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रिमोट सेंसिंग और जीआईएस एप्लीकेशन के अंत:विषयी विभाग के दो स्नातकोत्तर छात्रों ने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु द्वारा आयोजित जिओमैटिक्स इंजीनियरिंग में प्रतिष्ठित ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) उत्तीर्ण किया है।विभागाध्यक्ष डॉ हारिस हसन खान ने बताया कि दो छात्रों, सना परवीन (एआईआर 152) और असदाफउर रहमान (एआईआर 504) ने गेट में अच्छी रैंक हासिल की है, जो सराहनीय है और उनकी कड़ी मेहनत और उनके शिक्षकों द्वारा सक्षम मार्गदर्शन को दर्शाता है।

## अनुसंधान परियोजना के लिए छात्रवृत्ति स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के डॉ. जियाउद्दीन अहमद डेंटल कॉलेज के ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग में जूनियर रेजिडेंट डॉ. सिदरा असलम को शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए इंडो-पैसिफिक एसोसिएशन ऑफफॉरेंसिक ओडोंटोलॉजी द्वारा छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया है। प्रोफेसर डॉ. अंशुल अग्रवाल के मार्गदर्शन में उनके प्रोजेक्ट जिसका शीर्षक 'लिंग समीकरण: पश्चिमी उत्तर

सपा का साथ भी नहीं आया काम

## हर बार लगाया पूरा दम... फिर भी ये सीट कभी जीत न सकी बसपा

**जन एक्सप्रेस । आगरा**




उत्तर प्रदेश के आगरा में तमाम प्रयास के बाद भी बसपा अभी तक आगरा में नहीं जीत पाई है। जातीय समीकरणों के नजरिये से आगरा लोकसभा क्षेत्र में बसपा मजबूत जरूर है लेकिन पार्टी यहां हर बार चित हुई है। इस सीट पर सबसे अधिक कांग्रेस का सांसद चुना गया है। कांग्रेस के बाद सबसे अधिक राज भाजपा का रहा है। दो बार सपा ने भी यहां से चुनाव जीता।

1952 से लेकर 1971 तक आगरा सीट कांग्रेस के कब्जे में रही। लगातार पांच बार सेठ अचल सिंह सांसद चुने गए। 1977 में जनता पार्टी के शंभूनाथ चतुर्वेदी ने चुनाव जीता। 1980 में कांग्रेस फिर लौटी और निहाल सिंह सिंह सांसद बने। 1984 में भी कांग्रेस के निहाल सिंह सांसद चुने गए। 1989 में जनता दल के अजय सिंह चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। 1991 से लेकर 1998 इस सीट पर भाजपा का कब्जा रहा। भगवान शंकर सिंह सांसद चुने गए। 1999 के चुनाव में भाजपा से यह सीट सपा ने छीन ली और राज बब्बर चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। राजबब्बर 2004 का चुनाव भी जीता।

2009 फिर हवा का रूख बदला और भाजपा ने चुनाव जीता। 2009 से लेकर 2014 तक भाजपा के राम शंकर कठेरिया सांसद चुने गए। 2019 में भी ये सीट भाजपा से ही प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने जीती। यानी बसपा एक बार भी नहीं जीत सकी। 2009 में बसपा के कुंवरचंद वकील लोकसभा चुनाव लड़े। उन्हें 29.98 फीसदी वोट मिले। उन्हें 1,93,982 वोट मिले। 2014 में बसपा ने नरायन सिंह सुमन को प्रत्याशी बनाया पर उन्हें 26.48 फीसदी वोट ही मिल पाए। हालांकि उन्हें वोट 2,83,453 मिले। 2019 के चुनाव में बसपा ने हाथरस के मनोज कुमार सोनी को आगरा से उतारा, तब उन्हें 38.47 फीसदी वोट मिले। उन्होंने 4,35,329 वोट पाकर बसपा के वोटों में 12 फीसदी की बढ़ोतरी की वह लेकिन जीत नहीं सके। जबकि 2019 में सपा और बसपा का गठबंधन था।

## बीएस.सी. कृषि की परीक्षा में पकड़े गए 18 नकलची

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आगरा कॉलेज नोडल केंद्र पर बीएससी (कृषि) कृषि की परीक्षा मे 12 परीक्षार्थी नकल में पकड़े गए हैं। शूज और कपड़ों के अंदर नकल की पर्चियां मिलीं।

उत्तर प्रदेश के आगरा में आगरा कॉलेज की मुख्य प्रानुशासक प्रोफेसर विजय कुमार सिंह की आंतरिक उड़न दस्ते टीम के द्वारा परीक्षा में जांच के दौरान 12 परीक्षा की नकल करते हुए पकड़े गए हैं। प्राचार्य प्रोफेसर सीके गौतम ने बताया गया कि 12 परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया है। कॉलेज की आंतरिक उड़न दस्ते ने सख्त कार्रवाई करते हुए छात्रों को नकल करते पकड़ा है।

इनको नियम अनुसार बुक करके यूएफएम के अंतर्गत आगामी कार्रवाई हेतु विश्वविद्यालय को सूचना एवं नकल सामग्री प्रेषित कर दी है।

मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव कौशिक ने बताया कि छात्रों/परीक्षार्थी को गेट पर प्रॉक्टोरियल टीम द्वारा तलाशी के बाद महाविद्यालय में प्रवेश दिया जा रहा है। महाविद्यालय प्रशासन नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्ध है। परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि नकल पाए जाने पर छात्रों के ऊपर नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महाविद्यालय में छात्रों/परीक्षार्थी के मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को जमा करवाने की व्यवस्था की गई है।

## बुलंदशहर के युवा मतदाता बोले- एजुकेशन अच्छी होनी चाहिए, इसी से भारत बढ़ेगा आगे

**जन एक्सप्रेस । नोएडा**

बुलंदशहर में अमर उजाला के चुनावी रथ ÷सत्ता का संग्राम÷ में आज युवाओं से चर्चा हुई। बुलंदशहर के एसबीएमटी कॉलेज में युवा मतदाताओं ने खुलकर अपनी बात रखी।

बुलंदशहर में अमर उजाला के चुनावी रथ ÷सत्ता का संग्राम÷ के तहत युवाओं से चर्चा हुई। बुलंदशहर के एसबीएमटी कॉलेज में युवा मतदाताओं ने अमर उजाला के मंच पर खुलकर अपनी बात रखी।

बुलंदशहर के एक युवा मतदाता यमन ने कहा कि एजुकेशन अच्छी होनी चाहिए, सरकारी स्कूलों में एजुकेशन की दशा सुधरनी चाहिए। एजुकेशन अच्छी होगी तो भारत आगे बढ़ेगा। दिल्ली में अच्छी एजुकेशन व्यवस्था है। बच्चों को फ्री शिक्षा मिलनी चाहिए।

मतदाता इकरा खान ने कहा कि सरकार को नौकरी देनी चाहिए। बेरोजगारी दूर होनी चाहिए। नौकरी ऐसी होनी चाहिए कि जो लोग अपने खर्चे पूरे कर सके। मतदाता शिवा सिंह ने कहा कि गरीब लोगों के पास इतना पैसा नहीं है, जो वो हायर एजुकेशन प्राप्त कर सकें। गरीबों को छूट होनी चाहिए। बड़े-बड़े कॉलेजों में गरीब बच्चे को छूट मिलनी चाहिए।

ताकि वो भी अच्छे तरीके से पढ़ सकें। एक मतदाता जयंत ने कहा कि रोजगार के अवसर बढ़ने चाहिए। साथ ही जनसंख्या पर कंट्रोल होना चाहिए। एक मतदाता स्नेहा सक्सेना ने पेपर लीक का मुद्दा उठाया। उन्होंने मांग की है कि पेपर लीक करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार पर इस मुद्दे पर काम होना चाहिए।

एक मतदाता मंजीत ने कहा कि सरकार को रोजगार पर ध्यान देना चाहिए। लोग बेरोजगार हैं। पढ़े-लिखे युवा भी बेरोजगार हैं। हिना ने पेपर लीक का मुद्दा उठाया। मतदाता जैनब ने यूनिवर्सिटी बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने रेलवे कनेक्टिविटी में भी सुधार की मांग की। ट्रेनों से दूसरे राज्यों में पहुंचने में परेशानी होती है।

एक मतदाता मोनू ने कहा कि इमारतों के निर्माण बढ़ रहा है, ऐसे में आबोहवा खराब हो रही है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की, ताकि आबोहवा में सुधार हो सके।

2019 के लोकसभा चुनाव में बुलंदशहर से भारतीय जनता पार्टी जीती थी।


## साहित्यकार निर्मल वर्मा की 95वीं जयंती: भारतीय संस्कृति के प्रति रहा अगाध अनुराग, कभी की थी वामपंथ की सेवा

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

साहित्यकार निर्मल वर्मा से अलीगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रेमकुमार का आत्मीय संबंध था। प्रेमकुमार ने निर्मल वर्मा से अपनी मुलाकात की यादें एक लेख के माध्यम से साझा कीं।

कथाकार व ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार निर्मल वर्मा की जयंती 3 अप्रैल को है। अपने किस्म के अनूठे लेखक निर्मल अगर जीवित होते तो 95 साल में प्रवेश कर जाते। उनसे अलीगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रेमकुमार का आत्मीय संबंध था। प्रेमकुमार ने निर्मल वर्मा से अपनी मुलाकात की यादें एक लेख के माध्यम से साझा कीं। रोचक बात यह है कि लेखकीय जीवन के आखिरी दौर में जिस निर्मल वर्मा को भारतीय संस्कृति के प्रति अगाध अनुराग के लिए जाना जाता था, उन्होंने कभी वामपंथ की सेवा की थी।

प्रेम कुमार कहते हैं कि जब तक दुनिया में वह (निर्मल वर्मा) रहे, तब तक उनसे बातचीत होती रहती थी। खुद निर्मल के शब्दों में **पहली कहानी** तब लिखी जब मैं सेंट स्टीफंस कॉलेज दिल्ली में विद्यार्थी था। नहीं, उसका नाम अब याद नहीं। पार्टीशन के बाद करोल बाग में जहां हम रहते थे, वहीं मैं पढ़ता भी था। एक प्राइवेट कॉलेज में हिस्ट्री और पॉलिटिकल साइंस पढ़ाता था वहां। उन्हीं दिनों कुछ अंग्रेजी अखबार चाहते थे कि मैं उनमें हिंदी पर लिखूं।



कई हिंदी पुस्तकों की अंग्रेजी में समीक्षाएं लिखी थीं तब। लेकिन मेरा मुख्य काम कम्युनिस्ट पार्टी में था। तब मैं पार्टी का सदस्य था। 1950-54 तक काफी समय पार्टी के कार्यों में ही बीता था। शुरुआती वर्षों में काफी कुछ लिखा, पर सब बिना योजना के लिखा। फिर 1957 में राज्य सभा में अनुवादक का काम मिल गया। पहली सुचारु नौकरी-दस से पांच काम लगा। राज्य सभा में जो डिबेट होती थीं, मैं उनका हिंदी अनुवाद करता था।

59 में चेकोस्लोवाकिया गया। ओरियंटल इंस्टीट्यूट ने आमंत्रित किया था। वहां आठ वर्ष रहकर कई चेक लेखकों- मिलान कुन्देरा, इवान क्लीना, बासलाम, हर्विल आदि की रचनाओं का हिन्दी में अनुवाद किया। चेक पृष्ठभूमि पर मेरा पहला उपन्यास, **वे दिन** आया। वह लिखा यहीं था दिल्ली में। तब दो साल की छुट्टी पर आया था। चेकोस्लोवाकिया जाने से पहले **परिंदे** 58 में आ गई थी। समकालीन हिंदी लेखकों में नरेश मेहता, मनोहर श्याम जोशी, श्रीकांत वर्मा मेरे दोस्त थे। उन्हीं के साथ रहता था। नरेश जी ने **कृति** शुरू की तो उसके लिए लेख और कहानियां लिखीं। सबसे पहली कहानी कल्पना **पत्रिका** में छपी **रिश्ते**। मेरी मां या पिता ने यह आग्रह नहीं किया कि मैं नौकरी करूं। उन्हें आर्थिक कठिनाई नहीं थी और उन्होंने मुझे कुछ भी करने या न करने की खुली छूट दे रखी थी। पार्टीशन के बाद करोल बाग में जहां हम रहते थे, वहीं मैं पढ़ता भी था। एक प्राइवेट कॉलेज में पढ़ाकर अपना जेब खर्च निकाल लेता था।

नई कहानी आंदोलन से उनके जुड़ाव, परिंदे को उस आंदोलन की प्रथम रचना घोषित किए जाने और उस आंदोलन की पृष्ठभूमि, भूमिका व प्रदेश के बारे में तब मैंने निर्मल जी से कुछ सवाल पूछे थे।

# नगर पालिका ने अभियान चलाकर सड़कों से हटवाया अवैध अतिक्रमण

* अतिक्रमणकारियों से टीम ने 21 हजार का वसूला जुर्माना
* पूरनपुर में मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में चले अभियान से मची खलबली

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




**पूरनपुर।** सड़कों पर अवैध अतिक्रमण से जाम की समस्या बनी हुई है। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नगर पालिका टीम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। कई दुकानों, होटलों व क्लीनिकों आदि के सामने से अतिक्रम हटाया गया। अधिकारियों की सख्ती देख कई दुकानदार खुद की दुकानों के सामने नाले के पार सड़क पर रखा सामान समेटने लगी।टीम ने अतिक्रमणकारियों से करीब 21 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूल किया गया। नगर की सड़कों पर दुकानदारों ने सामान रखकर अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है। नगर के कई होटल, मेडिकल, अस्पतालों के सामने बेतरतीब खड़े होने वाले वाहनों से लगातार जाम की समस्या बनी हुई है। नगर के स्टेशन रोड, सीमेंट रोड, कोतवाली से पकड़िया रोड, स्टेशन चौराहे से शेरपुरकलां रेलवे क्रासिंग और आसाम हाइवे सिरसा चौराहा के अलावा अन्य कई सड़कों पर कुछ दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। हालांकि अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर अतिक्रमण हटा दिया जाता है लेकिन कुछ दिन बाद ही स्थिति पहले जैसी ही हो जाती है। एक दिन पहले नगर पालिका द्वारा एलाउंसमेंट कराकर अतिक्रमण हटाने को कहा गया था लेकिन अतिक्रमणकारियों ने ध्यान नहीं दिया। बुधवार को नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित, नगर पालिका ईओ केके सोनकर ने नगर पालिका टीम और पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सिरसा चौराहे से कोतवाली रोड, स्टेशन चौराहे और शेरपुर रेलवे क्रासिंग तक चले अभियान के दौरान कई दुकानों, होटलो, मेडिकल स्टोरों, क्लीनिकों आदि के सामने नाले के पार सड़क से अतिक्रमण हटाया गया। कुछ ने आनाकानी की तो अधिकारी सख्त लहजे से पेश आए। एक अस्पताल के सामने खड़ी कुछ बाइकों के पुलिस द्वारा चालान भी किए गए। जबकि बाइक स्वामी मौजूद नहीं हैं। इससे लोगों में नाराजगी भी देखी गई। ईओ कृष्ण कुमार सोनकर ने बताया कि अभियान के दौरान 21 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। आज भी अभियान चलेगा।

# ससुराल से वापस लौट रहे दंपत्ति को कार ने मारी टक्कर, घायल

* टक्कर के बाद अनियंत्रित होकर खांई में गिरी कार
* गंभीर घायल दंपत्ति को मेडिकल कॉलेज के लिए किया गया रेफर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** दिलावरपुर ससुराल से घर रम्पुरा फकीरे वापस लौट रहे बाइक सवार दंपत्ति को सामने से आ रहे कार सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। रफ्तार तेज होने के कारण कार खाई में जा गिरी।दंपत्ति को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। बुधवार पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा फकीरे निवासी हरपाल अपनी पत्नी रामा दवी के साथ घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर ससुराल गए हुए थे। दोपहर 1ः00 बजे घर वापस लौटते समय पूरनपुर बायां मैगलगंज नेशनल हाईवे पर गांव कल्यानपुर के पास पूरनपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अनियंत्रित हुई कार खाई में जा गिरी। कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दंपति को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने कार को सुपुर्दगी में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि कार को सुपुर्दगी में ले लिया गया। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# युवक ने परिजनों की गैर मौजूदगी में नाबालिग लडकी से किया जबरन दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

* विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी
* पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

**पूरनपुर।** परिजनों की गैर मौजूदगी में घर में घुसे युवक ने नाबालिक लड़की के साथ जबरन दुष्कर्म किया। स्वजनों के विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया कि 15 मार्च को गांव में ही बेटे की ससुराल में शादी का कार्यक्रम था। सभी लोग शादी में गए हुए थे। घर पर नाबालिक पुत्री अकेली थी।आरोप है कि पड़ोस का ही एक युवक फोन कर किशोरी को अकेला देख घर में घुस आया। युवक ने किशोरी को कमरे में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। महिला शादी से घर वापस लौटी तो युवक किशोरी के साथ घर अंदर कमरे में दुष्कर्म कर रहा था। लड़की के परिजनों ने युवक को मौके से पकड़ लिया। मामले की जानकारी पर युवक के दो भाई महिला के घर में घुस आए।आरोप है कि पुत्री के साथ हुई दुष्कर्म की घटना का विरोध किया तो सभी ने गाली गलौज कर मारपीट की। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक,अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक से की। कोतवाली पुलिस ने मोनू,महेश,विनोद के खिलाफ नाबालिक से दुष्कर्म,घर में घुसकर मारपीट,गाली गलौज, जान से मारने की धमकी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।लड़की के बयान दर्ज कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।आयु के मेडिकल परीक्षण में लड़की बालिग है।

# अनियंत्रित होने से पानी से भरे नाले गिरा ट्रैक्टर, चालक घायल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**हजारा(पूरनपुर)।** गन्ना की बुवाई करते समय सुतिया नाला की मिट्टी खिसकने से ट्रैक्टर और चालक दोनों गहरे पानी में समा गये।मजदूरों ने शोर मचाकर लोगों को बुलाया बा मुश्किल ट्रैक्टर चालक को पानी के अंदर से जो गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे निकालकर उपचार हेतु लखीमपुर-खीरी के पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। ट्रांस शारदा क्षेत्र के मुरैना गांधीनगर स्थित थाना हजारा के चंद कदमों की दूरी पर सुतिया नाला के किनारे बल फॉर्म कबीरगंज निवासी दर्शन सिंह के पुत्र आदि मजदूरों के साथ ट्रैक्टर की सहायता से रेजर द्वारा गन्ने की बुवाई कर रहे थे उसी दौरान ट्रैक्टर चालक द्वारा ट्रैक्टर बैक करने के दौरान सुतिया नाला की मिट्टी अचानक खिसक गई और ट्रैक्टर चालक सहित गहरे पानी में दो कलाबाजी खाते हुए गहरे पानी में समा गया।मौके पर मौजूद गन्ना लगा रहे मजदूरों ने शोर मचाकर अन्य लोगों को बुलाया जिसमें मुरैना गांधीनगर निवासी कुछ तैराक ग्रामीणों ने पानी में घुसकर ट्रैक्टर की छतरी को काटकर बामुश्किल चालक को बाहर निकाला जो गंभीर रूप से घायल हो गया था उसे परिजनों द्वारा जिला लखीमपुर खीरी के पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।इधर ग्रामीणों ने अन्य ट्रैक्टरों की मदद से घंटों मस्कत करने के बाद मुश्किल से ट्रैक्टर को बाहर निकाला है ट्रैक्टर पानी में पलटने के कारण छतरी सहित अन्य कल पुर्जे क्षतिग्रस्त हो गए हैं।अगर मौके पर मजदूर मौजूद नहीं होते तो एक बड़ी घटना होने से नकारा नहीं जा सकता था।यहां बता दें कि सुतिया नाला के किनारे ग्रामीणों के कृषि भूमि है जहां इस समय गन्ने की बिजाई का काम किसानों द्वारा किया जा रहा है।

# श्रद्धालुओं की बस पर पत्थराव करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** पूर्णागिरि से दर्शन कर घर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की बस पर गांव लुकटिहाई के पास कुछ लोगों ने पथराव कर दिया था। इससे बस चालक सहित तीन लोग घायल हो गए थे। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने बस पर पत्थर फेंकने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने शराब के नशे में पथराव करने की बात कही है। मोहम्मदी थाना क्षेत्र के लगभग 35 श्रद्धालु मंगलवार की शाम पूर्णागिरि से दर्शन कर बस से घर वापस लौट रहे थे। पूरनपुर बायां मैगलगंज नेशनल हाईवे पर लुकटिहाई के पास कुछ लोगों ने बस पर पथराव कर दिया था। इसमें बस चालक राम लड़ैते, तपन सरकार और सुखदेव घायल हो गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की लेकिन पत्थर मारने वाले आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने बस चालक की ओर से अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।बुधवार को पुलिस ने बस पथराव करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी श्री कृष्ण पुत्र रामकुमार, लालाराम पुत्र मुन्ना लाल निवासी नारायणपुर ता घुंघचाई और सुनील पुत्र राममूर्ति निवासी दिलावरपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों ने लुकटीहाई गांव के पास मौजूद देसी शराब के ठेके पर पहले शराब पी। उसके बाद शाहजहांपुर जाने के लिए बस को रोकने का प्रयास किया। चालक के बस न रोकने पर तीनों ने बस पर पत्थर फेंक दिए।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जेई की तहरीर पर व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में एक सप्ताह पूर्व सरसों का बोझ उठाते समय नीचे झूल रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आकर आंशिक रूप से झुलसे किसान के मामले में विद्युत विभाग के जेई ने एक व्यक्ति पर खंभा क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दिया था। जिसके आधार पर पुलिस ने बुधवार को आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी किसान गोकर्ण दूबे गत 29 मार्च को खेत में रखे सरसों का बोझ उठाकर घर ले जा रहे थे। खंभा लटक जाने के चलते हाईटेंशन तार जमीन से छह फुट ऊपर झूल रहा था। जो सिर पर बोझ लेकर नीचे से जा रहे किसान के बोझ को छू गया। जिसमें वह आंशिक रूप से झुलस गया। मामले में घटनास्थल की जांच के बाद विद्युत विभाग के जेई फरहान आलम ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि खोभरिया गांव निवासी हरिश्चन्द्र यादव अपने मकान की नींव खोदते समय खंभा क्षतिग्रस्त कर दिए थे। जिसके चलते तार नीचे लटक गया है। यहां हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### बिना पंजीकरण खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर होगी कार्यवाही डॉक्टर तूलिका शर्मा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर/मडियाहू।** बिना पंजीकरण व अनुज्ञप्ति के खाद्य कारोबार करने वालों को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग काफी गंभीर है। उन्होंने खाद्य सामग्री का व्यवसाय करने वाले दुकानदारों से आग्रह किया है कि वह खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का पालन करते हुए अपना कारोबार करें, अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जाएगी। खाद्य कारोबारी जैसे खुदरा विक्रेता, थोक विक्रेता, वितरक, उत्पादक, होटल, ढाबा ,कैटरर ,फल एवं सब्जी विक्रेता, फूड सप्लीमेंट की बिक्री करने वाले, सरकारी व गैर सरकारी परिसर में संचालित कैंटीन, ठेला खुमचा संचालक आदि लाइसेंस रजिस्ट्रेशन अवश्य करवा ले ।बिना रजिस्ट्रेशन के खाद्य कारोबार करना अपराध है ।इसमें 6 माह का कारावास एवं 5 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान भी है ।उन्होंने सभी फल एवं सब्जी विक्रेताओं से आग्रह किया है कि वह जुर्माने से बचे और अपना पंजीकरण अवश्य कर ले।

### सई नदी में मिली किशोरी की लाश

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के धनेजा घाट के पास बुधवार को सई नदी में एक किशोरी की लाश मिली ।उसकी उम्र लगभग 15 है ।मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई ।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। उक्त नदी के पास स्थित नरई बाबा का मंदिर स्थित है ।लोग वहां दर्शन पूजन और नदी में नहाते है ।जहा लोग नहाते है उसी के थोड़ी देर पर नहाते समय किनारे पर एक किशोरी की लाश दिखी ।उसने शोर मचाया तो वहां मौजूद लोग लाश को देखने पहुंच गए ।नदी



में लाश मिलने की सूचना पर आस पास के काफी लोग जमा हो गए ।थानाप्रभारी सुरेन्द्र नाथ सिंह भी मय फोर्स मौके पर पहुंच गए ।उस समय तक किशोरी की शिनाख्त नही हुई थी ।पुलिस काफी सक्रिय हुई ।तब पता चला कि बगल के ही गांव परियावा शहजादपुर में मृतका की बुआ का घर है ।उसके बुआ के घर के लोगों ने जानकारी दिया कि किशोरी जलालपुर थाना क्षेत्र के बहरीपुर गांव निवासी रामजीत यादव की पुत्री अन्नू यादव है ।अन्नू यादव कक्षा नौ तथा उसकी छोटी बहन सन्नो कक्षा आठ में राजकीय विद्यालय सलखापुर में पढ़ती थी ।दोनों बहनें परियावा शहजादपुर में अपने फूफा रमेश यादव पुत्र रुस्तम यादव के घर रहकर पढ़ाई कर रही थी ।परिजनों ने बताया कि अन्नू यादव दो अप्रैल मंगलवार की भोर में लगभग साढ़े चार बजे से गायब है ।उसे माता पिता तथा बुआ के घर वाले खोजबीन में लगे थे ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।थानाप्रभारी सुरेन्द्र नाथ सिंह ने बताया कि मृतका के कही चोट का निशान नही दिख रहा है ।हालांकि मामले में सभी पहलुओं की जांच चल रही है।

### पोखरे में स्नान के दौरान डूबने से किशोर की मौत

**जन एक्सप्रेस/मिर्जापुर।** देहात कोतवाल क्षेत्र के सिरसी गहरवार गांव के एक पोखरे में मंगलवार को दोपहर में दोस्तों के साथ स्नान कर रहा एक किशोर गहरे पानी में जाने से डूब गया। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। इसके बाद वहां से सभी भाग गए। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने किशोर को पोखरे से बाहर निकलवाकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। देवखरा निवासी अरुण बिंद (15) पुत्र अजय बिंद मंगलवार को दोपहर में अपने साथियों के साथ पास के सिरसी गहरवार गांव में बने सरकारी पोखरे में स्नान करने गया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में जाने से डूबने लगा। उसके साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, परंतु असफल रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी न मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरित कर मतदान के प्रति लोगों किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा शहर के सिविल लाइन साउथ हनुमान गढ़ी के मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरित करते हुये उनकों मतदान के प्रति जागरूक किया। वितरण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोगों को मतदान एवं वोट के महत्व को बताते हुए इस बार कालोनी में शत प्रतिशत मतदान कराने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि आप सभी 19 अप्रैल 2024 को त्यौहार की तरह मनाते हुये स्वयं मतदान करें और साथ ही साथ अपने पडोसी, मित्रों, रिश्तेदारों को भी मतदान के दिन अवश्य बूथ तक ले जाये और वोट करायें।कार्यक्रम के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पुनिया, उप जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## घायल भाई की भी हुई मौत, ट्रक और ऑटो की टक्कर में बहन ने तोड़ दिया था दम

**जन एक्सप्रेस/वाराणसी।** वाराणसी के दानगंज-चोलापुर थाना क्षेत्र के पलहीपट्टी चौराहे पर हुए ट्रक और ऑटो की टक्कर में बहन के बाद भाई की भी मौत हो गई। इससे पहले बहन की मौत की हो गई थी। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मचा है। सिंधौरा थाना क्षेत्र की जाठी गांव के रहने वाले विनोद चौहान की पुत्री माधुरी चौहान (19) वर्ष बीएचयू में नर्स की परीक्षा दे रही थी। परीक्षा की अंतिम दिन उसे घर लाने के लिए उसका भाई अखिलेश चौहान (15) गया था। भाई-बहन, दोनों ऑटो में बैठकर घर लौट रहे थे। पलहीपट्टी के समीप ऑटो के सामने ट्रक आ जाने से दोनों की टक्कर हो गई। ऑटो में बैठी माधुरी बाही गिर गई और ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उसका भाई अखिलेश और ऑटो ड्राइवर रोशन (20) निवासी गड़खरा थाना सिंधौरा को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से चोलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# चैत मास अष्टमी को चैता, चहका और चौताल

* परम्परागत फाग गीतों को सुन झूमे श्रोता
* चुरावनपुर बक्शा में परम्परागत लोक संगीत समारोह सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




**नौपेड़वा।** सुरुचिपूर्ण लोक संगीत को जीवंत रखने के उद्देश्य से श्री द्वारिकाधीश लोक संस्कृति संस्थान द्वारा बक्शा विकास खण्ड के चुरावनपुर तेलीतारा गांव में मंगलवार की देर शाम लोक संगीत समारोह का आयोजन किया गया। देर रात तक चले इस फागुनी धमाल में लोग आनन्दित होते रहें। पिछले सात दशकों से यह संस्थान अनवरत जनपद के लोक कलाकारों को मंच प्रदान करता आ रहा है। विलुप्त हो रहें जनपद के फाग गीतों में फगुआ, चौताल, चहका, धमार, उलारा, बेलवइया एवं चैता आदि अवधी लोक गीतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सक्रिय है। फागुनी गीतों के विविध गायन में पण्डित श्रीपति उपाध्याय, लोक गायक सत्यनाथ पांडेय, रामआसरे तिवारी, कैलाश शुक्ल, त्रिवेणी पाठक, स्वेता, प्रियांशी, इस्माइल उस्ताद, भुट्टे अली, नजरू उस्ताद, लक्ष्मी उपाध्याय, कृष्णानन्द उपाध्याय सहित अन्य गायकों ने विंध्याचल साँकर खोरी रे भगवती, घरवन में गौरैया चहचहानी हो रामा पिया नही आये, सखियां सहेलियां भइली लरिकैया पिया नही आये झुप झुपवन बहे बयार अटरिया लम्बी छवाय द हे बालमा, रात सेजिया पे मोर झुलनी हेरानी बलमुआ, ना देबे कजरवा तोहके तू मरबे केहू के जान रे और झुलनी करि कोर कटार जुलुम करि डारे एवं उलारा फगुनवा बीता जाय मोरी गोइया आये न मोरे सईयां जैसे फागुनी गीतों को सुना कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर स्वागत करते हुए पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र ने कहा कि आज होली के नाम पर सोशल मीडिया में परम्परागत लोक गीतों के स्थान पर अश्लील गीतों का प्रदर्शन हो रहा है। संस्थान का प्रयास है कि हमारी पुरातन लोक परंपरा विलुप्त न होने पाए। लोक गायकों को वरिष्ठ विज्ञान कथाकार एवं संचारक डॉ. अरविंद मिश्र द्वारा अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन पंडित श्रीपति उपाध्याय एवं धन्यवाद ज्ञापन कौस्तुभ मिश्र द्वारा किया गया। इस दौरान लोकसभा भाजपा प्रत्याशी पूर्व गृह राज्यमंत्री महाराष्ट्र कृपाशंकर सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, डॉ. सूर्यप्रकाश सिंह मुन्ना, डॉ. ज्ञानदेव दूबे, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह राना, रवींद्र कुमार सिंह,रत्नाकर सिंह, विकेश उपाध्याय, प्रबुद्ध दुबे, आशीष सिंह आंशू, जितेंद्र मिश्र, डॉ. राजमणि मिश्र, डॉ. राजदेव दुबे, प्रो. रामनारायण, प्रो. मानस पांडेय, पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी,सभाजीत द्विवेदी प्रखर, संयुक्त निदेशक एमएल गुप्ता, देवराज पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें। आयोजन श्री द्वारिकाधीश लोक संस्कृति एवं वानस्पतिकी विकास संस्थान ने किया।

## अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़े गए आरोपी को भेंजा जेल

**जन एक्सप्रेस/हज़ारा (पूरनपुर)।** अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुरदीप सिंह उर्फ दीपा पुत्र जोगेंद्र सिंह ग्राम सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज का निवासी बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया। आरोपी को पकड़ने वाले टीम में उप निरीक्षक राकेश कुमार,कांस्टेबल सुधीर कुमार, अमित कुमार शामिल रहे।

## जी एम इंटर कालेज अमखिड़िया में हुआ कंप्यूटर लैब का उद्धघाटन

**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत के ग्राम अमखिड़िया में चल रहे शिक्षण संस्थान जी एम इंटर कॉलेज में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन हो चुका है इस साल बच्चे कंप्यूटर की शिक्षा भी जी एम इंटर कॉलेज के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे कंप्यूटर लैब का उद्घाटन करते हुए मास्टर अकील अहमद ने कहा कि हम अपने विद्यालय को ऊंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं और हमारा उद्देश्य है कि हमारे स्कूल से बच्चों को हर सुविधा मिले।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में कराई प्रार्थना, शिक्षक रहे नदारद




जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर जिले के विकास खंड सुईथाकला अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बघरवारा का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार बैश्य उस समय आश्चर्यचकित रह गए जब विद्यालय प्रांगण में छात्र छात्राएं तो मौजूद रहकर अपने गुरु जनो का मैदान में खड़ा होकर इंतजार कर रहे थे परंतु विद्यालय में तैनात पांच शिक्षको में सभी शिक्षक नदारत रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को लाइन में खड़ा करा कर प्रार्थना करवाई और स्वयं बच्चों के साथ प्रांगण में घंटों खड़े रहे और शिक्षकों का इंतजार करते रहे बाद में पहुंचे अध्यापकों ने विद्यालय का ताला खोला तो बच्चे अपने-अपने क्लास में जाकर बैठे खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों की इस रवैये पर अफसोस जताया है और कार्रवाई की बात कही

> "आकस्मिक जांच में अध्यापक विद्यालय में मौजूद नहीं मिले हैं जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। नोटिस का जवाब आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।
> -राजेश कुमार बैश्य
> खंड शिक्षा अधिकारी सुईथाकला जौनपुर

वही दूसरी ओर विकास खंड के ए.आर.पी. ने प्राथमिक विद्यालय सूरापुर का निरीक्षण किया तो चार अध्यापको में मात्र तीन अध्यापक मौजूद रहे एक अध्यापक लापता रहे वहीं एश आर श्पी श मनोज सिंह ने प्राथमिक विद्यालय जमौली का आकस्मिक निरीक्षण किया जहां पांच अध्यापकों में से दो अध्यापक ही मौजूद रहे तीन लोग लापता रहे। यदि परिषदीय विद्यालयों का यही हाल रहा तो योगी मोदी की सरकार में भारत के भविष्य नौनिहालों का क्या हाल होगा।

# सेना में लेफ्टिनेंट बन अमय ने साकार किया सपना, लोगों में हर्ष

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**सुइथाकला।** क्षेत्र का असैथा पट्टी बलजोर निवासी व पुलिस में निरीक्षक अखिलेश चन्द्र पाण्डेय का बेटा अमय सेना में लेफ्टिनेंट बन अपने सपने को साकार किया।इसकी जानकारी होते ही परिजनों समेत क्षेत्रीय लोगों में हर्ष का माहौल छा गया। लोग बधाई देते नजर आए। उक्त गांव निवासी अमय कुमार पाण्डेय बचपन से ही सेना में अधिकारी बनने के संजोए सपने को अपनी कड़ी मेहनत के बदौलत मंगलवार जारी एनडीए 2023 की परीक्षा परिणाम में 164वीं रैंक लाकर लेफ्टिनेंट बन अपने सपने को साकार कर लिया ।बता दें कि उन्नाव जनपद में बतौर पुलिस निरीक्षक के पद पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अमय के पिता अखिलेश चन्द्र पाण्डेय परिवार समेत लखनऊ में पत्नी श्रृष्टि पाण्डेय की देखरेख में रखकर बच्चों की शिक्षा दीक्षा करा रहे थे। वहां सीटी मांटेसरी से इण्टर तक की शिक्षा दीक्षा प्राप्त कर अमय उक्त पद के लिए 2023में एनडीए की परीक्षा दिए थे।इस बाबत उन्होंने पिता से प्रेरणा लेकर बचपन से ही अधिकारी बनना अपना सपना बताया। सफलता के पीछे माता पिता और गुरूजनो के अलावा शिक्षण कार्य कर रहे बड़े पिता ब्रह्मदेव पाण्डेय, जनार्दन पाण्डेय व चाचा दीपक पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया। सबके बावजूद उन्होंने युवाओं के लिए कड़ी मेहनत और लगन का सन्देश दिया।उनकी इस सफलता पर परिजनों समेत क्षेत्रीय लोगों में हर्ष का माहौल छा गया लोग मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने लॉन्च किया घर-घर गारंटी अभियान, करोड़ों घरों तक पहुंचेंगे पार्टी कार्यकर्ता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता देश के करोड़ों घरों तक पहुंचेंगे और जनता को कांग्रेस की गारंटियों के बारे में जानकारी देंगे। मल्लिकार्जुन खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के उस्मानपुर काठियावाड़ा में आयोजित हुए एक कार्यक्रम में घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत की। पार्टी का यह अभियान 'पांच न्याय' और '25 गारंटी' पर आधारित है।



### 'लोकतंत्र-संविधान की रक्षा चाहती है जनता'

उन्होंने आगे कहा कि स्वाधीनता आंदोलन में न तो भाजपा और नहीं आरएसएस ने कोई योगदान दिया। हम उन लोगों को बताना चाहते हैं कि जनता लोकतंत्र चाहती है और संविधान की रक्षा करना चाहती है। खरगे ने कहा, कांग्रेस अपनी पांच न्याय गारंटी तक पहुंचाने के लिए गारंटी कार्ड बांट रही है। हम इस पहल को देशभर के आठ करोड़ परिवारों तक ले जाना चाहते हैं। कांग्रेस के सभी नेता और कार्यकर्ता देशभर में घर-घर जाकर यह कार्ड बांटेंगे और लोगों को बताएंगे कि हमारी गठबंधन सरकार सत्ता में आने पर क्या करेगी। खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के उस्मानपुर, कैथवाड़ा से घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत की और कांग्रेस की 'पांच न्याय गारंटी' के पर्चे बांटे।

### करोड़ों घर पहुंचेंगे पार्टी कार्यकर्ता: खरगे

घर-घर अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच न्याय और 25 गारंटी वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे। कांग्रेस का लक्ष्य आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का है। अभियान की शुरुआत करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि गारंटी के कार्ड हमारे लोग घर-घर बाटेंगे और हम लोगों को बताएंगे कि हमारी सरकार आने के बाद हम क्या क्या करेंगे। खरगे ने कहा कि हम गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार हमेशा लोगों के लिए काम करेगी। पीएम मोदी, मोदी की गारंटी की बात करते हैं, लेकिन उनकी गारंटी कभी लोगों तक नहीं पहुंची। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी ने दो करोड़ नौकरियां हर साल देने का वादा किया था, लेकिन लोगों को वो नहीं मिलीं। कांग्रेस की पंच न्याय में युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय शामिल हैं।

### जनता के लिए काम करती रहेगी कांग्रेस: खरगे

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह गौर करना जरूरी है कि घर-घर गारंटी की शुरुआत ऐसी जगह से की जा रही है, जहां से कांग्रेस ने 1978 में पहली बार हाथ के चुनाव चिह्न का इस्तेमाल किया था। दिलचस्प बात यह है कि इस बार कांग्रेस का प्रचार टैगलाइन (हाथ बदलेगा हालात) भी उसके चुनाव चिह्न के आसपास केंद्रित है। खरगे ने कहा, हमारी सरकार ने हमेशा लोगों के लिए काम किया है और हमेशा करती रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी गारंटी की बात करते हैं, लेकिन उनकी गारंटी असफल है और लोगों तक नहीं पहुंचती है।

### 'विपक्षी दलों को डराना चाहती है सरकार'

आयकर के कांग्रेस को नोटिस के मुद्दे पर खरगे ने कहा, यह सरकार विपक्षी दलों को डराना चाहती है। इसने हमारे खातों को फ्रीज कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में दखल दिया है। आयकर विभाग ने हमारे फंड से 135 करोड़ रुपये लिए। क्या लोकतंत्र में इस तरह से निष्पक्ष चुनाव हो सकते हैं? क्या समान अवसर नहीं होने चाहिए?

### किसानों को नहीं दी एमएसपी की कानूनी गारंटी

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी ने एक साल में दो करोड़ नौकरियां पैदा करने का वादा किया था। लेकिन लोगों को कभी भी वह नौकरियां देखने को नहीं मिलीं। खरगे ने कहा कि वह यह नहीं समझ पा रहे हैं कि लोग इस तरह के प्रचार को क्यों प्रोत्साहित करते हैं और झूठ बोलने वालों को वोट क्यों देते हैं। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने किसानों की आयोद दोगुनी करने और फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी देने की बात की, लेकिन उन वादों का सम्मान नहीं किया। उन्होंने कहा, हम देश को बताना चाहते हैं कि कि हम जो भी वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे कांग्रेस की सरकारों ने अतीत में मनरेगा, सूचना का अधिकार (आरटीआई), भोजना का अधिकार और शिक्षा जैसे कार्यक्रमों की गारंटी दी, जबकि कांग्रेस ने इनका वादा भी नहीं किया था।

**कांग्रेस ने किए हैं ये वादे:** युवा न्याय के तहत कांग्रेस पार्टी ने 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं के एक साल के लिए ट्रेनी कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा किया है। हिस्सेदारी न्याय के तहत पार्टी जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा खत्म करने की गारंटी दी है। किसान न्याय के तहत किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने, कर्ज माफी के लिए आयोग के गठन और जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है। श्रमिक न्याय में पार्टी मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार, न्यूनतम मजदूरी जैसे वादे शामिल हैं। कांग्रेस पार्टी 5 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।

# ओलिंपियन बॉक्सर विजेंदर सिंह कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल

## बोले, लोगों की भलाई के लिए जुड़ा, 2019 में लोकसभा चुनाव हार गए थे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

हरियाणा के भिवानी में रहने वाले ओलिंपियन बॉक्सर विजेंदर सिंह बुधवार को कांग्रेस को छोड़ बीजेपी में शामिल हो गए। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ली। विजेंदर 2019 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें साउथ दिल्ली से लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया था, लेकिन वे हार गए थे। विजेंदर जाट समुदाय से आते हैं। ऐसे में वे लोकसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी, राजस्थान और हरियाणा की सीटों पर असर डाल सकते हैं। उन्होंने 2008 बीजिंग ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। एशियन गेम्स में उन्होंने गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। भाजपा में शामिल होने के बाद विजेंदर ने कहा- मैं विकास और देश की तरक्की के लिए भाजपा से जुड़ा हूं। मैं चाहता हूं कि लोगों का भला कर सकूं। हरियाणा में सबसे ज्यादा 22.2 प्रतिशत जाट वोटर हैं। विजेंदर सिंह जाट हैं, ऐसे में भाजपा उन्हें लोकसभा चुनाव में हरियाणा में पार्टी प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के दौरान प्रमुख चेहरा बना सकती है। हालांकि भाजपा हरियाणा में 2014 से नॉन जाट की राजनीति कर रही है। 2014 में जब भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ आई थी तब भी पार्टी ने पंजाब समुदाय से आने वाले मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया था। इसके बाद फिर जजपा के सहयोग से 2019 में पार्टी सत्ता में आई तो फिर से नॉन जाट चेहरे मनोहर लाल को ही मुख्यमंत्री बनाया गया।

### बॉलीवुड में भी रहे एक्टिव

विजेंदर सिंह ने एक्टर के रूप में बॉलीवुड में अपनी शुरुआत 13 जून 2014 को रिलीज हुई फिल्म फगली से की थी। फिल्म का निर्माण ग्रेजिंग गोट प्रोडक्शंस द्वारा किया गया है, जिसके मालिक अक्षय कुमार और अश्विनी यार्डी हैं। हालांकि उनकी इस फिल्म को औसत से ऊपर रिव्यू मिले थे। इससे पहले 2011 में दक्षिण भारतीय डायरेक्टर आनंद द्वारा बनाई जाने वाली एक फिल्म को लेकर भी चर्चा शुरू हुई थी।

### मैंने हमेशा गलत को गलत और सही को सही कहा: विजेंदर

हरियाणा के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर पूछे गए सवाल पर विजेंदर सिंह ने कहा कि मैंने हमेशा गलत को गलत और सही को सही कहा है। मैं भाजपा में शामिल होकर बहुत सारे खिलाड़ियों का भला करूंगा। कांग्रेस में क्या कमी है कि आप भाजपा में शामिल हो गए, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि ये तो कांग्रेस वाले बताएंगे कि उनमें क्या कमी है। मैं तो अब बीजेपी में शामिल हो गया हूं।

### 2024 में भिवानी से चुनाव लड़ने का ऐलान किया था

विजेंदर ने 2024 में हरियाणा के भिवानी से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। हालांकि उन्होंने इस ऐलान के साथ ही कहा था कि यह फैसला पार्टी करेगी। विजेंदर ने किसान आंदोलन का भी समर्थन किया था। कुछ समय पहले विजेंदर के आम आदमी पार्टी में भी शामिल होने की चर्चा शुरू हुई थी।

# अफगानिस्तान में आतंकवाद का नेटवर्क चिंता का विषय: अजीत डोभाल





जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की सुरक्षा परिषदों के सचिवों की 19वीं बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता कजाकिस्तान कर रहा है। इसमें ईरान पहली बार एससीओ में पूर्ण सदस्य के रूप में भाग ले रहा है। भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बैठक में हिस्सा लिया। अपनी यात्रा के दौरान एसएसए अजीत डोभाल ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्ट तोकायेव से भी मुलाकात की।

### रूस में हुए आतंकी हमले की कड़ी करते हैं: अजीत डोभाल

एससीओ की सुरक्षा परिषद के सचिवों की 19वीं बैठक में अपने संबोधन के दौरान अजीत डोभाल ने 22 मार्च मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है और घटना के पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। बैठक में अजीत डोभाल ने रूसी एनएसए पत्रुशेव को आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए रूसी सरकार और लोगों के साथ भारत की एकजुटता से अवगत कराया है।

### आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो: अजीत डोभाल

बैठक में एनएसए अजीत डोभाल ने बताया कि सीमा पर आतंकवाद समेत किसी भी व्यक्ति द्वारा कहीं भी और किसी भी उद्देश्य से किया गया आतंक का कोई भी कृत्य उचित नहीं है। सीमा पार आतंकवाद में शामिल लोगों समेत आतंकवाद के अपराधियों से प्रभावी ढंग से और शीघ्रता से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने दोहरे मानदंडों से दूर रहने और उन लोगों को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जो आतंकवाद के प्रायोजक, वित्तपोषक और मददगार हैं।

एससीओ की सुरक्षा परिषद के सचिवों की 19वीं बैठक में एनएसए अजीत डोभाल ने अफगानिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क की निरंतर मौजूदगी समेत सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के निकटवर्ती पड़ोसी के तौर पर भारत के अफगानिस्तान में वैध सुरक्षा और आर्थिक हित हैं

# ताइवान में 25 साल का सबसे तेज भूकंप, 9 की मौत, 930 घायल





जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ताइपे/टोक्यो

ताइवान में बुधवार को 7.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके जापान और फिलीपींस तक महसूस किए गए। ताइवान के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, 9 लोगों की मौत हुई है। 930 से ज्यादा लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़े बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, भारत ने ताइवान में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इंडिया ताइपे एसोसिएशन ने इमरजेंसी नंबर और ई-मेल आईडी जारी की है। ये इस तरह है = 0905247906 और ad.ita@mea.gov.in। ताइवान में करीब 5 हजार भारतीय रहते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक भूकंप ईस्ट ताइवान के हुलिएन शहर में आया। इसका केंद्र धरती से 34 किलोमीटर नीचे था। भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5:30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। कई इमारतें जमींदोज हो गईं, लैंड स्लाइड भी हुई है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, ताइवान में 100 से ज्यादा आफ्टरशॉक आए हैं। वहीं, ताइवानी सेंट्रल वेदर ब्यूरो के मुताबिक, यह ताइवान में 25 साल में आने वाला सबसे तेज तीव्रता वाला भूकंप है। इसके पहले 1999 में 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था। तब 2 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

### 91 हजार घरों में बिजली नहीं

ताइवानी मीडिया के मुताबिक, भूकंप के बाद ताइवान के 91 हजार से ज्यादा घरों में बिजली नहीं है। भूकंप से तारों और पावर प्लांट को नुकसान पहुंचा है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी भूकंप से सबसे ज्यादा नुकसान राजधानी ताइपे और हुलिएन शहर में हुआ। यहां 26 इमारतों को नुकसान पहुंचा। कई इमारतों में लोग अब भी फंसे हुए हैं। कई लोग मलबे में भी दबे हैं। इन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### जापान-फिलीपींस ने सुनामी अलर्ट हटाया

भूकंप के बाद ताइवान, जापान और फिलीपींस ने सुनामी का अलर्ट जारी किया था। जापान के मौसम विभाग ने समुद्र में 3 मीटर यानी करीब 10 फीट तक की लहरें उठने का अनुमान जताया था। हालांकि, जापान और फिलीपींस ने अब सुनामी अलर्ट हटा दिया है।

### चीन मदद भेजने को तैयार

जापान और चीन, ताइवान को मदद देने के लिए तैयार हैं। चीनी मीडिया के मुताबिक, चीन में ताइवान मामलों पर नजर रखने वाले ऑफिस ने कहा कि वो भूकंप से हुए नुकसान से चिंतित है और ताइवान में मदद भेजने को तैयार है। चीन, ताइवान को अपना हिस्सा बताता है। वहीं, ताइवान अपने आपको स्वतंत्र कहता है।

### 120 लोग फंसे

ताइवान की नेशनल फायर एजेंसी के मुताबिक, भूकंप के बाद 120 लोगों के फंसे होने की खबर मिली। इनमें से 77 लोग टनल में फंसे हैं। जगह-जगह टनल के हिस्से टूटने की वजह से रास्ते बंद हो गए हैं। इन्हें बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### 100 से ज्यादा आफ्टरशॉक आए

ताइवान के सेंट्रल इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के मुताबिक, ताइवान में पिछले 6 घंटों में (भारतीय समय के मुताबिक, सुबह 5:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक) 100 से ज्यादा आफ्टरशॉक्स आए हैं। इनमें से सबसे तेज 6.5 तीव्रता का आफ्टरशॉक भी आया।

### मरीजों तक नहीं पहुंच पा रहे डॉक्टर

जापान में भूकंप से कई लोगों के घायल होने की खबर है। इन लोगों को इलाज मिलना मुश्किल हो रहा है। इसकी वजह ये है कि भूकंप की वजह से ज्यादातर सड़कें टूट चुकी हैं और डॉक्टर्स प्रभावित जगहों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### फ्लाइट्स कैंसल की गईं

भूकंप का सबसे ज्यादा असर जापान के ओकिनावा प्रांत में देखने को मिला। यहां आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स कैंसल कर दी गई हैं। ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री ने कहा कि एहतियात के तौर पर सभी फ्लाइट्स कैंसल की गई हैं।

# मोदी की गारंटी चाइनीज माल की तरह, एक-दो बार इस्तेमाल के बाद बेकार हो जाएगा: तेजस्वी यादव



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सबसे ज्यादा चर्चा में रहे पूर्णिया लोकसभा सीट से महागठबंधन की प्रत्याशी बीमा भारती ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर ही दिया। कांग्रेस की पारंपरिक सीट को अपने पाले में कर पप्पू यादव को बेटिकट करने वाले राष्ट्रीय जनता दल की ओर पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में बुधवार दोपहर जनसभा की गई। इसमें स्टार प्रचारक के तौर पर नेता प्रतिपक्ष और लालू प्रसाद के छोटे बेटे तेजस्वी यादव शामिल हुए। तेजस्वी ने अपनी पार्टी की प्रत्याशी बीमा भारती के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि पूर्णिया की महान जनता अपनी बेटी बीमा भारती को आशीर्वाद जरूर देगी। इसका मुझे भरोसा है। तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि कहा कि मोदी जी आएंगे और कहेंगे मोदी की गारंटी। लेकिन, मोदी जी की गारंटी चाइनीज माल की तरह है। एक दो बार इस्तेमाल कीजिएगा फिर बेकार हो जाएगा। वह केवल चुनाव भर ही गारंटी लेंगे। अरे मोदी जी आप एक बार मेरे चाचा की गारंटी लेकर दिखाइए। उनकी गारंटी है या नहीं यह बताइए। वह कब पलटेंगे पता नहीं।

### राजद माय के साथ बाप की भी पार्टी है: तेजस्वी यादव

तेजस्वी यादव ने कहा कि अति पिछड़ा समाज से आतीं हैं और बहादुर महिला हैं। सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि आज के दौर में अच्छे से अच्छे लोग पलट जाते हैं। हमारे चाचा भी पलट गए। हमारे चाचा को हाईजैक कर लिया गया। लेकिन, बीमा भारती ने डरने का काम नहीं किया। समाजवादी विचारधारा के साथ रहीं। अन्याय के खिलाफ इन्होंने लड़ाई लड़ी। इनके पति और 18 साल बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोगों की पार्टी सबको साथ लेकर चलती है। लालू जी ने भगवतिया देवी को सांसद बनाया। तेजस्वी यादव ने फिर दोहराया कि राजद माय के साथ बाप की भी पार्टी है। ब से बहुजन और पी से पुअर यानी गरीब। राजद सबकी पार्टी है।

### लालू जी ने सांप्रदायिक शक्तियों के आगे घुटना नहीं टेका

तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा से लड़ाई लड़ने के लिए आप सबलोग का साथ दिया। यही पूर्णिया की धरती पर पीएम नरेंद्र मोदी आए थे 2014 में। कसम खाकर कहा था कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि पूर्णिया की जनता ने तीन बार से एनडीए के प्रत्याशी को जिताया। लेकिन, दिल पर हाथ रखकर सच बताइए कि इन 15 साल में जदयू और भाजपा के सांसद ने क्या किया। भाजपा और जदयू के विधायक हैं। क्या कोई कारखाना लगा? तेजस्वी ने कहा कि पूर्णिया के लोगों को पलायन, बेरोजगारी और गरीबी मिला। आज हमलोग सवाल पूछते हैं तो मोदी जी ईडी और सीबीआई को भेज देते हैं। हमलोग डरने वाले नहीं हैं। लालू जी ने सांप्रदायिक शक्तियों के आगे घुटना नहीं टेका।

### सीमांचल में बहुत लोग वोट काटने का काम करेगा

तेजस्वी यादव ने कहा कि 17 महीने में हमलोगों ने पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी। क्या भाजपा ने 10 साल में पांच लाख से ज्यादा नौकरी पूरे देश में भी दी? आपका बेटा बिहार में आया तो 17 महीने में पांच लाख लोगों को नौकरी दी। पूछिए अपने सांसद और मोदी जी से। जरा हिसाब लीजिए एनडीए वालों से। जब 17 महीने में इतना काम कर सकते हैं तो सोचिए आगे आपलोग मौका दीजिएगा तो कितना काम होगा। इसलिए आप लोगों को न्याय करना है। तेजस्वी यादव ने कहा कि सीमांचल में बहुत लोग वोट काटने का काम करेगा। बांटने का काम करेगा। लेकिन, इनके जाल में फंसना नहीं है। आप लोग भटकटिएगा मत। एकजुट रहना है। कोई हैदराबाद से आएगा तो दिल्ली से। लेकिन आप लोग एकजुट रहिएगा।

# जोरदार धमाके से सहम उठे कुल्लू वासी, घरों में हुई कंपन, बाहर आए लोग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कुल्लू



हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू में दोपहर बाद करीब 2:00 बजे के आसपास एक जोरदार धमाका हुआ। धमाका जिला मुख्यालय के साथ भुंतर, मौहल, खराहल सहित पूरे इलाके में सुनाई दिया। धमाका इतना तेज था कि लोगों के घर तक हिल गए। ऐसे में कई लोग अपने घर से भी बाहर निकल आए। दहशत के बीच लोगों को इस धमाके का कोई पता नहीं लग पाया। घाटी के लोग इधर-उधर फोन कर इस बारे एक-दूसरे से जानकारी लेते रहे। वहीं सुरक्षा एजेंसियां भी इसका पता लगाने में जुट गई हैं। चर्चा है कि जब धमाका किसी सुपरसोनिक लड़ाकू विमान की वजह से हुआ। सुपरसोनिक लड़ाकू विमान जब ध्वनि की गति से तेज उड़ता है तो उसकी अधिकतम गति से हवा में विस्फोट होता है। एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने कहा कि एयरफोर्स का अभ्यास चल रहा है। इस कारण फाइटर जेट के उड़ने से यह धमाका हुआ है। दरअसल, जब कोई चीज आवाज की रफ्तार से तेज गति से गुजरती है तो विस्फोट जैसी आवाज आती है। इस आवाज को ही सोनिक बूम कहा जाता है। सोनिक बूम से बड़ी मात्रा में ध्वनि ऊर्जा पैदा होती है। दरअसल, जब हवाई जहाज आवाज से भी तेज रफ्तार से चलते हैं। इसे सुपरसोनिक स्पीड कहा जाता है। विमान हवा में चलते समय ध्वनि तरंगें पैदा करता है। जब विमान ध्वनि की रफ्तार से कम गति से चलता है तो कोई खास फर्क नहीं पड़ता। लेकिन जब विमान ध्वनि की रफ्तार से तेज चलता है तो यह सोनिक बूम पैदा करता है। बड़ी मात्रा में ध्वनि ऊर्जा पैदा होती है। इस स्थिति में विमान के आने से पहले कोई आवाज नहीं सुनाई देती लेकिन विमान के गुजरने के बाद ही इस तरह की आवाज का अहसास होता है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद गोवा में आप नेताओं में डर, भाजपा ही एकमात्र विकल्प: प्रमोद सावंत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पणजी

देश में लोकसभा चुनावों की सरगर्मी के बीच दिल्ली का आबकारी नीति घोटाला खूब चर्चाओं में है। इस मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से जहां विपक्ष इसे गलत ठहराते हुए भाजपा पर निशाना साध रहा है, वहीं दूसरी ओर सत्ताधारी पार्टी के नेता आम आदमी पार्टी और उसके सहयोगी दलों को भ्रष्टाचार के मामलों में आईना दिखा रहे हैं। इस बीच, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने दावा किया है कि इस मामले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से राज्य आप के नेता डरे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आबकारी नीति घोटाले से आप ने पैसा कमाया है और अब जब उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है तब उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि इसका क्या किया जाए। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में आप आदमी पार्टी के नेताओं को शराब नीति घोटाले से पैसा मिला।

# सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार नीत एनसीपी से मांगा 19 मार्च के बाद जारी विज्ञापनों का ब्योरा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से उसके आदेश के बाद अखबारों में दिए गए विज्ञापनों का ब्योरा देने को कहा है। दरअसल, अदालत ने निर्देश दिया था कि एनसीपी अपने सभी विज्ञापनों में यह डिस्क्लेमर जरूरी देगी कि घड़ी चिह्न का उपयोग एक विचाराधीन मामला है। इसी को लेकर शरद पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उसने आरोप लगाया कि अजित पवार गुट (जिसे अब भारत के चुनाव आयोग द्वारा आधिकारिक तौर पर एनसीपी के रूप में मान्यता दी गई) ने अनुपालन नहीं किया। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने अजित पवार गुट से यह दिखाने के लिए कहा कि 19 मार्च के कोर्ट के आदेश के बाद कितने विज्ञापन प्रकाशित किए गए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)